ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025

वर्ष 3, अंक 295, पृष्ठ 14+4

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12

जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

### संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

## राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

# किसानों से संवाद नई क्रांति : योगी

### लैब से लैंड योजना : विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया किसानों से संवाद

- योगी बोले-खेती प्रधानमंत्री के शीर्ष एजेंडे में शामिल, फसलों का किया हवाई सर्वेक्षण

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



औरैया जिले में कार्यक्रम के दौरान एक बच्चे को अन्नप्रासन कराते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** लैब, आईसीआर, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार लैंड पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य लैब से लैंड तक जाना है। कृषि वैज्ञानिक लैंड पर जाएंगे और किसानों से संवाद करेंगे। यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। लैब में जो भी काम हो रहे हैं, वह धरातल पर दिखना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कस्बे के जनता महाविद्यालय में रविवार को जनसभा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो विजन दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। कृषि के माध्यम से लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाया जा सकता है, इस पर कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, औद्यानिक फसल, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी देंगे। इस पहल के तहत वैज्ञानिक क्लाइमेटिक जोन को देखेंगे और किसानों को बीज व वैरायटी का प्रोडक्शन पर असर की जानकारी भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 वर्ष के अंदर यूपी में डबल इंजन सरकार ने किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के अभियान को अपने हाथों में लिया है। यूपी में कृषि के लिए बहुत स्कोप है। सीएम ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनके सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाया था। किसान को बीज, एमएसपी का दाम, समय पर खाद्य, खेत के लिए पानी, तकनीक, स्वायल हेल्थ की व्यवस्था नहीं थी। लागत कम और अधिक उत्पादन पर जोर नहीं था। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पीएम मोदी के शीर्ष एजेंडे में है। देश में 11 वर्ष के अंदर खेती-किसानी के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है।

### कृषि संबंधी योजनाओं से अन्नदाताओं की जीवनशैली में आ रहा बदलाव

उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड का अभियान चलाया। किसानों को पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, एमएसपी, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। यह अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन का परिणाम है। कहा कि पिछली सरकार यूपी में कृषि विज्ञान को लागू नहीं करना चाहती थी, लेकिन जैसे ही सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री बने, 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र लाने में सफलता प्राप्त की। आज 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। जो नई तकनीक और बीज की जानकारी दे रहे हैं।

### शोध के केंद्र के रूप में उभरे कृषि विवि

कृषि विवि भी इनोवेशन और कृषि के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। उनकी नई गति प्रदेश की प्रगति में सहायक हो रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसान अपनी आय को बढ़ा रहा है। वर्ष 2017 के पहले सुनने को मिलता था कि किसान को पर्ची नहीं मिली तो उसने खेत में आग लगा दी। किसान को वर्षों से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होता था। वह मजबूर होकर फसल में आग लगा देता था। किसान का आक्रोश सरकार की स्थिति को बयां कर देता था। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ स्थानीय विधायक और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मणिपुर में कई जिलों में कर्फ्यू पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

### राज्य में एटी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके, झड़पों में 10 जख्मी

इंफाल, एजेंसी



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। ● एजेंसी

मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए और अब तक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के इंदिरानगर बी-ब्लॉक में हुई घटना, 15 वर्ष से थे डिप्रेशन में

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस मंगला प्रसाद मिश्रा के पुत्र सुधाकांत मिश्रा (59) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर के मुताबिक इंदिरानगर बी-ब्लॉक के निवासी सुधाकांत मिश्रा (59) सूडा में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। उनके बेटे कार्तिकेय मिश्र ने बताया कि 15 वर्ष से पिता डिप्रेशन में थे। इलाज चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक शनिवार रात कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने चले गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता सुधाकांत थे। देर रात घर लौटे तो पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। मां-बेटे ने कई आवाजें लगाई, लेकिन जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांका तो सुधाकांत बिजली के केबल से बने फंदे के सहारे पंखे से लटक रहे थे। दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय ने उन्हें फंदे से उतारा और निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव घर लाने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक सुधाकांत चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पाठकों को सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर शनिवार (7 जून) को अयोध्या व लखनऊ कार्यालय बंद थे। अत: रविवार को छपने वाला "लोक दर्पण" आज के अंक के साथ दिया जा रहा है।

-संपादक

## 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



राम मंदिर में प्रथम तल पर गर्भगृह में स्थापित राम दरबार।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।

## विपक्ष के नेता निर्वाचन आयोग को सीधे भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है।

## सरकारी जमीन पर कब्जा जारी नहीं रख सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

## चलने-फिरने में लाचार माइलो अब फिर अपने पैरों पर दौड़ रहा

### रचा इतिहास : आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से कुत्ते के कूल्हे का किया सफल प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डॉ. रोहित कुमार और टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन से हासिल की सफलता
- वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए लगभग 3 वर्षों तक किया था अध्ययन



**अमृत विचार :** भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से लेब्राडोर प्रजाति के कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण किया। इसके चलते खटीमा के युगल का चलने-फिरने में लाचार हो चुका लेब्राडोर प्रजाति का कुत्ता माइलो एक बार फिर अपने पैरों पर पर दौड़ने लगा है।

आईवीआरआई के वैज्ञानिक डिस्लोकेटेड हिप को रिप्लेस करने के लिए आर्टिफिशियल हिप बनाने पर करीब तीन साल से काम कर रहे थे। वैज्ञानिकों की सलाह पर युगल ने माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण पर सहमति जताई। करीब एक घंटे तक चली शल्य प्रक्रिया के दौरान पॉलीइथाइलीन नामक पदार्थ से ज्वाइंट बनाकर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ऑपरेशन के तीन दिन बाद ही माइलो चलने-दौड़ने लगा। खटीमा निवासी युगल के अनुसार बाहर घूमाने के दौरान माइलो का पैर अचानक गड्ढे में आ जाने से वह लड़खड़ाने लगा।

अधिक दर्द होने की स्थिति में माइलो को पहले पंतनगर ले गए। पंतनगर में वेटेनरी डॉक्टर ने एक्सरे व अन्य जांच रिपोर्ट के आधार पर बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट हो गया है। वेटेनरी डॉक्टर ने ही बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के लिए रेफर किया। माइलो को आईवीआरआई लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम ने करीब साढ़े चार घंटे के जटिल ऑपरेशन के बाद माइलो का कूल्हा प्रत्यारोपण सफलता से पूरा किया। अब माइलो पूरी तरह स्वस्थ है। संस्थान के शल्य विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि माइलो का हिप डिस्लोकेट होने से हिप ज्वाइंट, कैप्सूल से बाहर आ गया था। इससे माइलो की फीमर हड्डी एसीटाबुलम कैवटी से बाहर आ गई। इससे चलने-फिरने में लाचार हो गया था। जटिल ऑपरेशन के दौरान खराब कैप्सूल को निकालकर फीमर हड्डी के लिए उसी आकार की पॉलीइथाइलीन कैवटी बनाकर उसे माइलो के शरीर में प्रत्यारोपित किया गया।

डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि पहला प्रत्यारोपण माइलो में सफल होने के बाद अब तक दो अन्य कुत्तों में भी प्रत्यारोपण किया गया। एक बरेली निवासी के लेब्राडोर प्रजाति में किया गया, जबकि दूसरा प्रत्यारोपण संभल पुलिस के जर्मन शेफर्ड प्रजाति के कुत्ते में किया गया है।

### विदेश में खर्चा 5 लाख, स्वदेशी तकनीक में 30 हजार

विदेशों में कुत्तों के कूल्हे के प्रत्यारोपण पर करीब पांच लाख रुपये का खर्चा आता है। माइलो के कूल्हा प्रत्यारोपण में करीब 30 हजार रुपये का खर्चा आया। डॉ. रोहित ने बताया कि ये स्वदेशी तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित और किफायती है। बाजार में आने के बाद भी इसका खर्च 30-40 हजार रुपये तक हो सकता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# रात भर गुल रही आधी रामनगरी की बिजली, श्रद्धालु परेशान

## बंद रहे बिजली दफ्तर के फोन, करीब 12 घंटे बाद बहाल हुई बिजली | पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से हनुमान गुफा पर कटी 11 हजार की केबल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्यावासियों व यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शनिवार-रविवार की रात भारी पड़ी। पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के चलते हनुमान गुफा के पास 11 हजार लाइन की केबल कटने के चलते राम की पैड़ी फीडर से जुड़े इलाकों में रात में बिजली गुल हो गई, जो करीब 12 घंटे बाद सुबह 12 बजे बहाल हो सकी। इसके चलते अयोध्यावासी व करीब 300 होम स्टे, गेस्ट हाउस, धर्मशाला में ठहरे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कहीं-कहीं नोकझोंक भी हुई।

शनिवार की रात 10 बजे से ही अयोध्या के आधे इलाके में बिजली के आने जाने का क्रम शुरू हुआ। रात करीब 12 बजे राम की पैड़ी फीडर से जुड़े इलाके नयाघाट, रामघाट, रायगंज, प्रमोद वन, मणिराम दास जी की छावनी, बासुदेव घाट, रानी बाजार, अहिराना, खाले का पुरवा, वनवारी का पुरवा समेत कुछ अन्य इलाकों में रहने वाली करीब 20 हजार की आबादी अंधेरे में डूब गई। इन इलाकों में 300 के करीब होम स्टे, गेस्ट हाउस, धर्मशाला व होटल भी हैं, इनमें भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु ठहरे हुए थे, इन सभी को रात भीषण गर्मी के बीच गुजारनी पड़ी। भोर होते-होते घरों आदि के इन्वर्टर भी बंद हो गए, इसके चलते सुबह पानी के भीषण संकट का सामना करना पड़ा।



> रात में हनुमान गुफा के पास पीडब्लयूडी द्वारा किए जा रहे सरकारी कार्य के चलते 11 हजार की अंडरग्राउंड केबल क्षतिग्रस्त हो गई। रात भर इसे ठीक करने का प्रयास किया जाता रहा। सुबह करीब 12 बजे फाल्ट ठीक कराकर बिजी आपूर्ति बहाल की गई। – नवनीत सिंह, एसडीओ, अयोध्या

अयोध्या निवासी आलोक निगम, सनक गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, प्रदीप, मनोज वर्मा, जेपी पाठक, विनीत गुप्ता आदि ने बताया कि रात भर बिजली दफ्तर के फोन घुमाते रहे लेकिन पहले उठा नहीं, बाद में स्विच ऑफ हो गया। बताया कि इस भीषण गर्मी में लोगों ने रात छतों या कॉलोनियों में घूमकर बिताई। सुबह पानी न मिलने के कारण दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हुई।

## एक नजर

### दिव्यांगों के हित में सौंपा ज्ञापन

**शुजागंज, अमृत विचार :** विकलांग कल्याण समिति की ओर से अध्यक्ष विधि चंद्र यादव ने विधायक राम चंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिव्यांगजनों के हित में कई मांगें की गई हैं। इनमें अन्त्योदय राशन कार्ड दिलाए जाने, मनरेगा में रोजगार दिलाने, आयुष्मान कार्ड, रुदौली में कैम्प लगवाकर विकलांग प्रमाण पत्र बनने, आवास प्रदान करवाने, कृत्रिम अंग उपकरण वितरित कराने की मांग की। विधायक ने आश्वासन दिया है।

### आईएमए कल करेगा विशाल भंडारे का आयोजन

**अयोध्या :** ज्येष्ठ माह के अंतिम और पांचवें मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) अयोध्या द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह भंडारा देवकाली तिराहे पर आयोजित होगा। इस आयोजन का नेतृत्व आईएमए अयोध्या के अध्यक्ष डॉ. आरके बनौधा और सेक्रेटरी डॉ. प्रवीण मौर्य करेंगे, जो इस धार्मिक और सामाजिक पहल को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर तैयारियों में जुटे हैं। डॉ. प्रवीण मौर्य ने बताया कि यह भंडारा हनुमान जी को समर्पित होगा।



गर्म हवाओं के चलते नमी के स्तर में आई कमी



तेज धूप के बीच सिर पर दुपट्टा रखकर जाती युवती।

### हवाओं का साथ मिला तो समय पर पहुंचेगा मानसून

मौसम वैज्ञानिक का मानना है कि यदि हवाओं का रुख अनुकूल रहा, तो दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने तय समय, यानी 20 जून के आसपास उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। उससे कुछ दिन पूर्व प्री-मानसून बारिश से तापमान में कमी और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। यह बारिश खेती-किसानी के लिए भी लाभकारी होगी, क्योंकि इससे मिट्टी में नमी बढ़ेगी और बुवाई के लिए अनुकूल स्थिति बनेगी।

# इस सप्ताह भीषण गर्मी पड़ने की संभावना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस सप्ताह लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। पछुवा हवाओं के चलते दिन में लू जैसी स्थिति बनी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 15 जून के बाद प्री मानसून की बरसात हो सकती है, यदि हवाओं का साथ मिला तो मानसून अपने तय समय 20 जून को उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।

रविवार की सुबह तेज धूप से हुई। सुबह आठ बजते-बजते धूप के तेवर इस कदर तीखे हो गए कि घर से निकलना मुश्किल हो गया। दोपहर होते-होते पश्चिमी हवाओं में लू जैसी गर्माहट महसूस की जाने लगी। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में दोपहर के समय सड़कें सूनी दिखाई पड़ीं। सबसे ज्यादा दिक्कत रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को उठानी पड़ी। रामपथ पर कहीं छांव का इंतजाम न होने के कारण वह दुकानों के छाजन के नीचे खड़े नजर आए। मई के अंतिम सप्ताह से सात जून तक नौतपा के बाद भी अधिकतम तापमान सामान्य से एक-दो डिग्री कम दर्ज हुआ था। वहीं, रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य 40 जबकि न्यूनतम सामान्य से थोड़ा कम 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ अमरनाथ मिश्र के अनुसार इस सप्ताह भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

# महंत के जन्मोत्सव पर संत सम्मेलन आज



**आयोजन में शामिल हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री, नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री समेत अन्य धर्माचार्य**

आयोजन के दौरान कथा व्यास की आरती उतारते श्रद्धालु।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के जन्मोत्सव पर्व पर सोमवार को संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, लेकिन इसके पूर्व रविवार को बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सुजीता कोइराला समेत संत धर्माचार्य भी शामिल हुए। इस उत्सव में श्रीराम कथा की सुधा वृष्टि करते हुए प्रख्यात कथा व्यास डॉ. रामानंद दास ने कहा कि कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायिनी है। लोक मंगलकारी बताया है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है। इससे पहले मंदिर के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर महंत महेंद्र दास, महंत विमल दास, शरद शर्मा, आकाश मणि त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

इसी क्रम में सोमवार को संत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सामाजिक सेवा कार्यों पर प्रकाश डालने के अलावा देश की वर्तमान परिस्थितियों, मठ मंदिर साधु-संत ,सरयू की पवित्रता, सामाजिक समरसता सहित अन्य विषयों पर मंथन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज के मार्गदर्शन मे सम्मेलन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के साथ उत्तर प्रदेश के काशी, वृंदावन, प्रयागराज से साधु संत शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। मुख्य रूप से अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अधिवक्ता युगल किशोर होंगे।

## चाट के पैसे मांगने पर दुकानदार पर चाकू से हमला, रेफर

**रूदौली, अयोध्या। अमृत विचार:** कोतवाली रुदौली क्षेत्र में एक चाट का ठेला लगाने वाले व्यक्ति पर तीन लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। वह घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार**

बताया गया है कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नयागंज के पीड़ित आशीष उर्फ पंकज चाट का ठेला लगाता है। शनिवार शाम करीब छह बजे गांधीनगर नयागंज के रहने वाले मोनू उर्फ महेश, मंदीप और उनके पिता राम अचल ने नशे की हालत में चाट खाया। आशीष ने पैसे मांगे तो तीनों ने गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर आरोपियों ने आशीष पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमले में आशीष के हाथ और पेट के पास गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के पिता शिवनाथ यज्ञसैनी ने कोतवाली रुदौली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय लोगों की माने तो आरोपी पिता-पुत्र इलाके में दबंगई के लिए जाने जाते हैं। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवक को हमलावरों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, दी तहरीर

कुमारगंज, अयोध्या

**थाने से चंद कदम दूर एक हॉस्पिटल के सामने का मामला**

**अमृत विचार:** कुमारगंज थाने से चंद कदम दूरी पर स्थित एक हॉस्पिटल में जान बचाकर छिपे युवक को आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने बर्बरतापूर्वक पीटा। घायल युवक को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया गया। पीड़ित ने मामले में हमलावरों के खिलाफ कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी, लेकिन खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी नहीं दर्ज की थी।

नगर पंचायत कुमारगंज अंतर्गत पूरे नेमा के युवक नौशाद पुत्र सलामत ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते पांच जून को रात्रि करीब 10 बजे जयराम यादव और उनके बेटे अर्पित यादव उनके दरवाजे पर आए। उसे गालियां देते हुए जान से मार डालने की धमकी देने लगे। जिसका विरोध करने पर उन्हें मारने पीटने लगे। नौशाद की बहन और घर वालों ने किसी तरह बीच बचाव किया।

घटना के बाद नौशाद शिकायत करने थाने जा रहा था कि जयराम यादव अपने पुत्र अर्पित यादव सहित अपने साथियों लाल बहादुर व शेर बहादुर निवासी इटौंजा और तीन अन्य अज्ञात युवकों के साथ सुल्तानपुर के नंबर की पिकअप से सवार होकर उसके पास पहुंच गए। उन्हें देख वह अपनी जान बचाने के लिए करीब के एक हॉस्पिटल में जाकर छिप गया। हमलावरों ने उसे अस्पताल से बाहर खींच लिया। अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाकर पटक दिया। लाठी डंडों से जमकर पीटा। युवक का आरोप है कि उसकी जेब में रखा 82 हजार रुपये भी निकाल लिया। इसका साक्षी अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से लिया जा सकता है। घटना के बाद घायल युवक के परिजन नौशाद को लेकर थाने पहुंचे। जहां युवक नौशाद ने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के लिए कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां युवक का इलाज चल रहा है। फिलहाल मामले में कुमारगंज पुलिस ने खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट नही दर्ज की थी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश में मारपीट, गर्भवती महिला सहित कई घायल

**रानीबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गौहनिया सलोनी गांव में रंजिश में मारपीट हुई। इसमें गर्भवती महिला समेत कई घायल हो गए। गांव के पीड़ित सुजीत कुमार पुत्र राम जियावन ने बताया कि वह सुबह अपने घर के सामने झाड़ू लगा रहे थे। तभी पड़ोसी रामसागर पुत्र हीरालाल, उनके बेटों गुलशन कुमार और श्याम विशाल, बेटी वर्षा और पत्नी गीता ने उनके दरवाजे पर आकर भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए दौड़ी उनकी गर्भवती बहन मिथिलेश, पत्नी प्रदीप कुमार को भी मारापीटा। चाचा राजेंद्र कुमार बचाव के लिए आए तो उन्हें भी पीटा। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मियावाकी वन पर फोकस तैयार किए जा रहे गड्ढे

अयोध्या कार्यालय

**जिले के प्रत्येक ब्लॉक में लगाए जाएंगे मियावाकी वन**

**अमृत विचार :** जिले में हरियाली बढ़ाने पर जोर है। इसके लिए परंपरागत पौधों की रोपाई के साथ जल्दी तैयार किए जाने वाले वनों पर फोकस है। सीडीओ केके सिंह ने इसको लेकर मियावाकी वन लगाए जाने का निर्देश दिया है। जिले के प्रत्येक ब्लाक क्षेत्र में यह वन लगाए जाएंगे।

अयोध्या के तापमान में पिछले दो साल से औसतन बढ़ोतरी आंकी जा रही है। ऐसा कंकरीट के जंगल बढ़ने से माना जा रहा है। साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए पेड़ों की कटान से भी वातावरण प्रभावित होने का आकलन हैं। ऐसे में यहां पौधरोपण अभियान पर फोकस है। मियावाकी वन ज्यादा लगाए जाने के पीछे भी कारण यही है।

पौधरोपण का अभियान जुलाई में चलेगा। इन दिनों पौधरोपण को लेकर तैयारी की जा रही है। विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। सबसे ज्यादा पौधे मनरेगा से रोपे जाने का लक्ष्य है। 40 लाख में से लगभग साढ़े 13 लाख पौधों का रोपण मनरेगा के जरिए किया जाएगा। इसके बाद वन विभाग पौधा लगाएगा। नदियों के तट के साथ खाली जमीनों पर पौधरोपण होगा। पौधरोपण में अन्य के साथ मियावाकी वन पर ज्यादा जोर है।

मियावाकी वन जल्द तैयार होता है। डीसी मनरेगा सविता सिंह ने बताया कि गड्ढे की खोदाई का काम चल रहा है। मियावाकी वन लगाए जाने के लिए भी कार्रवाई तेज की गई है। मॉनिटरिंग की जा रही है। 20 जून तक तैयारी पूरी हो जाएगी।



कार्यक्रम में कत्थक प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

# कत्थक नृत्य प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की बिरजू महाराज कथक नृत्य कार्यशाला और राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तुतिपरक कत्थक नृत्य कार्यशाला का प्रस्तुतिकरण सातवें दिन महाविद्यालय प्रांगण में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतिभागियों के कत्थक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक हर्ष कुमार मनूचा, अध्यक्ष /प्राचार्य प्रो. मंजूषा मिश्रा ने किया। अतिथियों का स्वागत स्मृतिचिन्ह, पौधा, उत्तरीय एवं पुष्पगुच्छ देकर प्राचार्य ने किया। कार्यशाला के 21 प्रतिभागी संगीत साधकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवंदना से की।

कार्यशाला का उद्देश्य कत्थक प्रशिक्षण के साथ भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जन समूह को जोड़ना, उनको अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरुक करना, आत्मविश्वास बढ़ाना एवं सृजनात्मक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना रहा। द्वितीय प्रस्तुति तीन ताल को तत्कार के रुप में एकगुन, दुगुन, चौगुन और अठगुन के साथ प्रस्तुति देते हुए सलामी आमद तिहाई की प्रस्तुति दी गई। तृतीय सोपान में रामस्तुति श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन रहा, अगली प्रस्तुति में कत्थक आचार्य बिन्दादीन महाराज से रचित ठुमरी, जिसके बोल छोड़ो-छोड़ो बिहारी देखे है नगरी रही। कार्यक्रम के प्रशिक्षक विशाल गुप्ता थे। वह प्रयाग संगीत समिति से कत्थक विधा में चतुर्थ वर्ष का प्रशिक्षण दे रहे हैं। अंतिम प्रस्तुति उन्होंने स्वयं की। आयोजन का श्रेय डॉ. कल्पना एस. वर्मन भूतपूर्व विभागाध्यक्ष संगीत विभाग और प्रो. रोमा अरोरा विभागाध्यक्ष संगीत विभाग राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज का रहा। डॉ. वंदना शुक्ला ने विशेष सहयोग किया। विशेष सहयोग महाविद्यालय के पद्माकर चन्द्र पाण्डेय और हिमांशु देव पाठक का भी रहा। रामप्रकाश दूबे, बीरेन्द्र कुमार दूबे, शीतला प्रसाद वर्मा, विजय शुक्ला, शालिनीं अग्रवाल सहित अन्य लोग थे।

## सुविधा शुल्क मांगने वाले लेखपाल की शिकायत मुख्यमंत्री से

**सोहावल, अमृत विचार:** तहसील सोहावल अंतर्गत पिरखौली में तैनात लेखपाल राहुल यादव की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि खसरा से लैकर पैमाइश करने के एवज में धन वसूली की शिकायत तहसील दिवस पर की गई, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई है। बीते दिनों एक अनुसूचित महिला ने लेखपाल पर दबंगई,गाली गलौज सहित अन्य आरोप लगाए थे। रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। समाधान दिवस में चकमार्ग गाटा संख्या 524 की पैमाइश के लिए टिंकू तिवारी ने प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन लेखपाल ने पैमाइश के लिए सुविधा शुल्क की मांग की। पैसा न मिलने पर चकमार्ग की पैमाइश करने से मना कर दिया। टिंकू तिवारी नें बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर सुविधा शुल्क मांगने एवं पैमाइश कराए जाने के लिए शिकायत दर्ज कराई है। एसडीएम अभिषेक कुमार सिंह ने बताया शिकायतकर्ता के चकमार्ग की पैमाइश जल्द कराई जाएगी। लेखपाल पर लगे आरोप सही पाए जाएंगे तो कार्रवाई अवश्य होगी।

## सार-संक्षेप



समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत में मौजूद नेता व पदाधिकारी।

### सर्व समाज को जोड़ पूरी होगी पीडीए की परिकल्पना : पारसनाथ

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मया ब्लॉक के एक कॉलेज में रविवार को समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत व बूथ, सेक्टर व जोन के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सर्व समाज को जोड़कर ही पीडीए की परिकल्पना पूरी होगी। कहा कि आज प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तानाशाही रवैये से तंग आ चुकी है। प्रदेश की जनता उम्मीद भरी निगाहों से सपा की तरफ देख रही है। संचालन संदीप यादव व अध्यक्षता सियाराम निषाद ने किया। कार्यक्रम का आयोजन मया ब्लॉक के अध्यक्ष विंदेश्वरी यादव के नेतृत्व में किया गया। राजेश पटेल, धर्मवीर वर्मा, इंद्रपाल यादव, मायाराम वर्मा, जगन्नाथ पाल, रामबचन सैनी, नागेंद्र, वैश्य अंसारी, राकेश चौरसिया, मुलायम, भानु, सियाराम, राजितराम समेत अन्य मौजूद रहे।

### डेनियल जिलाध्यक्ष और रणजीत बने जिला मंत्री

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के अधिवेशन में कमेटी का चुनाव कराया गया। जिलाध्यक्ष और मंत्री पद के लिए वोट डाले गए। जिलाध्यक्ष पद पर डेनियल भारतीय और मंत्री पद के लिए रणजीत सिंह निर्वाचित किए गए। तहसील सदर में अधिवेशन प्रांतीय पर्यवेक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा और चुनाव अधिकारी पूर्व जिला मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद महेश चंद तिवारी और सम्प्रेक्षक संजय पासवान की देखरेख में संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री पद पर मत डाले गए। कांटे की टक्कर में डेनियल भारतीय जिला अध्यक्ष एवं रणजीत सिंह जिला मंत्री निर्वाचित हुए। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। चुने गए पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ,उपमंत्री रमेश कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री महेश बाबू, कोषाध्यक्ष जैसराज वर्मा, संरक्षक दीपक तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रांतीय पर्यवेक्षक राजेश मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचित पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि राजस्व संग्रह अमीन संघ के हितों के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम में उदयभान सिंह, जय नारायण तिवारी, उमेश शुक्ला, ब्रह्मदेव मिश्रा, दयानाथ यादव, अशोक कुमार, अंबिका प्रसाद, सूर्यवीर यादव, पवन कुमार, दीपक तिवारी, सीताकांत तिवारी,,दीपक कुमार ,राम सरदार आदि मौजूद रहे।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव के लिए देशव्यापी सहमति जरूरी : अवधेश



रुदौली में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते विधायक रामचंद्र यादव।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल सरैया सुल्तानपुर में एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रबुद्ध वर्ग समागम का आयोजन हुआ। सभी ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार का समर्थन किया। मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बाद ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए देशव्यापी सहमति जरूरी है। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विधायक रामचंद्र यादव ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश की कई समस्याएं हल होंगी। वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शर्मा ने कहा कि बार-बार चुनाव होना देश के विकास में बाधक है। संयोजक रुदौली देहात मंडल अध्यक्ष भरत लाल रावत ने प्रबुद्ध जनों को एक राष्ट्र एक चुनाव पर समर्थन देने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, किशोरी लाल भारती,निर्मल शर्मा,जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह,भरत लाल रावत,रामराज लोधी,राकेश कुमार तिवारी,तेज तिवारी, सुभाष चंद्र यादव, पवन कोरी,राम भवन धीमान,दुर्गा प्रसाद रावत,कुलदीप सोनकर,मनोज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** | जिले में समर कैंप के आयोजन को लेकर व्यवस्था बदहाल

# न्यूट्रिशन नहीं चिप्स-बिस्किट से बहलाए जा रहे बच्चे

अयोध्या कार्यालय

**शिक्षक व प्रधानाध्यापक मना रहे गर्मी की छुट्टी, अनुदेशक व शिक्षा मित्रों के भरोसे समर कैम्प**



प्रतीकात्मक फोटो

> सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को समर कैम्प की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक कहीं कोई अव्यवस्था और गड़बड़ी सामने नहीं आई है। यदि आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। निर्गत धनराशि का सत्यापन समर कैम्प के बाद किया जाएगा। – संतोष कुमार राय, बीएसए

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा के उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में समर कैंप के नाम पर खूब खेल हो रहा है। समर कैंप में बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं न के बराबर हैं। प्रधानाध्यापकों को समर कैंप में छात्रों को स्टेशनरी, एमडीएम देने के साथ नाश्ते में सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन देने का निर्देश है, लेकिन प्रधानाध्यापक गर्मी की छुट्टियां मना रहे हैं। ऐसे में अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को न तो स्टेशनरी की धनराशि मिल रही है और न ही मिड डे मील की व्यवस्था है। बच्चों को बिस्किट व चिप्स देकर संतुष्ट किया जा रहा है।

शासन से पहली बार बेसिक शिक्षा के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गर्मी की छुट्टियों में बहुमुखी विकास के लिए समर कैंप संचालन का निर्देश दिया गया है। यह समर कैंप 21 मई से 10 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसके लिए 635 जूनियर हाई स्कूल एवं कंपोजिट विद्यालय के अनुदेशक एवं शिक्षामित्रों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान अनुदेशक एवं शिक्षामित्र को छह हजार मानदेय एवं स्टेशनरी आदि के लिए प्रधानाध्यापकों के खाते में 2000 रुपये प्रति विद्यालय की दर से भुगतान करने की व्यवस्था की गई है। सभी 635 उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ-साथ नाश्ते में सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन देने का निर्देश है, लेकिन गर्मी की छुट्टियां होने के कारण लगभग प्रधानाध्यापक मुख्यालय से बाहर हैं। वहीं स्कूलों में समर कैंप में भी बच्चों की आमद न के बराबर है। ऐसे में समर कैंप का आयोजन महज औपचारिकता में सिमट कर गया है।

### स्टेशनरी के मद में 12.70 लाख निर्गत

शासन से प्रति विद्यालय को समर कैंप में उपभोग किए जाने के लिए स्टेशनरी के मद में दो हजार रुपये दिए जाने की व्यवस्था है। इस हिसाब से 635 स्कूलों में 12 लाख 70 हजार रुपए का बजट निर्गत हुआ है। समर कैंप में मध्यान भोजन प्राधिकरण ने बच्चों को अतिरिक्त मध्याह्न भोजन मिड डे मील प्रति विद्यार्थी के दर से नाश्ते के लिए निर्गत किया है। समर कैंप में स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को नाश्ते में सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन के तहत मौसमी फल, मूंगफली दाना, बिस्किट, खीरा एवं बंद पैकेज मूंगफली, नमकीन आदि देने की व्यवस्था है। अब सवाल यह उठता है कि गर्मी की छुट्टियां होने के कारण प्रधानाध्यापक स्कूलों से बाहर हैं। ऐसे में स्टेशनरी की धनराशि प्रधानाध्यापकों को तो मिली है, लेकिन उनके बाहर होने से शिक्षक एवं अनुदेशकों को न मिलने से मिड डे मील की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सभी 12 खंड शिक्षा क्षेत्रों के स्कूलों में आयोजित हो रहे समर कैम्प अबकी ऐसे ही निपटा दिए जा रहे हैं। इसकी कोई निगरानी भी नहीं की जा रही है।

# शिक्षक व डायट प्राचार्य पढ़ेंगे प्रबंधन का पाठ

अयोध्या कार्यालय

**पहल**

**अहमदाबाद आईआईएम में दिया जाएगा प्रशिक्षण, जुलाई में जिले से जाएंगे शिक्षक व प्राचार्य**

**संस्थान-स्कूल संचालन के साथ नव प्रयोगों के लिए होगा प्रशिक्षण**

**अमृत विचार :** अब गुरुजी को सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद में प्रबंधन का पाठ पढ़ाया जाएगा।

यह पहला अवसर है कि जब आईआईएम में शिक्षकों व प्राचार्यों को ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी की ओर से प्रशिक्षण दिलाए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। पहले चरण में सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) के प्राचार्यों को प्रबंधन का गुर सिखाया जाएगा। आईआईएम में डायट प्राचार्यों को जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डा. पवन सचान ने इसे लेकर सभी बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया है। सभी प्राचार्यों को बताया जाएगा कि वह अपने संस्थान को अच्छे ढंग से चलाने के लिए किस तरह टाइम मैनेजमेंट करें, अच्छे नव प्रयोगों से किस तरह कार्यक्षमता बढ़ाएं। इस आदेश के बाद जुलाई में यहां से डायट प्राचार्य समेत सौ शिक्षकों को बीस दिवसीय प्रशिक्षण के लिए अहमदाबाद भेजा जाएगा। जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से बीस - बीस शिक्षकों की सूची मांगी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय बताया कि 15 जून तक सूची तैयार कर शासन को भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया जाएगा।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने एवं वर्षा नहीं होने की संभावना है।

| 40.0° | 25.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रातः 10:00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में योग शिविर का पंचम दिवस प्रातः 11:00 बजे से।
- बेसिक शिक्षा विभाग में पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया बीएसए कार्यालय में अपराह्न 12:00 बजे से।

### डीसी मनरेगा का तबादला

**अयोध्या, अमृत विचार** : उपायुक्त श्रम रोजगार सविता सिंह का शासन ने तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है। उन्हें आयुक्त ग्राम्य विकास कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल से जारी आदेश के मुताबिक उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया है। फिलहाल अभी नए उपायुक्त की तैनाती नहीं की गई है।

# रोजाना 750 श्रद्धालुओं को जारी होंगे पास

## राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट से दर्शन के लिए प्रति घंटे 50 पास निःशुल्क होंगे जारी

## प्रथम तल पर रेलिंग लगाने का कार्य शुरू | द्वितीय तल पर दुर्लभ ग्रंथ होंगे संरक्षित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। हालांकि ट्रस्ट जारी किए जाने वाले पास की संख्या को बढ़ाने पर भी विचार कर सकता है।

दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं। ट्रस्ट और सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि इस पर चर्चा कर रहे हैं। भगवान के दरबार में जाने और आने को लेकर के राम मंदिर ट्रस्ट व्यापक इंतजाम में जुटा हुआ है। परिसर में सप्त ऋषि के बीच में बने पुष्करणी कुंड को लेकर भी अब निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। उन्होंने कहा कि भूतल में रामलला विराजमान हो चुके हैं। प्रथम पर राम दरबार स्थापित हो गया है। द्वितीय तल पर दुर्लभ ग्रंथों को संरक्षित किया जाएगा, जिसका निर्धारण कर लिया गया है। पंचवटी निर्माण में प्रकृति से कोई भी छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। यथा स्थिति रखते हुए वहां पौधे लगाए जा रहे हैं, ताकि पशु पक्षियों को पानी-पीने और उसका लाभ लेने में कोई परेशानी न आए। एक महीने में इसका मास्टर प्लान भी लगभग तैयार हो जाएगा।


राम मंदिर

### राम जन्म स्थान पर सर्वे कर रहा पुरातत्व विभाग : नृपेंद्र

राम मंदिर परिसर में राम जन्म स्थान यानी कि जहां पर रामलला टेंट में विराजमान थे उस स्थल पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वे कर रही है। निर्माण समिति के अध्यक्ष व पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे समय के संघर्ष पर पुरातत्व विभाग की टीम रिसर्च करेंगी। इसकी बेहतर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### दिल्ली में तैयार हो रही राजा राम की पोशाक

राजा राम के प्राण प्रतिष्ठित होने के बाद ड्रेस डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने कुछ तस्वीर अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड की है। उन्होंने बताया कि राजा राम के राजसी आभा को ध्यान में रखते हुए कपड़े डिजाइन किए गए हैं। 5 जून को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अपने दिव्य स्वरूप को भव्यता देने के लिए हर दिन वह नई पोशाक पहनते हैं। यह कपड़े दिल्ली की एक खास वर्कशॉप में तैयार होते हैं। दिन, मौसम और त्योहार के हिसाब से रंग और फैब्रिक तय होता है। 365 दिन राजा राम क्या पहनेंगे, ये ट्रस्ट के पदाधिकारी तय करते हैं। उन्हें सिर्फ कपड़े तैयार करने होते हैं। बता दें कि ड्रेस डिजाइनर मनीष त्रिपाठी रामलला की पोशाक भी तैयार करते हैं।

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में आय-व्यय का प्रस्तुत किया गया ब्यौरा**


ट्रस्ट की बैठक के दौरान अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को बधाई देते सदस्य। अमृत विचार

## जगद्गुरु रामानंदाचार्य, माधवाचार्य, शंकराचार्य और रामानुजाचार्य के नाम से होंगे द्वार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : राम मंदिर परिसर में निर्माणाधीन चार द्वार जगद्गुरु रामानंदाचार्य, जगद्गुरु माधवाचार्य, जगद्गुरु शंकराचार्य और जगद्गुरु रामानुजाचार्य के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में लिया गया है। प्रत्येक तीन माह के अंतराल में होने वाली बैठक शनिवार को राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आवास मणिराम दास छावनी पर हुई, जिसमें सबसे पहले अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को बधाई दी गई। इसके बाद 2024-25 के आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान सभी 14 ट्रस्टी मौजूद रहे। लगभग 2 घंटे तक चली बैठक में महासचिव चंपत राय ने बताया कि सभी सदस्यों को राम दरबार के निमित होने वाले 3 जून से 5 जून तक के आयोजन की जानकारी दी गई। बताया गया कि मंदिर निर्माण का कार्य लगभग 90% निर्धारित समय सीमा पर पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में अत्यंत विशाल चार द्वार बनाए जा रहे हैं। इनके नाम भी सभी की सहमति से तय कर लिए गए हैं। बिड़ला मंदिर के सामने के द्वार को जगद्गुरु रामानंदाचार्य, क्षीरेश्वर नाथ मंदिर के सामने गेट नंबर 3 को जगद्गुरु माधवाचार्य, युसूफ आरा मशीन के बगल गेट नंबर 11 को जगद्गुरु शंकराचार्य और रामकोट क्षेत्र स्थित जैन मंदिर के सामने उत्तर दिशा के द्वार को जगद्गुरु रामानुजाचार्य का नाम दिया गया है। राम मंदिर में बने 14 मंदिरों पर लगे ध्वज दंड में नवंबर माह के करीब ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, जगद्गुरु वासुदेवाचार्य, माधवाचार्य तीर्थ प्रपन्नाचार्य, युगपुरुष स्वामी परमानंद महाराज, महंत दिनेंद्र दास, ट्रस्टी व निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, पदेन सदस्य जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, केंद्रीय गृह सचिव के अलावा ट्रस्ट प्रमुख के परासरण, सदस्य विमलेंद्र मोहन मिश्र और राज्य गृह मंत्री संजय प्रसाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे। विश्व हिंदू परिषद मुख्य सलाहकार दिनेश चंद्र, राम मंदिर ट्रस्ट के सहायक गोपाल जी राव, महंत कमलनयन दास भी शामिल हुए।

## राममंदिर समेत प्रमुख स्थानों पर शुरू होगी कोरोना की जांच

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : देश में बढ़ते कोरोना मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार से एंटीजन टेस्ट की शुरुआत की जा रही है। यह पहली बार है कि कोरोना के इस तीसरे फेज में अब तक जिले में कोई केस नहीं मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर स्तर पर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से जनपद में कोविड के एंटीजन टेस्ट होंगे। राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन, अयोध्या धाम बस स्टेशन और अयोध्या कैंट बस स्टेशन पर एंटीजन टेस्ट टीम द्वारा किए जाएंगे। इसके अलावा जनपद के सभी 14 सीएचसी पर एंटीजन टेस्ट दो शिफ्ट में होंगे। सीएमओ डॉ सुशील कुमार बनियान ने बताया कि जनपद में 14 सीएचसी, दो बस स्टैंड दो रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के साथ ही राम मंदिर व हनुमानगढ़ी पर भी श्रद्धालुओं के कोविड टेस्ट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कोविड का एक भी केस रामनगरी में नहीं है लेकिन एहतियात बरतना जरूरी है। पहले से ही सावधानी बरतनी चाहिए। मास्क जरूर लगाएं, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें और हो सके तो उचित दूरी बनाए रखें।

### 6 माह में पूरा होगा राम कथा संग्रहालय का सिविल वर्क

**अयोध्या, अमृत विचार** : सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है, जिसे पूरी तरह तैयार करने में लगभग एक वर्ष का समय लग जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि संग्रहालय में सिविल वर्क का कार्य चल रहा है जो की अगली 6 माह में पूरा हो जाएगा। इसके बाद म्यूजियम के स्वरूप को तैयार करने का कार्य प्रारम्भ होगा, जिसमें लगभग एक वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 20 गैलरियों को तैयार किया जा रहा है, जिसमें श्रीराम से जुड़ी चीजों को दर्शाया जाएगा।

## राजाराम के विराजमान होने से दुनिया में अयोध्या की चर्चा : ब्रजेश पाठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : श्री सरयू जयंती महोत्सव में व्यास पीठ से श्री हनुमत निवास पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने बताया कि रूप, धाम और लीला तीनों राम के अधीन हैं। राम नाम से बड़ा कुछ भी संसार में नहीं है।


अयोध्या में आयोजित सरयू महोत्सव में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

महोत्सव के तृतीय दिवस का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपनी पत्नी के साथ किया। कहा प्रभु श्री राम की लीला का वर्णन जितनी बार सुना जाए। हर बार कुछ नया सीखने और सुनने को मिलता है। श्रीराम की कृपा से अयोध्या धाम पूरे देश दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। राम राज्य के समय जी राजधानी की कल्पना की गई थी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में राजाराम के विराजमान होने के बाद पहली बार दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस बार का कोविड बिल्कुल खतरनाक नहीं है। केवल सर्दी जुकाम और बुखार तक ही सीमित है। पूरी सतर्कता के साथ निगरानी की जा रही है। देर शाम ब्रजेश पाठक राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होने पहुंचे।

## 10 चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

**अयोध्या, अमृत विचार** : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जिले के 10 चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। कोतवाली नगर में तैनात उप निरीक्षक राहुल वाजपेई को चौकी प्रभारी कारागार, कमलेश कुमार को औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली अयोध्या के रायगंज पुलिस चौकी के प्रभारी वीरेंद्र पाल को चौकी प्रभारी पूरा बाजार व उप निरीक्षक शेखर नाथ सिंह को रायगंज चौकी प्रभारी की कमान सौंपी गई है।

कोतवाली बीकापुर में रहे चित्रेश प्रताप सिंह को चौकी देवगांव प्रभारी, कोतवाली नगर में तैनात अभिषेक सिंह को नयागंज चौकी प्रभारी, रामपुर भगन चौकी इंचार्ज रहे धर्मेंद्र सिंह को रामनगर चौकी इंचार्ज बनाया गया है। उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार चौधरी को रामपुर भगन चौकी प्रभारी, लक्ष्मण घाट चौकी प्रभारी जयप्रकाश अवस्थी को चौकी प्रभारी नवीन मंडी बनाया गया। थाना कैंट में तैनात रोहित पांडे को चौकी लक्ष्मण घाट का प्रभारी बनाया गया है।

# डॉक्टर-स्टाफ से हाथापाई, माइनर ओटी में तोड़फोड़

**जिला अस्पताल में चोटिल युवक के साथ आए लोगों ने जमकर काटा हंगामा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में असामाजिक तत्वों के द्वारा चिकित्सक व स्टाफ के साथ अभद्रता व हाथापाई किए जाने का मामला सामने आया है। तकरीबन डेढ़ से दो दर्जन लोगों ने जमकर घंटों हंगामा किया। इस दौरान तोड़फोड़ भी की, जिसमें कुछ सरकारी सामान क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है। अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है।



जिला अस्पताल की माइनर ओटी का घटना सीसीटीवी में कैद एवं क्षतिग्रस्त सक्शन मशीन।

"हेड इंजरी का केस था। डॉक्टर मरीज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर रहे थे। कुछ अज्ञात लोग लखनऊ ले जाने की जिद पर अड़ गए और डॉक्टर के साथ अभद्रता की। तोड़फोड़ भी की। गार्ड कुछ ही मिनटों में पहुंच गए थे। बाद में स्थिति को काबू कर लिया गया। कोतवाली में तहरीर दी गई है।" – **डॉ. अजय चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक**

"तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।" – **शैलेंद्र सिंह, सीओ सिटी**

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक शनिवार को अयान पुत्र मेराज निवासी पलिया शाहाबादी को इलाज के लिए डॉ. आसिफ खान व कुछ अन्य साथी लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि माइनर ओटी में इलाज के दौरान मरीज के साथ आये कुछ असमाजिक तत्वों ने डॉक्टर विशाल चौधरी, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव और वार्ड ब्वॉय सत्यम से हाथापाई की। डॉ. विशाल के गले में लटके आला को पकड़कर भी खींचा।

घटना के दौरान इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और कई सरकारी उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। अस्पताल इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर के अनुसार, मरीज को गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर किया था, परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए मरीज को प्राइवेट एंबुलेंस से ले जाने का फैसला किया। घटना के बाद डॉक्टर विशाल चौधरी ने नगर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मंदिरों में सजाई गई फूल बंगले की झांकी


हनुमानगढ़ी


कनक भवन


लाल साहब दरबार

**अयोध्या, अमृत विचार** : मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में कनक भवन में बिहारी सरकार, लाल साहब मंदिर व हनुमानगढ़ी में फूल-बंगले की झांकी सजायी गई। दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पौराणिक मंदिरों में प्राचीन परंपरागत रूप से मंदिर में विराजमान भगवान को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल-बंगले की भव्य झांकी के आयोजन की परंपरा आज भी प्रवाहमान है। इस भव्य झांकी उत्सव में गेंदा, गुलाब, जारबेरा, आर्केट, इन्डोरीयम, डेजी, गुलदावरी, रजनीगंधा, चांदनी के फूलों का उपयोग किया गया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या।


उमेश सिंह (फाइल फोटो)

**अमृत विचार** : खंडासा थाना क्षेत्र के रायपट्टी गांव निवासी उमेश सिंह (27) पुत्र अहिबरन सिंह की तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मौत हो गई। यह हादसा शनिवार शाम चार बजे के आसपास नदौली गांव के पास खाकी दास कुटी के सामने उस समय हुआ, जब उमेश अपनी बाइक से अमानीगंज की ओर से सुल्तानपुर की तरफ जा रहे थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उमेश की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आसपास के ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। नदौली गांव के आगे नहर की रेलिंग से पिकअप अनियंत्रित होकर टकरा गई, लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उमेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। वह पोस्टमार्टम हाउस में संविदा पर नौकरी करता था। प्रभारी निरीक्षक खंडासा संदीप सिंह ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप


अंगूरी बाग के दीपशिखा कुंज में योग करते रोटरी क्लब के सदस्य।

### निःशुल्क सात दिवसीय योग शिविर शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : शहर के अंगूरी बाग के दीपशिखा कुंज में शिविर का शुभारंभ क्लब के संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अनुराग अग्रवाल ने श्रीश्री रविशंकर की फोटो पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद मंडल निदेशक अरुण अग्रवाल, अध्यक्ष दीपक रस्तोगी, क्लब की चेयरपर्सन रश्मि केसरवानी और कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन देवेश अग्रवाल एवं स्वाति अग्रवाल ने योग शिविर का उद्घाटन किया। सुनील रस्तोगी ने योग प्रशिक्षिका अनीता अग्रवाल को बुके भेंट कर, दीपिका अग्रवाल ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। दूसरे योग प्रशिक्षण अनुज भज्जा को स्वाति अग्रवाल ने बुके और अमित अग्रवाल ने अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। दीपक रस्तोगी ने यूथ हॉस्टल ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष अनूप मेहरोत्रा को अंगवस्त्रम पहनकर सम्मानित किया। इसके बाद योग शिविर का आयोजन किया गया। अमित रस्तोगी, पुनीत वैश्य, संजीव सोनी, नमन रस्तोगी, अमित अग्रवाल, सुनील रस्तोगी, अनुराग अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, देवेश अग्रवाल स्वाति अग्रवाल, रश्मि केसरवानी, नीता मित्तल, निमिषा वैश्य, दीपिका अग्रवाल, छवि अग्रवाल, राहुल केसरवानी, सपना रस्तोगी, भारती वैश्य, सागर अग्रवाल, अनूप मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सोहावल, अमृत विचार** : रौनाही थाना क्षेत्र के सुरवारी मजरे बरईन का पुरवा के रहने वाले सड़क दुर्घटना में घायल अजीत (27) पुत्र सर्वादीन की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिछली पांच मई को सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र बाबा का पुरवा में शादी में शरीक होने के लिए वह बाइक से आया था। बीच सड़क पर गिरे पुराने जर्जर लोहे के खंभे से बाइक टकरा गई। गंभीर रूप से घायल युवक का मेडिकल कालेज दर्शन नगर तके इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

### भाकियू कार्यकर्ता 15 जून को जाएंगे हरिद्वार

**अयोध्या, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन की आवश्यक पंचायत शहीद उद्यान में जिलाध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें 16, 17, 18 जून को हरिद्वार में होने वाली वैचारिक शिविर में भाग लेने का निर्णय लिया गया। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि 15 जून को कार्यकर्ता देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना होंगे। संगठन को मजबूती और किसानों की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने, आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए 11 सदस्यीय अनुशासन समिति का गठन किया गया। इसमें सूर्यनाथ वर्मा, राम गणेश मौर्य, शंकरपाल पांडेय, भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, विकास वर्मा, गब्बर गोस्वामी, विवेक पटेल, राजदेव यादव, रविंद्र मौर्य, डा. आर्य सरोज को शामिल किया गया है। पंचायत को यूनियन के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

**जानकारी** | आठ साल बाद जिले में जमीन का नया डीएम सर्किल रेट लागू, जमीनों की खरीद व अधिग्रहण के समापन पर रेट बढ़ने की चर्चा

# अब जमीन और घर खरीदना हो जाएगा और महंगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : जिले में जमीन का नया सर्किल रेट लागू हो गया। इसके लिए लगभग आठ साल इंतजार करना पड़ा। जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे के हस्ताक्षर से सर्किल रेट सात जून से प्रभावी हो गया। इसके लागू होने से जमीन और घर की रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा। अब जमीन की खरीद और अधिग्रहण पर भू स्वामी को ज्यादा पैसा भी मिलेगा।

जिले में जमीनों का डीएम सर्किल रेट साल 2017 के बाद नहीं बढ़ाया गया। डीएम सर्किल रेट जमीनों की कीमत तय करता है। इसी के आधार पर खरीद या अधिग्रहण के समय भू-स्वामी को उसकी जमीन का पैसा दिया जाता है। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि कोई व्यक्ति जब जमीन की रजिस्ट्री कराता है तो वह स्टांप ड्यूटी से डीएम सर्किल रेट से अदा करता है। इसमें बढ़ोतरी न होने से अधिग्रहण में भू-स्वामी को नुकसान होता है, जबकि खरीदारी में स्टांप की ड्यूटी कम देनी पड़ती है।

**सर्किल रेट बढ़ने से राजस्व में 35 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना**

अयोध्या में विकास के लिए जमीनों की खरीद और अधिग्रहण के चलते डीएम सर्किल रेट मुद्दा बन गया था। इसकी गूंज अक्सर सुनाई पड़ती थी। जमीनों का बाजार भाव यहां आसमान छूने लगा, लेकिन सर्किल रेट यथावत रहा। कई बार तीखे सवाल उठे। बढ़ाए जाने के लिए धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए, लेकिन यह बढ़ा नहीं। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने संसद में रेट न बढ़ने का मुद्दा उठाया। सूत्रों की मानें तो साल 2023-24 में एक बार डीएम सर्किल रेट बढ़ाए जाने को लेकर पूरी कसरत कर ली गई थी। अंदर खाने में सूची तक फाइनल कर ली गई थी। चर्चा रही की तत्कालीन डीएम नितीश कुमार भी इसके पक्ष में थे। उस समय रेट बढ़ने से बड़ी संख्या में अयोध्या के भू-स्वामियों को बड़ा लाभ होता, लेकिन रेट नहीं बढ़ा। इसको बढ़ाए जाने की कार्रवाई साल 2024 के सितंबर में शुरू की गई। प्रस्तावित सर्किल रेट पर आपत्तियां मांगी गई। आपत्तियों के निस्तारण के बाद इस पर विचार मंथन किया गया। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद ऊपर भी विचार-विमर्श हुआ। ऊपर से हरी झंडी मिलने के बाद सात जून से इसे प्रभावी कर दिया गया। अब तो चर्चा यहां तक हो रही है कि विकास योजनाओं के लिए जमीनों के क्रय का अंतिम दौर है। परियोजनाओं के लिए ज्यादातर जमीनें ली जा चुकी हैं। इसलिए डीएम सर्किल रेट बढ़ा दिया गया।

### कृषि क्षेत्र में पांच से 50 फीसदी तक वृद्धि

एआईजी स्टांप योगेंद्र सिंह ने बताया कि वृद्धि आवासीय क्षेत्र में 10 से 40 फीसदी, व्यावसायिक संपत्तियों में 20 से 50 फीसदी और कृषि क्षेत्र में पांच से 50 फीसदी तक है। मांगी गई आपत्तियों में दो से तीन सौ फीसदी तक की बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव थे। आपत्तियों आदि के निस्तारण के बाद औसत वृद्धि लगभग 35 फीसदी है। बताते हैं कि बढ़े सर्किल रेट से करीब 35 फीसदी सरकारी राजस्व बढ़ने की उम्मीद है।

## डीएम आज तहसील बीकापुर में सुनेंगे शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार**: जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सोमवार को बीकापुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनेंगे। महीने के पहले शनिवार सात जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) और आठ जून को रविवार होने कारण नौ जून सोमवार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। मुख्य विकास अधिकारी तहसील सोहावल में, मुख्य राजस्व अधिकारी हसील मिल्कीपुर में, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तहसील रूदौली में और अपर जिलाधिकारी प्रशासन तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में शिकायत सुनेंगे।

## सार-संक्षेप

### विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दी बाल संरक्षण की जानकारी

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मानव विकास विभाग ने बाल संरक्षण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। सिधौना गांव में आयोजित कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. साधना सिंह, सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. एसपी मौर्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. साधना सिंह ने कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित और स्नेहपूर्ण माहौल देना सबकी जिम्मेदारी है। विशेषज्ञों ने अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी। डॉ. एसपी मौर्य ने बाल अधिकारों की जानकारी दी। डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने बच्चों के पालन-पोषण पर चर्चा की। डॉ. रागिनी मिश्रा ने बाल शोषण रोकने के उपाय बताए। डॉ. प्राची शुक्ला ने समुदाय की भूमिका समझाई। डॉ. श्वेता सचान ने सरकारी मदद और हेल्पलाइन की जानकारी दी। डॉ. मीनल ने परिवार-केंद्रित संरक्षण पर बात की। शोधार्थी ऋतिका पांडे और अनुराधा ने जोखिम में रह रहे बच्चों की पहचान और उनकी मदद के तरीके बताए। अंत में सभी ने बच्चों की सुरक्षा और परिवार के कल्याण के लिए शपथ ली।

### राहुल प्रदेश अध्यक्ष, तथास्तु को जिला अध्यक्ष का प्रभार


नव नियुक्त पदाधिकारी प्रमाणपत्र के साथ।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा रविवार को एक स्थानीय होटल में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें तथास्तु सिंह को जिला अध्यक्ष व राहुल श्रीवास्तव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव, रामकुमार को जिला कोऑर्डिनेटर, रक्षा श्रीवास्तव को महासचिव, डॉक्टर नीति श्रीवास्तव को मुख्य सलाहकार, बबीता यादव को महासचिव, अनुराग सिंह अन्नू, निखिल श्रीवास्तव, सौरभ राज श्रीवास्तव महासचिव, राजेश सोनी को संयोजक, जितेंद्र प्रजापति को सचिव बनाया गया।

### कार्यक्रम से पहले कलाकारों को मिलेगा 50 प्रतिशत भुगतान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** संस्कृति निदेशालय ने लोक कलाकारों को बड़ी राहत देते हुए प्रस्तुति से पहले 50 फीसदी भुगतान करने का निर्णय लिया है। यह फैसला कमीशनखोरी की शिकायतों के बाद लिया गया है। कलाकारों को बाकी राशि प्रस्तुति का प्रमाण देने के बाद ही मिलेगी। निदेशालय ने पारदर्शिता लाने के लिए यह कदम उठाया है, जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। संस्कृति निदेशालय को लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ कर्मचारियों व दलालों के माध्यम से लोक कलाकारों को कार्यक्रम देने के बदले में कमीशन लिया जा रहा है।



5 से 23 फरवरी तक चले इंडो-नेपाल मैत्री महोत्सव में कलाकारों से कमीशन लेने के मामले में कानपुर की एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद निदेशालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस कार्यक्रम के आयोजन से पहले भी संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कलाकारों से इसकी जानकारी कमीशन लेने का मामला उजागर हुआ था, इसकी जांच की जा रही है।

### पांच देशों के 50 मेहमानों ने यूपी में की बोधि यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार बौद्ध सर्किट के विकास और पर्यटन को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में, मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत बोधि यात्रा नामक एक फैमिलियराइजेशन ट्रिप संपन्न हुई, जिसमें आसियान के पांच देश कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के बौद्ध संबन्धित स्थलों का भ्रमण किया। 2 से 7 जून तक चली इस यात्रा पर आए दल में बौद्ध भिक्षु, ट्रैवल एजेंट्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल थे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि बोधि यात्रा का उद्देश्य श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ और आगरा आदि प्रमुख बौद्ध स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रदर्शित करना था। इससे पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, मुख्यमंत्री ने मेहमानों को उप्र. के प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थस्थलों के बारे में अलग-अलग महत्व बताते हुए जानकारी दी। बोधि यात्रा के दौरान बी2बी बैठकों का आयोजन भी किया गया, जिसने भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग का आश्वासन मिला।

# ईदगाह व मस्जिदों में हुई नमाज, मुल्क के लिए मांगीं दुआएं

## अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व, गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद, शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला

अयोध्या कार्यालय


सिविल लाइन ईदगाह में ईद-उल-अज़हा की नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अदा की गई। सिविल लाइन्स स्थित ईदगाह समेत सभी प्रमुख मस्जिदों में सुबह नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ईद-उल-अजहा के पर्व पर सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी।

शनिवार को सिविल लाइन्स स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज जामा मस्जिद टाटशाह के इमाम शमशुल कमर कादरी ने पढ़ाई। अपने खुतबे के दौरान उन्होंने कुर्बानी की अजमत पर रोशनी डालते हुए कहा कि सभी को एक दूसरे से मिल कर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक कुर्बानी का सिलसिला चलेगा इसलिए ऐसा कोई काम न करें कि हमारे किसी दूसरे धर्म के भाई को ठेस पहुंचे। शिया जामा इमामबाड़ा जवाहर अली खां में पेश नवाज प्रख्यात मौलाना अहमद अली आब्दी ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने कहा कि जब तक कौम के बच्चे बेहतर तालीम नहीं हासिल करेंगे तब तक आप समाज में अपनी जगह नहीं बना सकते हैं। चौक स्थित वक्फ मस्जिद हसन रजा खां में प्रख्यात मौलाना वसीका अरबी कालेज के प्राचार्य मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने नमाज पढ़ाई। इससे पहले ईदगाह में बधाई देने पहुंचे

आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने बताया कि रेंज के सभी जिलों में बकरीद की नमाज सकुशल संपन्न हुई है और परंपरागत रूप से कुर्बानियां भी कराई जा रही हैं। सभी स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि बकरीद की नमाज शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई है। यदि कोई व्यक्ति साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।


पूराबाजार के जलालुद्दीन दरगाह बिलहरी शरीफ पर सज्जादानशीन सैयद अब्दुल रब।

## पूराबाजार क्षेत्र में भी सौहार्द के साथ मना ईद-उल-अज़हा

पूरा बाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा करने के साथ एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दिया।

जलालुद्दीन नगर में दरगाह बिलहरी शरीफ के सज्जादा नशीन हजरत पीर सैयद अब्दुल रब उर्फ चांद बाबू ने नमाज अदा कराई। नमाज से पहले हजरत में कुर्बानी के महत्व और उसके नियमों पर प्रकाश डाला। रसूलाबाद, नारायणपुर, सराय चैमल, अंकवारा, कर्मा, रसूलाबाद,पिठिया, भदौली, मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा करने के साथ एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दिया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

## सड़क पर प्रसव होने के मामले में महिला चिकित्सक स्थानांतरित

रुदौली, अयोध्या

**फॉलोअप**

▶▶ मामले का स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने भी लिया संज्ञान

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली से जिला महिला अस्पताल रेफर की गई महिला के सड़क पर प्रसव होने पर चिकित्सक डॉ. अंजू जायसवाल का स्थानांतरण सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई कर दिया है। मवई की महिला चिकित्साधिकारी रीना मिश्रा को रुदौली भेजा गया है।

मालूम हो कि शुक्रवार को तहसील रुदौली के ग्राम बहरास की राजकुमारी पत्नी राकेश के प्रसव पीड़ा पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली दोपहर में लाए। आरोप है कि महिला चिकित्सक अंजू जायसवाल ने प्रसूता के रक्त अल्पता होने पर जिला महिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को परिजन सीएचसी से महिला अस्पताल ले जा रहे थे। कुछ दूरी पर पीड़ा बढ़ गई और रास्ते में ही साड़ी घेरे में सड़क की पटरी पर प्रसव कराया था। जानकारी मिलने पर महिला के गांव से काफी लोग आ गए। ग्रामीणों ने महिला चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की थी। पति राकेश ने बताया कि खून की कमी बता कर महिला अस्पताल भेजने के बाद सामान्य रूप से बच्चा पैदा हुआ। कहा कि जिससे महिला और बच्चे के जान का जोखिम पैदा हो गया। अधीक्षक से चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मदन बरनवाल ने प्रसूता को खून की कमी के कारण रेफर किए जाने की जानकारी मिली थी। सीएमओ डॉ.सुशील कुमार बनियान ने महिला चिकित्सक अंजू जायसवाल को सामुदायिक केंद्र रुदौली से सीएचसी मवई स्थानांतरित किया है। घटना की जांच के निर्देश दिए है। मामले की जानकारी अयोध्या पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को भी दी गई थी। उन्होंने सख्त से सख्त कार्रवाई कराने की बात कही है।

### विधायक ने प्रसूता को दी सहायता

रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने सड़क किनारे हुए प्रसव की घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित प्रसूता राजकुमारी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने प्रसूता और उनके नवजात बच्चे को आर्थिक सहायता प्रदान की और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस घटना ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की खामियों को उजागर किया है, जिसके बाद विधायक ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

## वन्या व शार्दुल ने जीता एकल बैडमिंटन खिताब


प्रदेशीय सबजूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी प्रमाणपत्र व ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बैडमिन्टन एसोसिएशन के निर्देशन में डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेशीय सबजूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता के एकल वर्ग में वन्या व शार्दुल ने तथा युगल में गर्विता, वन्या व कंदर्प, समर्थ ने खिताब जीता। मुख्य अतिथि भारतीय जूनियर बैडमिन्टन टीम कोच सुधीर सिंह व भाजपा नेता अभय सिंह ने विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला बैडमिन्टन संघ के तत्वावधान में हुई बैडमिन्टन प्रतियोगिता के बालिका एकल फाइनल में नोएडा की वन्या चौधरी ने मेरठ की गर्विता त्रिपाठी को 21-23, 21-14, 25-23 से पराजित कर खिताब जीता। वहीं बालक एकल फाइनल में कानपुर के शार्दुल खत्री ने प्रयाग के शिवेश गुप्ता को 21-19, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके पूर्व सेमीफाइनल में वन्या ने रितिका को, गर्विता ने दीक्षा को तथा शर्दुल ने रॉबिन को व शिवेश ने कुशाग्र को हराया था। युगल बालिका फाइनल में मेरठ की गर्विता व वन्या ने वाराणसी की प्रियंका व उर्वशी को 21-5, 21-11 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। वहीं कानपुर के कंदर्प व शार्दुल ने गाजियाबाद के समर्थ व मेरठ के शिव पवार को 21-9, 21-8 से हरा कर बालक युगल खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह का संचालन आयोजन सचिव अनूप दुबे ने किया। कोषाध्यक्ष अनुपम शुक्ल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अमरजीत सिंह काका, महेश प्रताप सिंह, अजय श्रीवास्तव, विपिन सिंह सहित खिलाड़ी, खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## अयोध्या चैम्पियन्स ट्रॉफी : शशि के शतक से केनरा टीम सेमीफाइनल में



अयोध्या चैम्पियन्स ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच शशि यादव को चीयर्स करती केनरा की टीम।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या चैम्पियंस ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शशि यादव के शानदार नाबाद शतकीय पारी से केनरा टीम ने अयोध्या अचीवर्स को पराजित कर अंतिम चार में स्थान बना लिया। मैन ऑफ द मैच रहे शशि को आयोजन अध्यक्ष रवि कृष्ण यादव ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। डाभासेमर के स्टार स्पोर्ट्स स्टेडियम में अयोध्या चैम्पियंस ट्रॉफी का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला केनरा बैंक टीम व अयोध्या अचीवर्स के बीच खेला गया। अयोध्या अचीवर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 138 रन बनाया। इसमें राजशेखर ने 56, मोहित ने 37 व नीरज ने 23 रन बनाया। केनरा के शुभम ने दो विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए केनरा टीम ने 13.1 ओवरों में जीत का लक्ष्य प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। केनरा टीम के शशि यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 104 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। शानू ने 62 रनों का सहयोग दिया।

# टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मिलिट्री इंटेलिजेंस और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

▶▶ **एसटीएफ ने आगरा से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने टेरीटोरियल आर्मी (टीए) में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के तीन सदस्यों को आगरा के हरिपर्वत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। फर्जीवाड़े का खुलासा मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने किया। आरोपियों के पास से गेट पास व नियुक्ति पत्र बरामद किया गया है।

एसटीएफ के एएसपी राकेश मुताबिक, पकड़े गये आरोपियों में दो सुनील कुमार रखकंगवाल और बलवंत सिंह जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल जम्मू के सांबा के रहने वाले हैं। वहीं तीसरा आरोपी अजय कुमार यादव फिरोजाबाद के सैगई का निवासी है। तीनों आरोपी आरोपी खेरिया मोड़, आईएसबीटी के पास होटल में ठहरे हुए थे। इस गिरोह के दो सदस्य फरार है। फरार सदस्यों में गिरोह का मास्टरमाइंड भी शामिल है। दोनों की तलाश में एसटीएफ की टीम लगी हुई है।

### नौकरी का झांसा देकर अभ्यर्थियों को ले गए थे जम्मू-कश्मीर

पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि आगरा में रहने वाले 24 अभ्यर्थियों को नौकरी का झांसा दिया था। इन अभ्यर्थियों को टेरीटोरियल आर्मी में नौकरी का झांसा देकर जम्मू-कश्मीर लेकर गये थे। सभी अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। सभी के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए होटल में ठहराया गया था। आरोपियों से सात-आठ लाख रुपये लिये थे। यह रुपये दीपक शर्मा के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराते थे। इसके बदले में दीपक को 30-40 हजार रुपये प्रत्येक ट्रांजेक्शन के दिये जाते थे। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने आधार कार्ड, डीएल, एटीएम कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, कूट रचित नियुक्ति पत्र, गेट पास, तीन मोबाइल व नकदी बरामद किया है।

### 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में 50 हजार लघु किसानों को एक हजार करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इससे गांवों में रोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इसके अलावा साहूकारों व सूदखोरों के शोषण से किसानों को मुक्त कराया गया है। शासन के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास व रोजगार सृजन की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने बीते चार वर्ष में 50 हजार से अधिक लघु और सीमांत किसानों को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का दीर्घकालीन ऋण वितरित किया।

**ग्लोबल गर्ल्स कॉलेज**
शहबाजपुर, रुदौली, अयोध्या

**में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।**

**परास्नातक स्तर पर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम** हेतु गृह विज्ञान, भूगोल विषय में 02-02 पद प्रवक्ताओ की।
**योग्यता एवं वेतन** आय यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवसों के अंदर महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करें।
**भवदीय - प्रबंधक**
**मो0.नं0-9415418951**

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Jargaam Abbas **पुत्र कल्बे हसन निवासी ग्राम लखनिया पोस्ट बड़ेपुर तहसील जलालपुर अम्बेडकर** नगर समस्त अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर K 1256425 में त्रुटिवश Zargaam Abbas दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं श्रीमती रूही शुक्ला पत्नी विशाल तिवारी निवासिनी- एस0एस0 /413/ सी- 1. सेक्टर- सी-1, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उ0प्र0-226012, मेरे आधार कार्ड व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम रूही शुक्ला (RUHI SHUKLA) अंकित है। जो कि सत्य है। जबकि मेरा नाम पैन कार्ड नं0- BLXP8026N में RUHI TIWARI अंकित है। उक्त दोनो नाम RUHI TIWARI व RUHI SHUKLA मेरे ही है, जिसे RUHI SHUKLA के नाम से ही जाना जाये और माना जाये। जो कि सत्य व सही है।

**सूचना**
सूचित हो कि मै रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू , निवासी मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा, थाना, परगना व तहसील-मलिहाबाद जनपद लखनऊ , मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR ) पुत्र बबलू दर्ज है। जबकि मेरे पासपोर्ट संख्या B7257954 पर मेरा नाम रितिक (RITIK) त्रुटिपूर्ण रूप से दर्ज हो गया है मेरा सही नाम रितिक कुमार (RITIK KUMAR) पुत्र बबलू है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम रितिक (RITIK) के स्थान पर रितिक कुमार (RITIK KUMAR) दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे एसजीपीजीआई के सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अरुणा गौतम दर्ज है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम अरुणा देवी पत्नी राम कुमार है भविष्य में मेरी पत्नी का नाम अरुणा देवी सभी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा जाना जाए। **राम कुमार पुत्र भगवान दीन निवासी एकता नगर कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर लखनऊ**

**सूचना**
सर्व समाज को सूचित किया जाता है प्रस्तावित बहुद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड पहाड़पुर अहिरी विकासखंड अहिरोरी न्याय पंचायत गडेउरा तहसील सदर जिला हरदोई की समिति गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 9 जून 25 को समय 11: 00 बजे संपन्न होगी । यह जानकारी समिति द्वारा प्रेषित की गई । **मोबाइल नंबर 9628967077**

# वर्षों से एक ही जगह जमे डॉक्टरों के होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **जिले में 3 साल और मंडल में 7 साल बिता चुके डॉक्टरों पर गिरेगी गाज**
- **प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने जारी की ट्रांसफर पॉलिसी**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों एवं कार्यालयों में लंबे समय से जमे चिकित्सकों पर तबादले के बादल मंडराने लगे हैं। दो दिन पूर्व प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर जारी दिशा-निर्देश के बाद जुगाड़ के दम पर एक ही शहर में जमे डॉक्टर व अधिकारियों को वातानुकूलित कमरों के बावजूद माथे पर पसीना आने लगा है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को स्थानांतरण पॉलिसी के तहत स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण महानिदेशक को निर्देश दिए हैं, उन्होंने स्पष्ट किया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अगर जिले में तीन साल और मंडल में सात साल बीता चुके हैं, को स्थानान्तरित किया जाए। हालांकि विभागाध्यक्षों और मंडलीय कार्यालयों में तैनाती की अवधि उक्त निर्धारित अवधि में नहीं गिना जायेगा। इसके बाद नियमों की जद में आने वाले समूह क व ख के चिकित्सा अधिकारियों ने गुणा-गणित शुरू कर दी है।

इसके अलावा निर्देश हैं कि बीते पांच साल से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक य प्रमुख चिकित्सक व निदेशक, जो एक ही अस्पताल या मंडलीय कार्यालयों में बीते पांच साल से तैनात हैं तो अन्य मंडल में ट्रांसफर किया जाए, हालांकि जो चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में केवल चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उन पर ट्रांसफर पॉलिसी नहीं लागू होगी। इतना ही नहीं, विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारी अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक व एमओआईसी नियुक्ति की अवधि तीन साल से ज्यादा हो चुकी है तो उन्हें उसी जिले में अन्यंत्र स्थानान्तरित किया जाएगा।

### ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में चल रही गणित

विभागीय अधिकारियों का मानना है कि नियमानुसार 10 प्रतिशत यानी प्रदेश में डॉक्टरों के 1000 से ज्यादा तबादले नहीं होने हैं, इसमें अनुरोध पर होने वाले ट्रांसफर भी शामिल हैं। इसके अलावा छोटे जिलों में डॉक्टर सेवाएं देना नहीं चाहते हैं, पूर्व में तबादले के बाद न ज्वाइन करने के तमाम नजीरें उपलब्ध हैं। विभाग खतरा मोल लेने की स्थिति में नहीं है।

### आकांक्षी जिलों में डॉक्टरों को भेजने पर जोर

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के घोषित आठ आकांक्षी जिलों व ब्लाक स्थित सरकारी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित पदों पर डॉक्टर व कार्मियों को तैनात करने पर विशेष जोर दिया गया है। इन जिलों में चित्रकूट, चंदौली, सोनभद्र, फतेहपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती व बहराइच शामिल हैं।

> निर्देशों के अनुसार निर्धारित अवधि से ज्यादा समय से एक ही पद पर कार्यरत अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत अन्य डॉक्टरों के स्थानांतरण होने हैं, इसके लिए अपेक्षित प्रक्रिया चल रही है। अस्पतालों में चिकित्सकीय कार्य प्रभावित न हो,इसलिए चिकित्सकीय सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को तबादले से दूर रखा जाएगा।
> -डॉ.रतन पाल सिंह सुमन, स्वास्थ्य महानिदेशक, उप्र.

### बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए हो रही फसलों की खरीद : अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है, भाजपा धोखा देने में अव्वल है।

## एक नजर

### संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**अंबेडकरनगर :** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार माह के प्रथम शनिवार 7 जून को ईद-उल-अजहा बकरीद और 8 जून को रविवार के कारण सोमवार 9 जून को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से तहसील भीटी में, तहसील टांडा में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में तथा अन्य तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे और शासन के मंशानुसार एक-एक करके आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवती का शव, जांच जारी

**अंबेडकरनगर :** जनपद के अकबरपुर-टांडा रेलमार्ग पर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतका की पहचान सीहमई निवासी 22 वर्षीय कामिनी प्रजापति के रूप में हुई है। वह कन्हैया प्रजापति की पुत्री थी। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत जीआरपी को सूचित किया। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की। इसके बाद शव को अकबरपुर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### खुले में पड़े मांस को नगर पालिका ने हटवाया

**अंबेडकरनगर :** जौहरडीह और पंडाटोला को जोड़ने वाली सड़क के पास पुल के किनारे खुले में पड़े मांस के बड़े-बड़े टुकड़ों की सूचना पर नगर पालिका के अधिकारियों ने आनन-फानन में सफाई कर्मियों की टीम और जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और खुले में पड़े मांस को हटाया गया। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी के माध्यम से मांस के टुकड़ों को उठवाया और साफ-सफाई करवाया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में नदारद रहे डॉक्टर

**टांडा, अंबेडकरनगर :** जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हंसवर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। फार्मासिस्ट श्याम जी यादव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा। एलोपैथ ओपीडी में फार्मासिस्ट अकेले ही सारी जिम्मेदारियां निभा रहे थे। वह मरीजों की पर्ची बनाने से लेकर जांच और दवा वितरण तक का काम कर रहे थे। मेले में 14 मरीजों ने दवा के लिए पंजीकरण कराया। आयुर्वेद विभाग की स्थिति और भी खराब रही। राजकीय आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट कपिल देव वर्मा भी नदारद रहे। आयुर्वेद विभाग की ओपीडी सुबह से ही बंद पड़ी रही। मेले में 15 मरीजों ने बलगम की जांच के लिए सैंपल दिए। लैब टेक्नीशियन मंजू यादव ने बताया कि सैंपल की जांच प्रक्रिया चल रही है। स्टाफ नर्स रेखा यादव मेले में उपस्थित रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार सैवाल ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

### दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर गांव निवासी दीपक कुमार गुप्ता की 26 वर्षीय पत्नी प्रज्ञा की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकता हुआ शव बुधवार को पाया गया था। जिस पर मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर तथा अन्य के खिलाफ दहेज हत्या समेत विभिन्न आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नगपुर तिराहे से रामगढ़ रोड जैतपुर की तरफ पुलिया के पास से पति दीपक, ससुर विनोद तथा सास सावित्री को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

# 28 तालाब व खलिहान की भूमि पर हुए अवैध कब्जे की हुई पैमाइश

## बसखारी, मलिकपुर समेत कई स्थानों पर तालाब, बंजर भूमि का कराया गया सीमांकन

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** रविवार को उपजिलाधिकारी टांडा रेनू के निर्देश पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में राजस्व की टीम ने एक अभियान चलाकर तालाब व खलिहान की भूमि की पैमाइश की। पैमाइश के लिए पहुंची राजस्व की टीम को देखकर अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

बता दें कि रविवार को नायब तहसीलदार अमरीश सिंह और कानूनगो रामनारायण गौड़ के साथ लेखपाल पुनीत पटेल, कुलदीप प्रजापति, पंकज कुमार, आशीष वर्मा और विपिन कुमार ने नगर पंचायत क्षेत्र के बसखारी, मलिकपुर आदि कई स्थानों पर तालाब, बंजर और खलियान की भूमि की पैमाइश कर उसका सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान नगर पंचायत के लिपिक अभिषेक यादव और सहायक राकेश प्रजापति भी मौजूद रहे। यह अभियान शासन और न्यायालय की मंशा के अनुरूप नगर पंचायत क्षेत्र में सरकारी जमीन जैसे तालाब, खलियान, खेल मैदान, बंजर, कब्रिस्तान जैसे सार्वजनिक उपयोग में आने वाली भूमि पर कुछ दबंगों के द्वारा किए गए कब्जे को हटाने के लिए चलाया गया है। जिसमें 28 तालाब, बंजर व खलिहान की भूमि शामिल हैं। अभियान के दौरान जिन व्यक्तियों ने तालाब या खलिहान की जमीन पर कब्जा कर रखा है, उन्हें स्वतः अवैध कब्जे को हटाने की चेतावनी भी राजस्व टीम के अधिकारियों के द्वारा दी गई है। नगर पंचायत क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण और कब्जेधारियों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता व नगर पंचायत प्रशासन भी सख्त हैं।



अभियान चलाकर अवैध कब्जे की पैमाइश करते राजस्व विभाग के कर्मचारी।

### क्या बोले तहसीलदार

राजस्व टीम का नेतृत्व कर रहे नायब तहसीलदार अमरीश सिंह ने बताया कि लगातार 10 दिनों तक अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे व अवैध कब्जेधारियों को चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए जमीनों पर हुए अवैध अतिक्रमण और अतिक्रमणकारियों की सूची नगर पंचायत व शासन को सौंप कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एक्सईएन ने उपभोक्ता को जड़ा थप्पड़

**अंबेडकरनगर:** मध्यांचल विद्युत वितरण खंड अकबरपुर कार्यालय में बिजली बिल की गड़बड़ी की शिकायत लेकर पहुंचे एक उपभोक्ता को एक्सईएन आशीष यादव ने थप्पड़ जड़ दिया। बताया जा रहा है कि उपभोक्ता बिल में बार-बार हो रही त्रुटियों को लेकर कार्यालय पहुंचा था और एक्सईएन से समाधान की मांग कर रहा था। हालांकि बातचीत के दौरान उपभोक्ता ने अपने मोबाइल से वार्तालाप का वीडियो बनाना शुरू कर दिया, जिससे एक्सईएन आशीष यादव भड़क उठे और अपना आपा खो बैठे। इसके बाद उन्होंने उपभोक्ता को थप्पड़ मार दिया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उपभोक्ता का कहना है कि वह केवल अपनी समस्या बताकर समाधान चाहता था, लेकिन एक्सईएन ने न केवल दुर्व्यवहार किया, बल्कि मारपीट पर उतर आए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने की कोशिश की और उपभोक्ता को समझा-बुझाकर कार्यालय से बाहर निकाल दिया।

## राजपूतों को एक मंच पर इकट्ठा होने की है जरूरत : विजय प्रताप




सम्मेलन में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह। अमृत विचार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जलालपुर के रामलीला मैदान में रविवार को भारतीय राजपूत क्रांति सेना के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्रांति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तमाम पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय राजपूत क्रांति सेना न तो कोई राजनीतिक पार्टी है न ही यह कभी भविष्य में कोई चुनाव लड़ेगा, लेकिन सभी राजपूतों को एक मंच पर इकट्ठा होने की जरूरत है, आज राजपूत बिखर चुके हैं। यह क्रांति सेना लोगों को इकट्ठा करने का कार्य कर रही है। हम सभी को अपने वसूल को नहीं भूलना चाहिए। राजनेताओं के चक्कर में लोग बिखर जा रहे हैं, वक्फ बोर्ड पर उन्होंने कहा कि जो कानून बना है बड़े-बड़े लोग जैसे मल्लिकार्जुन खरगे तथा भाईजान जैसे करोड़ों एकड़ की जमीन कब्जा किए हुए हैं। भाई जान 3000 एकड़ की संपत्ति हथियाये हुए हैं। इस दौरान क्रांति सेना के उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह, राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष आरके सिंह, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पिकअप से टपक रहा था खून, पुलिस के फूल गए हाथ-पांव

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जलालपुर क्षेत्र में पिकअप वाहन में मांस होने की सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मामले की छानबीन किया तो पता चला कि इस वाहन में मांस नहीं है बल्कि कुर्बानी किए गए पशुओं की खाल है, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पंथीपुर गांव के पास की है।

बसखारी की तरफ से एक पिकअप वाहन जलालपुर आ रही थी। तभी पंथीपुर गांव के पास पिकअप वाहन का पिछला एक पहिया पंचर हो गया। ड्राइवर ने गाड़ी खड़ी कर दूसरी गाड़ी से भाग निकला। तभी वहां तमाम लोग एकत्रित हो गए। पिकअप वाहन से खून निकलता देख लोगों ने मांस की आशंका जताते हुए जलालपुर कोतवाल को सूचित किया तो कोतवाल मय फोर्स के साथ पहुंच गए। जांच-पड़ताल कर ही रहे थे कि तभी पिकअप चालक भी चक्का बदलने वाला औजार लेकर आ गया। पुलिस को उसने बताया कि मेरा नाम नौशाद है और मैं अलीगंज टांडा का रहने वाला हूं। वहां से चमड़ा लेकर जलालपुर एक मदरसे में जा रहा हूं। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# बकरीद पर नमाजियों ने मांगी अमन चैन की दुआ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** ईद उल अजहा का त्योहार जनपद भर में परम्परागत रूप से पूर्ण आस्था और विश्वास के मनाया गया। एक ओर जहां मुस्लिम समुदाय में जोशो-खरोश देखा गया, वहीं जिला प्रशासन व पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर रहा। सुबह छह बजे से ही बच्चे, युवा और बुजुर्गों का रेला नए परिधान में ईदगाहों तथा मस्जिदों की ओर बढ़ चला था। यातायात पुलिस की मुस्तैदी से कहीं जाम की स्थिति नहीं हुई। कस्बा चौकी प्रभारी नेहा सिद्धार्थ सहयोगियों के साथ सक्रिय देखी गईं। नमाजियों ने ईदगाह और मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की। इस दौरान उन्होंने अमन चैन की दुआ मांगी।

अयोध्या मार्ग स्थित अंबेडकर पार्क के निकट मुख्य ईदगाह में पेश इमाम हाफिज शकील अख्तर व नायब हाफिज नसीरुद्दीन ने लगभग पांच हजार लोगों को नमाज पढ़ाई और अपने अभिभाषण के माध्यम से भाईचारे और एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बकरीद हमें सिखाती है कि समर्पण भाव से अल्लाह के आदेशों का पालन करना चाहिए। मीरानपुर मोहल्ले में शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अकबर अली वायज ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म राष्ट्रवाद का पक्षधर है। लिहाजा हम सब को विदेशी वस्तुओं का परित्याग कर स्वदेशी सामानों के इस्तेमाल पर फोकस करना चाहिए। मिझौड़ा, टांडा, और किछौछा सहित जनपद के विभिन्न स्थानों पर भी ईदगाह और मस्जिदों में नमाज का आयोजन हुआ।



शिया जामा मस्जिद मीरानपुर में ईद उल अजहा के मौके पर सामूहिक नमाज अदा कराते हुए मौलाना अकबर अली। अमृत विचार

### डीएम और एसपी ने नमाजियों को पर्व की दी शुभकामनाएं

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ल और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की निगरानी में अफसरान व पुलिस की टीमें निरंतर भ्रमणशील रहीं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बकरीद ईद उल अजहा त्योहार के अवसर पर तहसील अकबरपुर और टांडा क्षेत्र अंतर्गत स्थित ईदगाह और अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर शांति, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लोगों से मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दी। अधिकारियों ने टांडा के जुबेर चौराहा, घंटाघर चौक से चिंतौरा से होते हुए मुबारकपुर, बसखारी, किछौछा दरगाह आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति और सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास जिला प्रशासन व पुलिस महकमा रहा अलर्ट**

यहां भी पढ़ी गई नमाज : मस्जिद लतीफिया कुरैशनगर में हाफिज अली अकबर मिस्बाही, इमाम बाग ईदगाह में मौलाना आदिल अब्बास रिजवी, पेवाड़ा-मीरानपुर में मौलाना मोईनुद्दीन मियां शेरी, पुरानी तहसील परिसर स्थित किला मस्जिद में हाफिज शिब्ली, जामा मस्जिद लोरपुर ताजन में मौलाना जफर अली रिजवी, जामा मस्जिद मछलीगांव में मौलाना नूरुल हसन रिजवी, दहियावर में मौलाना कमर आबिदी, इल्तिफातगंज में मौलाना औन मोहम्मद रिजवी ने ईदुल अजहा की नमाज अदा कराई।

**सच्चाई के मार्ग पर चलने का किया आह्वान :** जलालपुर में ईद-उल-अजहा का त्योहार नगर व क्षेत्र में शनिवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुबह नगर की सभी मस्जिदों और ईदगाहों में ईद-ए-कुर्बां की नमाज अदा की गई। उसके बाद जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। उर्दू बाजार स्थित जामा मस्जिद में सुबह सबसे पहले 6:30 बजे मौलाना नजीबुल्लाह ने नमाज़ अदा कराई।

## सार-संक्षेप

### सहकारी समिति के कर्मचारियों ने उत्पीड़न का लगाया आरोप

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में सहकारी समिति कर्मचारियों ने सहायक आयुक्त और सहायक निबंधक राघवेंद्र शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अकबरपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने कहा कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और उनका वेतन रोक दिया गया है। बता दें कि सहकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक राम कृपाल वर्मा ने कई मुद्दे उठाए। उन्होंने बताया कि धान खरीद के दौरान प्रति कुंतल 8 रुपए कमीशन की मांग की गई। साथ ही अधिकारी का ड्राइवर अनुज कुमार सचिवों को धमकाकर पैसे मांगता है। कर्मचारियों की शिकायतों में प्रशासनिक अनियमितताएं भी शामिल हैं। एक सचिव को उसकी मूल समिति से 47 किलोमीटर दूर अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। राकेश मिश्रा को कटेहरी में तीन और भीटी में एक सहित कुल 6 समितियों का जिम्मा सौंपा गया है। कर्मचारियों का कहना है कि एक सचिव एक समिति का काम ठीक से नहीं कर पाता है तो छह समितियां कैसे संभाल पाएगा। कर्मचारियों ने चार्ज बंटवारे में भेदभाव का भी आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### विष्णु महायज्ञ का आयोजन 12 से

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के नेवादा-बंदीपुर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध जगरदेव बाबा स्थान पर 12 से 22 जून तक श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए पंडाल की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। बता दें कि महायज्ञ में मुख्य पूजन आचार्य राजेंद्र जी महाराज करेंगे। इस धार्मिक अनुष्ठान में कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। जिनमें प्रधान जयप्रकाश सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, अमित सिंह, संतोष कुमार सिंह और राजेंद्र सिंह बाबा प्रमुख हैं। कार्यक्रम में नागा सिंह, गोल्डन सोनी, प्रभु अग्रहरी और प्रधान इंधना श्याम लाल यादव, भूतपूर्व प्रधानाचार्य भैरव प्रसाद पाठक, पूर्व चिकित्सक देवीप्रसाद शुक्ल और पूर्व प्रधान किरपाशंकर यादव भी शामिल होंगे। इसके अलावा पूर्व प्रधान राम करन यादव, राजेंद्र शुक्ल, वर्तमान प्रधान रविशंकर सिंह, प्रधान सोनू सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश प्रजापति और पूर्व विधायक सुभाष राय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पक्खनपुर विछैला गांव में एक पारिवारिक विवाद के बीच पहुंचे पड़ोसियों ने पति-पत्नी की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि बीते 6 जून की रात करीब 10 बजे गांव निवासी मुन्नाप्रसाद यादव और उनकी पत्नी कविता के बीच बातचीत चल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी अंकुश यादव, उनकी मां शीला और बहनें प्रतिभा और पूजा वहां पहुंच गए। आरोप है कि पहले उन्होंने गाली-गलौज किया। जिसका विरोध करने पर चारों ने कविता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब मुन्नाप्रसाद ने अपनी पत्नी को बचाने की कोशिश की तो उन पर भी हमला किया गया। इस हमले में मुन्नाप्रसाद के सिर में चोटें आईं हैं। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी लोग पहले भी उनसे मारपीट कर चुके हैं। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस ने 114 मोबाइल किए बरामद, स्वामियों को किया सुपुर्द

**आजमगढ़, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में जिले में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 114 एंड्राइड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 28 लाख रुपये) बरामद कर पुलिस लाइन सभागार में संबंधित लोगों को सुपुर्द कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि जिन लोगों का मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाती है, वह लोग सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हैं। जिसके बाद हमारी साइबर टीम सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से फोन को बरामद करती है। इसी क्रम में आज 114 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 28 लाख रुपये हैं, उन्हें उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ पुलिस ने 2024 से अब तक कुल 1775 एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिसकी कुल लगभग कीमत तीन करोड़ 28 लाख रुपये है।

### पूर्व मुख्य सचिव ने बजरंग त्रिपाठी का जाना हाल



बजरंग त्रिपाठी का हाल-चाल लेते दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** ऑल इंडिया चिल्ड्रेन केयर एजुकेशनल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी आजमगढ़ द्वारा संचालित चिल्ड्रन कॉलेज, डेंटल कॉलेज सहित अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक प्रोफेसर बजरंग त्रिपाठी का प्रशासनिक अधिकारी व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उनके आवास पर पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि पूर्वांचल के इस पिछड़े जनपद आजमगढ़ में 48 वर्ष पूर्व जो शिक्षा की बुनियाद प्रोफेसर बजरंग त्रिपाठी ने रखी, आज यह पुष्पित और पल्लवित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ आने का उनका मकसद सिर्फ ऐसे महान व्यक्तित्व प्रोफेसर बजरंग त्रिपाठी को देखना और हाल-चाल लेना था। कहा कि बजरंग त्रिपाठी ने आजमगढ़ जैसे पिछड़े इलाके में शिक्षा का इतना बड़ा साम्राज्य स्थापित कर दिया है, अब यहां सिर्फ विश्वविद्यालय बनना ही बाकी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई की जिस संस्था ने 48 वर्ष पूर्व एक किराए के मकान में एक इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला, वह संस्था आज आजमगढ़ में चिल्ड्रन कॉलेज आईसीएसई बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, अंग्रेजी मीडियम यूपी बोर्ड, डेंटल कॉलेज ,फार्मेसी कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पीजी कॉलेज आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज, लॉ कॉलेज, 6 राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, 3 आईटीआई का संचालन कर रहा है। इसके अलावा इसी वर्ष अस्वस्थ होने के बावजूद भी उनके आशीर्वाद से आजमगढ़ के इटौरा में स्थित एक सैनिक स्कूल की भी आधारशिला रख दी है। इससे साफ जाहिर है कि वह शिक्षा के प्रति कितने समर्पित है। दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रोफेसर बजरंग त्रिपाठी का पदम श्री से सम्मानित श्री रामभद्राचार्य जी द्वारा रचित रामायण व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। इस मौके पर दिनेश मिश्र, डॉ. कृष्णामोहन त्रिपाठी, एड. रविंद्र नाथ त्रिपाठी, उप प्रबंधक वेदांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, बीराकेश राय, धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# सीएम से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद राजभर

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** भाजपा लालगंज के जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने जिले की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और उनका तुरंत समाधान की मांग की।

जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने अतरौलिया विधानसभा अंतर्गत अहरौला-कप्तानगंज मार्ग, सिकंदरपुर-नरियांव मार्ग, निजामाबाद विधानसभा अंतर्गत आसुत-मिर्जापुर-बेलवारी मार्ग, सदर विधानसभा अंतर्गत भंवरनाथ-तहबरपुर मार्ग, रानी की सराय-निजामाबाद मार्ग, छठवारा-मेहनगर मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कराने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीघ्र ही कार्रवाई के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लालगंज में बस अड्डा का निर्माण कराने और वहां से बसों के संचालन कराने, लालगंज में ऑडिटोरियम का निर्माण कराने, अतरौलिया नगर पंचायत का सीमा विस्तार कराने, आजमगढ़ में नया स्पोर्ट्स स्टेडियम तथा छात्रावास बनवाने, शहर में पुराने जेल की जमीन पर पार्क और मल्टी स्टोरेज पार्किंग का निर्माण कराने, सौ शैय्या युक्त संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया में महिला चिकित्सक एवं ऑर्थो सर्जन की नियुक्ति, सीटी स्कैन मशीन लगाने और अस्पताल परिसर में रैन बसेरा के निर्माण कराने की मांग को पुरजोर तरीके से रखा।



मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराते जिलाध्यक्ष विनोद राजभर।

## बाउंड्री वॉल गिराने और मारपीट के मामले में 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** बाउंड्री वॉल गिराने, मारपीट करने तथा गाली-गलौज करने के मामले में मालीपुर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर 14 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के गुवावां जमालपुर का है।

बता दें कि पीड़िता कुसुम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि आबादी गाटा संख्या 98 राजस्व अभिलेख में भूखंड संख्या 31 घरोही के खाते में मेरे पति के नाम दर्ज है। जिस पर मेरा पुश्तैनी कच्चा मकान बना हुआ था और काफी जर्जर हो चुका था, उसको गिराकर उसके स्थान पर बाउंड्री वॉल निर्माण करवा रही थी, जो लगभग 5 फीट ऊंची और 55 फीट लंबी दीवार बन गई थी, जिसे बीते 5 जून को शाम करीब 7 बजे विपक्षी संजय, अभिषेक, राहुल, सुदामा, अजय, आलोक, महेंद्र, अमन, रीता, कुमकुम, संध्या, नीतू, प्रमिला, कुसुम ने बाउंड्री वाल को ढहा दिए। जिससे मेरा काफी नुकसान हुआ। रोकने पर विपक्षी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने पीटने पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू किया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध 7 जून को मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**उपलब्धि** — जिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी जाएगी आधुनिक एवं मॉडर्न शिक्षा

# असगरा मुस्तफाबाद में बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के प्रयास से जनपद के विकास खंड मिर्जापुर के ग्राम असगरा मुस्तफाबाद में सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण होगा। स्कूल के लिए दस एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। चार करोड़ की लागत से विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय निर्माण हेतु इस्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जा रहा है।



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में जिले में शासन की तरफ से मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कराए जाने के लिए जमीन तलाशने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए राजस्व विभाग की मदद से मिर्जापुर ब्लाक के असगरा मुस्तफाबाद गांव में दस एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। राजस्व विभाग की तरफ से जमीन चिह्नित करने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग को अवगत करा दिया गया है। विभाग ने इस जमीन पर विद्यालय के निर्माण के लिए भी अनुमति ले ली है। इसके साथ ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक को भी अगवत करा दिया गया है। इस विद्यालय में 30 क्लास रूम बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कक्षा एक से 12 तक की अलग-अलग कक्षाएं यहां चलेंगी। प्रत्येक कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। स्मार्ट क्लास की स्थापना के साथ ही डिजिटल उपकरणों आदि की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी आदि रहेगा। विद्यालय निर्माण के लिए उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक मुफ्त पढ़ाई होगी। इस विद्यालय में करीब 1500 छात्र-छात्राओं को आधुनिक एवं मॉडर्न शिक्षा दी जाएगी। कक्षा 11 और 12वीं के लिए अलग से कक्षाएं चलेंगी। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास, रोबोटिक्स एवं मशीन लर्निंग ट्रेनिंग, लैंग्वेज, गणित, विज्ञान, कंप्यूटर लैब, मल्टीपरपज हॉल, खेलकूद का मैदान, मॉड्यूलर किचन, डाइनिंग हॉल, सीसीटीवी कैमरे, सोलर पैनल आदि सुविधाएं होंगी।

### खेत में मिला युवक का शव, जांच जारी

**अंबेडकरनगर:** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। टांडा मार्ग पर स्थित हाइडिल कॉलोनी के पीछे खेत में स्थानीय लोगों ने एक शव देखा। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में शव की पहचान कराने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर श्रीनिवास पांडे ने बताया कि शव को पहचान के लिए स्थानीय लोगों को दिखाया गया। लेकिन किसी ने भी शव की पहचान नहीं की। शव करीब एक-दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

## एक नजर

### संदिग्ध हालत में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**सादुल्लाहनगर, बलरामपुर :** शिव शंकर चौराहे से चंद्रदीप रोड पर स्थित मौर्या होटल के निकट, काली माता मंदिर कुर्मीनडीह के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची सादुल्लानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक दृष्टया मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही शव की शिनाख्त कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी में स्टाफ नर्स पर भ्रष्टाचार का आरोप

**करनैलगंज :** ग्राम हीरापुर कमियार चौहान पुरवा निवासी नगेश्वर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित शिकायत आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में तैनात स्टाफ नर्स संध्या गुप्ता द्वारा लेबर रूम में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आरोप है कि प्रसव के दौरान महिला मरीजों से जबरन बाहर के मनचाहे मेडिकल स्टोर से दवाएं मंगवाई जाती हैं और इसमें कमीशनखोरी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों एवं उनके तीमारदारों के साथ दुर्व्यवहार, इलाज में लापरवाही और खुलेआम अवैध वसूली किए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### स्वास्थ्य मेले में 2381 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर।** रविवार को जनपद बलरामपुर के इकतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिसई और पिपरा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2381 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 1013 पुरुष, 776 महिलाएं तथा 588 बच्चे शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों एवम पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय, यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो।

### दहेज के लिए घर से भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** मोहिनी पत्नी अनिल, निवासी मेठियन पुरवा बरौली, थाना उमरी बेगमगंज ने डाक के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र पुलिस को भेजा, जिसमें उसने पति, ससुर, देवर और सास पर दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मोहिनी का आरोप है कि उसके पति अनिल पुत्र धर्मराज, ससुर धर्मराज, देवर सूरज और सास शीला निवासी ग्राम सिसई, थाना उमरी बेगमगंज लगातार अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर व्यापारियों ने जताया आक्रोश

**संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर**

▸▸ 40 हजार उपभोक्ताओं वाले स्थान पर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**अमृत विचार।** स्थानीय नगर में बदहाल विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज, अघोषित कटौती की समस्या को लेकर उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता की अगुवाई में उप खंड कार्यालय पर विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए पांच सूत्रीय मांगपत्र अधिशासी अभियंता (विद्युत) अतुल कुमार को देकर समस्या में सुधार की मांग की गई है।

अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि ने बताया कि यहां तैनात विभागीय अधिकारियों का रात्रि निवास सुनिश्चित किया जाए, रात्रि के समय पर्याप्त संख्या में लाइनमैनों की ड्यूटी लगाई जाए, संविदा कर्मी को आवश्यक उपकरण देने के साथ उनकी संख्या बढ़ाई जाए जिसे लगभग 40000 उपभोक्ताओं वाले नगर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो, आपूर्ति बंद होने पर अधिकारियों के सी यू जी नम्बर चालू रखे जाएं। महामन्त्री रूप चन्द्र गुप्ता ने कहा कि लगभग 9 करोड़ की लागत से निर्मित 132 के वी बिजली केंद्र आधे नगर समेत 450 गांवों के उपभोक्ताओं के लिए निष्प्रयोज्य बन गया है, बेहतर वोल्टेज व आपूर्ति के लिए 132 स्टेशन शुगर मिल से 33/11 विद्युत उपकेंद्र नई बाज़ार को 33 केवी की लाइनों से जोड़ा जाए। अधिशासी अभियंता अतुल कुमार ने कहा कि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा और 132 केवी से नई बाज़ार को जोड़े जाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा विगत दो वर्षों से भेजा जा रहा है जो कि कार्ययोजना में शामिल नहीं हो पाया इस वर्ष 25-26 में भी ऐसा प्रस्ताव भेजा गया है जिसे इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किए जाने की पूरी संभावना है क्योकि इसके जुड़ जाने से नगर समेत ग्रामीण इलाकों को भी बिजली आपूर्ति में लाभ होगा।


बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

उप खंड अधिकारी राम सेवक गुप्ता ने कहा कि नई बाज़ार पावर हाउस के पास कार्यालय हेतु भवन का भी प्रस्ताव किया जा चुका है वहां पर कार्यालय बन जाने से बिजली बिल, मीटर खराबी आदि समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो सकेगा। अमिताभ चक्रवर्ती, राधेश्याम चौरसिया, सरदार बबलू सिंह, प्रदीप गुप्ता, राम गोपाल गुप्ता, ओम प्रकाश अग्रहरि, संजय सोनी मौजूद रहे।

# अधिकारी सुनिश्चित करें की बाढ़ क्षेत्र में न किया जाए पक्का निर्माण

▸ बैठक में ठोस, तरल, प्लास्टिक वेस्ट के निस्तारण की स्थिति की हुई समीक्षा

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार।** जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सदस्य एवं न्यायाधीश अफरोज अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर निकायों में ठोस, तरल, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक, बायोमेडिकल वेस्ट तथा सीवेज ट्रीटमेंट के प्रबंधन की समीक्षा की गई। सभी संबंधित विभागों को इनके समुचित निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालचंद्र मौर्य ने जानकारी दी कि शहर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर के लिए भूमि चिह्नित की जा चुकी है और जल्द ही यह केंद्र कार्यशील हो जाएगा। इस पर एनजीटी सदस्य ने संतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन की सराहना की।


बैठक में मौजूद एनजीटी के सदस्य व अधिकारी। अमृत विचार

एनजीटी जज ने सुआंव नदी के पुनर्जीवन कार्यों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस नदी के जीर्णोद्धार से आसपास के तालाबों व पोखरों में जलस्तर बढ़ेगा और बाढ़ नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि नदी के सक्रिय बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण न किया जाए। हालांकि किसानों को खेती करने से कोई रोक नहीं होगी।

बैठक में डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, प्रभागीय वनाधिकारी एम. सेम्मारन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानदेय वृद्धि की मांग पर अड़े एनएचएम कर्मी

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मियों ने लंबे समय से लंबित मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। संविदा कर्मचारी 15 जून से कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। उत्तर प्रदेश एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को मांग पत्र सौंपा गया है। संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश विक्रम सिंह और जिला महामंत्री अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि बलरामपुर जिले के 829 संविदा कर्मियों को अभी तक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि प्रदेश के 74 जनपदों में यह लाभ पहले ही दिया जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक की लापरवाही और मनमानी के चलते कर्मचारी अपना हक पाने से वंचित हैं। कर्मचारियों ने अप्रैल माह में भी प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया था।

## सार-संक्षेप

### सेना के सम्मान में 30 महादानियों ने किया रक्तदान


सेना के सम्मान में रक्तदान करने वाले विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर प्रदेश भर में गोरक्ष पीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 54 वां अवतरण दिवस हिन्दू स्वाभिमान सप्ताह के रुप में मना रहा है। इसी क्रम में चौथे दिन संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रात: 11 बजे से भारतीय सेना के सम्मान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर किया गया। जिसमें 30 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष चौधरी विजय सिंह ने फीता काटकर व योगी जी के चित्र पर पुष्प वर्षा कर किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ उधोगपति प्रीतम सिंधी व उमेश गुप्ता ने रकदानियों का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान करने वाले क्रमश: गंगा शर्मा कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, सुंदर बाबू सिंह, मण्डल प्रभारी, चौधरी विजय सिंह, जिलाध्यक्ष, जगदम्बा दुबे, जिला महामंत्री, सुनीता तिवारी, जिलाध्यक्ष मातृशक्ति, संजय सिंह, अभिषेक सिंह, सुग्रीव कश्यप, अशोक कुमार, एड. सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश कुमार, भोला सरोज, महेंद्र सिंह, दीपक श्रीवास्तव, राम उजागर वर्मा, राज अग्रवाल, यश अग्रवाल, सगुन केसरवानी, शशि केसरवानी, श्यामल केसरवानी, शशांक केसरवानी, अंकित अग्रवाल, प्रहलाद गुप्ता, मोनिका शर्मा, गौरव सिंह, सौरभ तिवारी, खुशी शर्मा, आर्यन सिंह सहित कुल 30 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं ब्लड बैंक के सहयोगी डॉ. आकांक्षा शुक्ला, सीपी श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाण्डेय, अभिषेक सिंह, अंजलि सिंह, हिमांशु व डॉ. प्रभात का सहयोग सराहनीय रहा।

### आत्महत्या मामले में नया मोड़, पत्नी व प्रेमी पर आरोप

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिगहाचंदा गांव निवासी राकेश कुमार के आत्महत्या मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की मां ने पत्नी व उसके प्रेमी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एसपी गोण्डा को शिकायती पत्र दिया है।

मृतक राकेश कुमार की मां फूलमती ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके बेटे राकेश कुमार की पत्नी का गैर पुरुष से नाजायज सम्बन्ध था। जिसके कारण पति पत्नी में गंभीर विवाद था और आये दिन पत्नी धमकी देती थी कि उसे गलत काम करने से न रोकों नहीं जान से हाथ धो बैठोगे। जिस दिन लड़के राकेश का शव फांसी से लटका मिला था उस दिन पति पत्नी में काफी विवाद हुआ था। बता दें कि 26-27 मई की रात गांव के उत्तर दिशा में पंचायत भवन के सामने शीशम के पेड़ पर राकेश कुमार का शव फांसी के फंदे से लटका मिला था जो अपने माता-पिता का इकलौता वारिस था। तीन महीने पहले दुबई से घर आया था और दक्षिण अफ्रीका जाने की तैयारी कर रहा था। मृतक की मां ने बताया कि शव मिलने के बाद थाने पर पत्नी व प्रेमी के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की मां फूलमती की शिकायत पर मृतक की पत्नी रीमा देवी व विकास कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

### गीता गोष्ठी के रजत जयंती समारोह में आएंगे विद्वान : सुरेश

**गोंडा :** मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान के रामेश्वरम मंदिर में रविवार को गीता गोष्ठी के सदस्यों ने बैठक कर वार्षिकोत्सव को भव्य रूप से रजत जयंती महोत्सव आयोजित करने का संकल्प लिया। गीता गोष्ठी के संयोजक एवं संस्थापक इं. सुरेश दूबे ने कहा कि वर्ष 2000 में नगर के दर्जन भर सनातन धर्म के उत्साही युवाओं ने रविवार को साप्ताहिक गीता गोष्ठी आयोजन का संकल्प लिया गया था। नगर में ढाई दशक से यह गोष्ठी अनवरत रूप से चल रही है। इस वर्ष गोष्ठी के रजत जयंती समारोह को स्मरणीय बनाने के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विद्वान मनीषियों व धर्माचार्यो से प्रवचन करने के लिए आमंत्रित किया गया। समारोह में शास्त्रीय संगीत छात्रों में गीता- प्रश्नोत्तरी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। गोष्ठी के संस्थापक जनार्दन सिंह ने रजत जयंती समारोह के आयोजित समारोह के संभावित सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किया। रजत जयंती समारोह आयोजन तैयारी समिति की बैठक में उत्तम कुमार शुक्ल, श्रीराम अवस्थी, अनिल सिंह, अशोक कुमार जायसवाल, गंगाराम शुक्ल, जोगेंद्र प्रसाद दूबे, छेदीलाल सैनी अशोक कुमार सिन्हा, उमानाथ त्रिपाठी, नारायण प्रसाद पाण्डेय, रामकरन मिश्र, रमेश दूबे, धीरेन्द्र पाण्डेय, चन्द्रभाल पाण्डेय, आर जे शुक्ल मौजूद रहे।

### यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सजग रहे जवान

**गोंडा :** पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर लक्ष्मी निवास मिश्र ने स्थानीय थाना जीआरपी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेखों, बंदी गृह, और महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरती जाए और अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्यालय में अभिलेख को व्यवस्थित किया जाए तथा अपडेट रखा जाए। स्टेशन पर विशेष अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा को लेकर हमेशा सभी लोग सजग रहे हैं। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क से विशेष जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण किया तथा जवानों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक जीआरपी बांके लाल निरीक्षक अपराध हरिवंश यादव, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, हेड कांस्टेबल जयराम यादव, एचसी संतोष कुमार यादव, नागेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।


स्टेशन पर निरीक्षण करते एसपी रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र। अमृत विचार

## नृत्य कार्यशाला के समापन समारोह में दी मनमोहक प्रस्तुति


कार्यशाला के दौरान सम्मानित किए गए गुरुजन व प्रतिभागी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह महाविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी भूपेंद्र सिंह बजाज ने कार्यशाला के आयोजन की सराहना की और प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि डॉ नीरजा शुक्ला और प्रो० वीणा सिंह ने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की प्रशंसा की और कथक गुरु हर्षिता चौहान के प्रयासों की सराहना की। कथक गुरु हर्षिता चौहान ने कहा कि कथक नृत्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और एक कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रतिभागियों और कथक गुरु को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० जे पी पाण्डेय, डॉ के के सिंह, डॉ वंदना सिंह, डॉ सुनील कुमार शुक्ल उपस्थित थे।

## एक देश, एक चुनाव अभियान के समर्थन में स्टीकर अभियान शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक देश, एक चुनाव अभियान के तहत जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में रविवार को भाजपा ने बलरामपुर में स्टीकर अभियान की शुरुआत की।

भाजपा जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने तुलसीपार्क में दीवार लेखन कर एवं दोपहिया व चारपहिया वाहनों पर अभियान से जुड़े स्टीकर लगाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। इससे संसाधनों की बचत के साथ-साथ विकास कार्यों में गति भी आएगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, अंशुमान शुक्ल, जयंत सिंह धर्मू, संदीप उपाध्याय, अभिषेक सिंह हाड़ा, सानू सिंह उपस्थित रहे।

## जंगल में प्रधान के पिता का शव 7 दिन बाद बरामद

**संवाददाता, जरवा, बलरामपुर**

▸▸ पहाड़ी नाले में शव दिखा, रास्ता भटकने की आशंका

▸▸ फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सैंपल लिए

**अमृत विचार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत तुलसीपुर रेंज के बघेलखंड बीट में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत चौहत्तर कला के प्रधान दीपक यादव के 70 वर्षीय पिता राम बहोरे यादव का शव रविवार सुबह एक पहाड़ी नाले में पानी में बरामद हुआ।

दीपक यादव ने बताया कि उनके पिता 30 मई की सुबह 5 बजे घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटे। उन्होंने अपने सभी रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों से संपर्क किया, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। अंततः 4 जून को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और तब से वे लगातार अपने पिता की तलाश कर रहे थे। रविवार सुबह करीब 8 बजे, जब दीपक यादव जंगल क्षेत्र में खोजबीन कर रहे थे, तभी एक पहाड़ी नाले में उन्हें एक शव दिखा। पास जाकर देखने पर शव की स्थिति इतनी खराब थी कि पहचान पाना मुश्किल था, क्योंकि शव उल्टा पड़ा था और पूरी तरह सड़ चुका था।

सूचना मिलते ही सीओ बृजनंदन राय, अन्य पुलिस कर्मी, वन विभाग के अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सैंपल लिए और जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, राम बहोरे यादव मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और संभवतः जंगल में रास्ता भटक गए, जिससे वे नाले में गिर गए और वहीं उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जरवा सुरेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मुल्क की खुशहाली के लिए उठे हजारों हाथ


त्योहार के दौरान नमाज अदा करते अकीदतमंद। अमृत विचार

**उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार।** नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में 7 जून दिन शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज़ अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़ों में सज-धज कर उमड़ पड़े। नमाज़ के बाद देश और समाज की सलामती, अमन-चैन और इंसानियत की कामयाबी के लिए विशेष दुआ की गई।

### ईदी और दावतों से गुलजार हुआ त्योहार

ईद के इस मौके पर बच्चों और बड़ों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों को ईदी देकर खुश किया गया, वहीं मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। कई जगहों पर घरों में विशेष दावतों का आयोजन किया गया, जिनमें बिरयानी, शीर-खुरमा, कबाब और अन्य व्यंजन परोसे गए। त्योहार का माहौल आपसी प्रेम, सौहार्द और इंसानियत का पैगाम लेकर आया।

### नमाज के बाद शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला

ईद की नमाज़ अदा करने के बाद इस्लामी परंपरा के अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने अल्लाह की राह में बंधित जानवरों की कुर्बानी की। कुर्बानी के मांस को तीन हिस्सों में बांटकर एक हिस्सा ग़रीबों, मिस्कीनों और जरूरतमंदों को दिया गया। इस दौरान सामूहिक भाईचारे और सहयोग की मिसाल देखने को मिलीं। शासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

पर्व

**प्रशासनिक टीम ने किया क्षेत्र भ्रमण, नमाज के बाद शुरू हुआ कुर्बानी का दौर**

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच बकरीद शांतिपूर्वक सम्पन्न

**अमृत विचार टीम, गोंडा**

**अमृत विचार :** जिले भर में बकरीद का त्योहार भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दोपहर बाद कुर्बानी दी और एक दूसरे को बधाई दी।

तहसील करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर व कौड़िया, खरगूपुर, मनकापुर, इटियाथोक, मसकनवा सहित पूरे जिले में परंपरागत रूप से बकरीद को मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह ईदगाहों में दो शिफ्टों में नमाज अदा की। पहली नमाज सुबह 7:30 बजे तथा दूसरी नमाज 8:30 बजे अदा की गई। नमाज के पश्चात कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। करनैलगंज उप जिलाधिकारी यशवंत राव, तहसीलदार अनु सिंह एवं क्षेत्राधिकारी विनय सिंह, गोंडा शहर में एसपी विनीत जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, नगर कोतवाली सहित अन्य अधिकारी व पुलिस पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। खरगूपुर नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व शांति पूर्ण माहौल में मनाया गया। यहां कस्बे में दो अलग-अलग ईदगाहों में हाफिज अकबर अली तथा कारी मोहम्मद सलीम द्वारा विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के उपरांत देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआएं की गई। क्षेत्र के विशुनापुर, लोनावा दरगाह, मौलागंज, केसई पुरवा, महाराजगंज, हुसैन नगर पिरवर तारा सहित अन्य स्थानों पर भी बकरीद का त्योहार उल्लासपुर माहौल में मनाया गया। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह अलग-अलग स्थानों का भ्रमण करते रहे।


खरगूपुर के ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार


गोंडा शहर में भ्रमण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

नवाबगंज केक पटपरगंज स्थित ईदगाह में नमाजियों को संबोधित करते हुए इमाम ईदगाह कारी मोहम्मद शरीफ ने कहा कि पैगंबर इब्राहिम की सुन्नत हमें सिखाती है कि अल्लाह की रज़ा के लिए दौलत, वक्त और ख्वाहिशात को कुर्बान करने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। कटी तिराहा स्थित मस्जिद दारुल अमन में मौलाना अब्दुल अहद, मस्जिद रहमत सराय में हाफिज कुर्बान अली, मस्जिद ईददन में हाफिज अब्बास, हुसैनी जामा मस्जिद रघुराज नगर में मौलाना तौफीक रजा निजामी, मस्जिद मदनी कहरान मे हाफिज कमरुद्दीन, मस्जिद कुबा में हाफिज खालिद ने नमाज ईद उल-अजहा पुर सुकून माहौल में अदा कराई।

पटपड़गंज स्थित ईदगाह पर एसडीम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना, ग्राम प्रधान रवि सिंह, साथ कमेटी सदर डॉक्टर इक़बाल अहमद, अशरफ राईन, रिजवान मंसूरी, हाजी मोहम्मद शफीक, शाबान अली हनफी, रियाजुद्दीन ने सभी से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद पेश की।

# कटरा नगर पंचायत बना गंदगी नगर कराह रही जीवनदायिनी टेढ़ी नदी

## पर्यावरण स्वच्छता की कहानी बयां कर रही नदी

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार** : पर्यावरण दिवस पर लोग पौधरोपण करते हैं, जीवनदायिनी नदियों को बचाने का संकल्प लेते हैं और हवाओं में घुल रहे जहर को कम करने पर जोर आजमाइश करते हैं लेकिन कटरा बाजार नगर से सटकर बह रही टेढ़ी नदी की दुर्दशा देखकर कहा जा सकता है कि सबकुछ दिखावा है और कुछ नहीं।


कटरा नगर के रामजानकी घाट पर फैला कचरा। अमृत विचार

कटरा कस्बे का कचरा व गंदा पानी नदी में गिरने के चलते जीवनदायिनी टेढ़ी नदी का अस्तित्व खतरे में है। नगर का कचरा व गंदा पानी कस्बे के वार्ड नंबर 14 में बने तालाब में गिरा करता था। विगत दस वर्षों से नगर प्रशासन की उदासीनता के चलते नदी में गिरा दिया गया है जिससे नदी की पवित्रता व सौन्दर्यता खत्म होने के कगार पर है। नदी के किनारे फैली गंदगी से डेंगू जैसी घातक बीमारी फैल रही है। चित्तौरा झील से निकली टेढ़ी नदी पयागपुर के रास्ते मैदानी क्षेत्रो से लगभग 135 ग्राम पंचायतों से होकर गोंडा के बहुत बड़े भूभाग को आच्छादित करते हुए सरयू नदी में मिलती है। जीवनदायिनी टेढ़ी नदी अपने वेग में प्रवाहित होकर पशु, पक्षियों एवं इंसानों की प्यास बुझाने के साथ खेतों को हरियाली देकर अपनी उपस्थिति का एहसास कराती रही है जो जीर्णोद्धार की आश संजोय विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। नदी जगह-जगह सूख चुकी है। कहीं-कहीं पानी न होकर कीचड़ और सिल्ट के साथ जंगली घास और जलकुंभी से पट चुका है।

नगर के रामगोपाल तिवारी, हर्षित, शुभम, सोनू, मुकेश, जितेंद्र, राहुल आदि लोगों ने बताया कि नगर में चार घाट हैं जिसमें एक प्रमुख घाट राम जानकी मंदिर के पास है जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।

### जिले की चार में दो तहसीलों को जीवन देती है टेढ़ी

टेढ़ी नदी बहराइच से होते हुए जिले की कर्नलगंज व तरबगंज तहसील में बह रही है। विकासखंड कटरा बाजार में 72 किलोमीटर, हलधरमऊ में 13 किमी, परसपुर में 10, बेलसर 28, झंझरी में 27, तरबगंज में 35 व नवाबगंज में 34 किलोमीटर लंबाई है। यह गोंडा जिले की जीवन रेखा है जो जिले के अधिकांश भाग को अपने जलस्रोतों से लोगों को जीवन दे रही है।

> घाट पर फैली गंदगी की सफाई कराकर नदी की सफाई के साथ, नगर के नालों का गंदा पानी को समुचित स्थान पर गिराया जाएगा। साथ ही जर्जर घाट का मुआयना कर उसका ध्वस्तीकरण कराकर घाट का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।
>
> **-संजय मिश्रा**, ईओ, कटरा बाजार

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से नगर का गंदा पानी नदी में न गिराने, नदी की सफाई कराने के साथ ही घाट के जीर्णोद्धार की मांग की है।

# बच्चों के विवाद में चले लाठी डंडे व धारदार हथियार

**खरगूपुर :** बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडा व फरसा चलने से चार महिला सहित 12 लोग घायल हो गए। ग्राम पंचायत फरेंदा शुक्ल में सुषमा देवी पत्नी पहलवान अवस्थी व नंद बाबू अवस्थी में बच्चों को लेकर विवाद हो गया। उसी को लेकर दोनों के लोग लाठी डंडा व फरसा लेकर एक दूसरे पर हमला कर दिए। जिसमें एक पक्ष के सुषमा देवी, ओम अवस्थी, गायत्री पत्नी दिनेश कुमार, शिव विहारी, अर्जुन व अन्नू को घर में घुसकर मार पीट कर घायल कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के नंद बाबू, मीरा पत्नी नेवल प्रसाद, ननका पत्नी झिन्कू, विमल कुमार, मीरा व झिन्कू को चोंटे आयीं। पुलिस ने प्रथम पक्ष से भगौती, त्रिवेणी, आकाश, गनेश, देशराज, नेवल, झिन्कू, अतुल, सौरभ, राजीव मिश्रा के विरुद्ध बलबा, घर में घुसकर हमला, धमकी तथा दूसरे पक्ष से रोहित, अवध बिहारी, ब्रज नंदन, रमन के विरुद्ध हमला व धमकी आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घायलों को सीएचसी भिजवाया गया है।

# पुलिस से युवक की झड़प का वीडियो वायरल

**दो वांछित गिरफ्तार**

**परसपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हाथीबोर सकरौर गांव में डायल-112 पुलिस और युवक के बीच हुई हाथापाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में युवक के हाथ में डंडा है और पुलिसकर्मी उसे काबू करने के लिए उसके बाल पकड़कर खींचता दिख रहा है।


पुलिसकर्मी व वांछित के बीच उठापटक की फोटो। अमृत विचार

मामला उस समय बिगड़ा जब लखनऊ निवासी राम भवन ने सूचना दी कि श्रवण कुमार नामक युवक घर में घुसकर तोड़फोड़ और धमकी दे रहा है। मौके पर पहुंची डायल-112 टीम ने श्रवण से पूछताछ शुरू की, लेकिन आरोप है कि वह नशे में था और लाठी लेकर बाहर आ गया। जब पुलिस ने लाठी छीनने की कोशिश की तो वह हमलावर हो गया और ग्रामीणों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई। दीवान गिरजा शंकर लाठी छीनने की कोशिश में युवक का बाल पकड़ लेते हैं, जिससे विवाद बढ़ गया। हाथापाई में दीवान को हाथ, गले और आंख के पास चोटें आईं। इसका वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल गांव भेजा गया। दीवान गिरिजाशंकर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर राम लखन पुत्र पंचम लाल (20) व शिव बचन पुत्र स्व. रामखेलावन (64) को गिरफ्तार कर वास्ते रिमांड न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सावन सिंह, मुख्य आरक्षी मुन्नीलाल चौहान व आरक्षी अभिषेक यादव ने की। इस संबंध में परसपुर थाना प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने वाले दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के तहत न्यायालय भेजा गया है।

# फांसी के फंदे से लटक कर बालिका ने दी जान

**इटियाथोक, अमृत विचारः** मीना देवी पत्नी चन्द्रकान्त सोनकर निवासी ग्राम ब्रह्मचारी कुट्टी पुरे सिधारी स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि हमारे पति शराब पीकर आये दिन उसे व बच्चों को मारते पीटते रहते हैं।

शनिवार की रात उसे व मेरी बेटी कोमल उर्फ चांदनी (15) को मारने पीटने लगे। वह अपने पति की मार की डर से गांव वाले के घर जाकर छिप गयी तथा बेटी कोमल उर्फ चांदनी अपने पिता की मार से क्षुब्ध होकर नीम के पेड़ में साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब पति को घटना के बारे जानकारी हुई तो पति चन्द्रकान्त पुत्र रूसे अपने सगे भाई जयकरन पुत्र रुसे के साथ मिलकर बेटी की लाश को उतार कर लाश को छिपा दिये। दोनों लोग घर से गायब हैं। बेटी कोमल उर्फ चांदनी ने चन्द्रकान्त सोनकर की मार व गलत व्यवहार से ही फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चन्द्रकान्त सोनकर पुत्र रुसे व जयकरन पुत्र रूसे निवासी ग्राम ब्रह्मचारी कुट्टी पुरे सिधारी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

# सोशल मीडिया पर तेंदुए का फोटो वायरल, दो दिनों से हांका लगा रहे वन कर्मी

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार** : जंगली जानवर का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर वन विभाग की टीम ने गोला फोड़कर कर झाड़ियों व गन्ने के खेतों में हांका लगाकर दो दिन से कांबिंग कर रही है। लेकिन जंगली जानवर अभी टीम की पकड़ से दूर है। जिससे ग्रामीणों में बच्चों के प्रति दहशत बना हुआ है। लोग सावधानीपूर्वक घरों से निकलने को मजबूर हैं।

लगभग पखवारा भर के भीतर नर भक्षी जानवर ने एक चार माह की बच्ची को अपना निवाला बना चुका है तो वहीं दो वर्षीय बच्चे पर हमलाकर उसे गंभीर से घायल कर दिया था। जिसे उसकी बड़ी मां के जानवर से छीना झपटी कर लड़ाई के बाद बच्चे की जान बच सकी थी। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया के मजरा नाग बाबा पुरवा से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत में एक जंगली जानवर के घूमते हुए वीडियो वायरल हो रहा था। ग्रामीण अलखराम दुबे, देवराज दुबे, मुकेश दुबे, शशांक द्विवेदी, गोविंद नारायण द्विवेदी के अनुसार वीडियो में दिखने वाला जानवर तेंदुए के शावक जैसा दिखता था।

**तलाश जारी**

**पखवारा भर के भीतर नरभक्षी जानवर एक चार माह की बच्ची को निवाला बना चुका है, वहीं दो वर्षीय बच्चे को घायल कर दिया था**

नरभक्षी जानवर दिखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वह बच्चों को घर के अंदर बंद रखने पर मजबूर हैं। वन विभाग की टीम ने सप्ताह भर पूर्व जाल लगाकर दो सियारों को पकड़ा था। डिप्टी रेंजर अभिषेक वर्मा ने बताया कि टीम झाड़ियों व गन्ने के खेतों में हांका लगाकर व गोला दागकर कांबिंग कर रही है। लेकिन जंगली जानवर अभी पकड़ से दूर है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया स्कूटी सवार युवक, मौत

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर मिश्रा ढाबा के निकट एक स्कूटी सवार युवक सड़क पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इटियाथोक बाजार में सलमान डिस्प्ले के नाम से मोबाइल का दुकान चला रहे सलमान (32) पुत्र मोहम्मद शफीक रात को 9:00 बजे अपनी दुकान बंद कर गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर स्कूटी से जा रहा था। मार्ग स्थित मिश्रा ढाबा के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। घायलावस्था में लोगों ने एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजवाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक शेषमणि पांडे ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई सूचना या प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।


सलमान (फाइल फोटो)।

### बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**उमरी बेगमगंज :** उमरी बेलसर मार्ग पर पकवान गांव के पास ई रिक्शा और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक चालक बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस की सहायता से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ऐली परसौली निवासी झिनकू निषाद परवर की खेती करते हैं और रविवार को दोपहर उनका बेटा दिलीप साथियों के साथ परवर बेचने के लिए बाजार जा रहा था। तभी उमरी बेलसर मार्ग पर पकवान गांव के पास एक ई रिक्शा से उसकी भिड़ंत हो गई जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। सड़क किनारे वह घंटों तड़पता रहा, लेकिन किसी ने उसे अस्पताल तक नहीं पहुंचाया। उसके साथी जब अपना परवर बेचकर वापस लौटे तो उसे सड़क किनारे तड़पता देखकर पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से गांव में मातम का माहौल है। मृतक की शादी करीब 2 साल पहले हुई थी और वह एक दुधमुहे बालक का पिता था। पत्नी सहित माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव के ही डॉ. इंदल निषाद ने मौत की पुष्टि की है।

### फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के मामले में सात पर केस

**रुपईडीह :** बालिका की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप मे पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है। कौड़िया के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने मे तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी अवयस्क बालिका की गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक पर अश्लील तस्वीर अपलोड की जा रही थी। जब उसने मना किया तो उसके घर वालों ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर गाली-गलौज देते हुए घर पर आ गए। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि मां के तहरीर पर जीवन लाल, राम अचल, संदीप, बच्चाराम, बूनी, जीवन लाल की पत्नी व बेटी के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की विवेचना क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज करेंगे।

## एक नजर

### आभूषण की दुकान से चांदी के जेवरात चोरी

**परसपुर, गोंडा :** भौरीगंज बाजार में स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बगल में एक आभूषण की दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चांदी के जेवरात चोरी कर लिए जाने के मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की है। भौरीगंज कस्बा निवासी अन्ना सोनी ने बताया कि उनकी दुकान के काउंटर में रखा गया चांदी का सामान, जिसमें 9 जोड़ी पायल और लगभग 300 ग्राम बिछिया थी, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### कोचिंग पढ़ने निकला छात्र लापता, मुकदमा दर्ज

**मनकापुर :** थाना मोतीगंज के गांव भोरहा मजरा शंकर पुरवा निवासी पूनम देवी पत्नी संतोष कुमार ने कोतवाली मनकापुर में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है जिसमें उसका आरोप है कि उसका 10 वर्षीय बेटा अहम आजाद जो गुरुवार को सुबह सात बजे घर से कोचिंग पढने के लिए कुडासन बाजार गया था। वापस नहीं आने पर पता लगाने पर पता चला कि कोचिंग में अनुपस्थित रहा। बहुत खोजबीन करने पर रेलवे स्टेशन पर बच्चे की साइकिल मिली। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी की मदद से बच्चे को बरामद करने की मांग किया है। कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि बच्चे की मां की तहरीर अपहरण का केस दर्ज कर बच्चे को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### साढ़े दस बजे तक पांच मरीजों का इलाज

**बेलसर (गोंडा)।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेला में साढ़े दस बजे तक पांच मरीजों का इलाज किया गया। पीएचसी माधवपुर में रविवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कोई एमबीबीएस डॉक्टर नहीं था। आरबीएसके डॉक्टर शशि रत्ना ने साढ़े दस बजे तक पांच मरीजों का इलाज किया। बताया कि केंद्र पर जांच की कोई सुविधा नहीं है लक्षण के आधार पर इलाज किया जाता है। जांच के लिए सीएचसी बेलसर भेज दिया जाता है। फार्मासिस्ट दिवाकर पंजीकरण के साथ साथ दवा का वितरण कर रहे थे। डॉक्टर शशि रत्ना ने बताया कि जुकाम बुखार के मरीजों की संख्या अधिक है।

### स्वच्छता अभियान कल

**रुपईडीह।** वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत केवलपुर में आगामी 10 जून को स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कर्मियों की टीमों द्वारा सड़कों व नालियों की सफाई कर ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी। प्रधान किरण यादव ने बताया कि इस अभियान की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकिता जैन द्वारा ऑनलाइन की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाए जाने के लिए पंचायत सचिव राजकुमार द्वारा सभी सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिया गया है।

### आपसी विवाद में मारपीट केस दर्ज

**तरबगंज।** बेलसर बाजार में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्ष से हुई शिकायत पर केस दर्ज हुआ है। एक पक्ष से शिकायत करते हुए जगन्नाथ कोरी ने बताया की आपसी विवाद को लेकर अनिल कुमार पाण्डेय, राजकुमार उर्फ रज्जू पाण्डेय व रोहन पाण्डेय ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारने लगे बचाने दौड़ी माता कनक कुमारी, पिता पाटनदीन पत्नी पूनम को भी मारे पीटे हैं। दूसरे पक्ष से सुमन पाण्डेय ने शिकायत में कहा कि जगन्नाथ, मोहित, संतोष, सूरज सभी लोग एकजुट होकर सहन दरवाज़े पर आकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा में भावविभोर हुए श्रोता

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्राम मुण्डेरवा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में राजा परीक्षित व नारद भगवान की कथा ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा में धर्म और आध्यात्म की महत्ता को रोचक ढंग से बताया गया। कथा प्रवाचक पंडित संजीवाचार्य महाराज ने गीता के उद्देश्य को बताया। कथा के दौरान नारद भगवान और राजा परीक्षित की अद्भुत और प्रेरणादायक कथा सुनाई गई। कथा में बताया गया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने मृत्यु के भय से परे जाकर सात दिन तक श्री शुकदेव मुनि से भगवत कथा सुनी और आत्मा की मुक्ति का मार्ग प्राप्त किया। नारद मुनि के संवाद और भक्ति के प्रसंगों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हुए कथा प्रवाचक ने कहा कि श्रीमद भागवत पुराण की कथा को सुनने से सात जन्मों के पाप का अंत होता है, गुरु के बताए सदमार्ग पर चलने से जीवन में आने वाला संकट समाप्त हो जाता है। कथा प्रवाचक ने भक्ति, सद्भाव और हिन्दू संस्कृति व एकता को सशक्त किया। गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान भगवान बक्श सिंह और शकुंतला सिंह ने पूजन अर्चन किया। इस दौरान रितेश मिश्रा, अरविंद प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, केडी सिंह, विद्या भूषण सिंह, सुरेश सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### भाजपा ने चलाया पौधरोपण अभियान, एक पेड़ मां के नाम

**करनैलगंज :** भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल की ओर से मौर्य नगर स्थित बूथ संख्या 21 के शक्ति केंद्र, बस स्टॉप चौराहा के समीप मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी संगठन प्रभारी विजय बहादुर पाठक के गोंडा आगमन पर करनैलगंज बस स्टॉप पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण से की गई। विजय बहादुर पाठक ने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी का श्रृंगार हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए इनका होना अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्वयं पौधरोपण करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी, सरयू मंडल अध्यक्ष हरिओम ओझा, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित, संजय यज्ञसैनी, कन्हैयालाल वर्मा, महामंत्री क्षेम पाठक, लक्ष्मी चंद खेतान, नरेंद्र, मुकेश कुमार वैश्य समेत अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फर्जी इकरारनामा तैयार कर जमीन हड़पने की कोशिश

**परसपुर।** नगर पंचायत के एक व्यक्ति की पुश्तैनी भूमि को फर्जी दस्तावेजों के सहारे कब्जाने की कोशिश करने का मामले में पुलिस ने 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू किया है। नगर पंचायत निवासी अनिल कुमार रस्तोगी पुत्र स्व. मोतीलाल रस्तोगी ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। अनिल रस्तोगी के अनुसार गाटा संख्या 559 की जभूमि का पहले 1/2 भाग फिर 1/4 भाग का फर्जी इकरारनामा बनवाकर षड्यंत्र पूर्वक भूमि पर कब्जे की कोशिश की, जबकि वह स्वयं इस जमीन के संक्रमणीय खातेदार हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो विपक्षियों ने उन्हें थप्पड़ मारा, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण में राघवेन्द्र सिंह, कुंवर महावीर सिंह मोहम्मद शाहिद, फरीद सहित 18 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### भाजपा की कार्यशैली से ठगा महसूस कर रही जनताः डॉ अवधेश

**गोंडा :** विधानसभा मनकापुर के झिलाही बाजार में समाजवादी शिक्षक-सभा का जन चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समाजवादी शिक्षक-सभा के जिला महासचिव डॉ अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन सच्चा लोकतंत्र है, लेकिन आज जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सत्तारूढ़ पार्टी के एजेंडे से जनता की सेवा गायब है। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की कोई बात नहीं करता। समाजवादी शिक्षक-सभा के जिलाध्यक्ष विपिन चंद्र वर्मा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा, तभी लोकतंत्र की रक्षा हो सकेगी। सत्तारूढ़ पार्टी जनहित के मुद्दों से दूर जनता को मंदिर-मस्जिद में उलझा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करती है। जनता अब समझ चुकी है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव एवं मंडल प्रभारी प्रोफेसर मंशाराम वर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की दिशा और दशा तय करता है लेकिन आज प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के शिक्षकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसी कारण जनता अब 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश की कमान सौंपने जा रही है। चौपाल को भालचंद्र यादव, अवधेश कुमार, मिथुन कुमार, जगत राम भारती, जवाहरलाल यादव, गौतम बुद्ध, बलराम वर्मा, कमलेश वर्मा, विजय कुमार यादव, श्याम किशोर, राधेश्याम सोनकर, मनीराम निषाद, अमरजीत वर्मा, तरुण यादव, यमुना प्रसाद, अर्जुन यादव, रामकरन, रमेश कुमार, अजय कुमार, बी रावत आदि ने संबोधित किया। मनकापुर विधानसभा अध्यक्ष डीएन वर्मा आभार व्यक्त किया। संचालन विनय कुमार यादव ने किया।

### भागने की कोशिश कर रहे युवक को पुलिस ने धर दबोचा

**मनकापुर, गोंडा।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे एक युवक को पुलिस टीम ने धर दबोचा। पूछताछ में उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई, जिस पर उसने फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी और चेसिस नंबर भी मिटा दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर परसापुर थनवा की ओर से जंगल की तरफ आ रहे एक युवक ने पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान युवक ने पहले इधर-उधर की बातें बनाईं, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने कबूल किया कि बाइक उसने करीब तीन साल पहले लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र से चोरी की थी। आरोपी की पहचान अमर सिंह उर्फ प्रिंस (30) पुत्र दुर्गा प्रसाद सिंह, निवासी कोल्हार गांव पचपुती जगतापुर, के रूप में हुई। उसने चोरी की बाइक पर असली नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी और चेसिस नंबर भी मिटा दिया था ताकि उसकी पहचान न हो सके। पुलिस ने इंजन नंबर के आधार पर आरटीओ से जांच कराई तो मामला खुल गया और बाइक चोरी की निकली। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी, कूटरचना सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### सीएचसी परसपुर लाया गया युवक मृत मिला

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीका मिश्र पुरवा बलमत्थर निवासी एक युवक की मौत की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार सुबह करीब 9 :55 बजे मृत अवस्था में अरुण कुमार (28 वर्ष) पुत्र फूलचंद को उसके परिजन निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर लाए, जहां तैनात सफाई कर्मी रामचन्दर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचायत नामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अस्त हो गया ज्योतिष का दैदीप्यमान नक्षत्र

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** ख्यातिलब्ध ज्योतिषाचार्य व टाटा कंपनी के सेवा निवृत्त कर्मचारी पटना वाले बाबा का शनिवार को सायं चार बजे 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनके शव को नगर भ्रमण के बाद झालीधाम आश्रम ले जाया गया और उसके बाद अयोध्या धाम के सरयू में रविवार को जल समाधि दी गई। बिहार प्रदेश के पटना निवासी व टाटा कम्पनी में नौकरी के बाद सेवानिवृत्त हुए मदन सिंह पुत्र उगम सिंह खरगूपुर क्षेत्र में लगभग 50 वर्ष पूर्व आये थे। धीरे धीरे वह यहां 'पटना वाले बाबा' के नाम से विख्यात हो गए। कुछ वर्षों तक वह भगवानदीन पुरवा में रहे। लेकिन उसके बाद उन्होंने खरगूपुर नगर पंचायत के दर्जी पश्चिमी मुहल्ले में निजी जमीन खरीदकर मकान बनाया और स्थायी रूप से यहां रहने लगे। पेंशन से मिलने वाले रुपये से अपना जीवन यापन करते थे। उन्होंने कभी जन्म कुंडली व जन्म पत्रिका देखने के नाम पर एक रुपये भी नहीं लिया। उन्होंने अयोध्या के जानकी वल्लभ कुंज से मंत्र-दीक्षा ली थी और आजीवन ब्रह्मचारी रहकर उसका पालन किया। पटना वाले बाबा झालीधाम आश्रम के ब्रह्मलीन सन्त स्वामी राम मिलन दास के गुरु भाई थे। वे ज्योतिष की नि शुल्क शिक्षा देते थे व जन्म कुंडली देखकर ग्रह शांति का उपाय भी बताते थे। उनके शरीरांत की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनता व शिष्यों का जमावड़ा लग गया। उनके प्रिय शिष्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नगर भ्रमण उपरांत उनको अयोध्या में जल समाधि दी जायेगी। उनके देहावसान पर क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सुधीश पाण्डेय, उमा शंकर तिवारी, दिनेश शास्त्री, ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, श्रीगणेश श्रीवास्तव, बजरंग दास सहित सैकड़ों अनुयायियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।


ज्योतिषाचार्य पटना वाले बाबा (फाइल फोटो)। अमृत विचार

**अनदेखी**

**दो माह से दौड़ते रहे अधिकारी पर किसान गेहूं देने को तैयार नहीं, अगर बोनस की होती घोषणा तो भर जाता सरकार का अनाज खजाना**

# बाजार की तेजी और सरकार की धीमी गति से किसान हुए दूर

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : सरकारी नियम कानून पर डरा धमकाकर अधिकारियों ने 27 प्रतिशत गेहूं की खरीद कर पाईं। दो माह से अधिक समय से कांटा बांट लेकर बाट जो रहे क्रय एजेंसियों को किसानों ने तवज्जो नहीं दी। ऐसा भी नहीं है कि गेहूं नहीं है लेकिन बाजार की तेजी ने सरकार की धीमी गति व कम मूल्य के कारण किसानों ने सरकारी नीति से मुंह फेर लिया। एक सप्ताह बाद गेहूं खरीद की सरकारी दुकानें बंद हो जाएंगी और सरकार का गोदाम खाली रह जाएगा।


गल्ला मंडी में सरकारी केंद्र पर रखा किसानों से खरीदा गया गेहूं। अमृत विचार

गेहूं खरीद सत्र 2025 -26 का शुभारंभ 17 मार्च से हुआ था। सात जून तक खरीद के जो आंकड़े हैं वह लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंचा। गेहूं खरीद केंद्र 15 जून तक चलेंगे। न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जा रहा है। जो विगत साल से 150 रुपये अधिक है। जिले में करीब 5 लाख किसान गेहूं की खेती करते हैं। खुले बाजार में गेहूं के भाव में गिरावट तो आई है, लेकिन अभी भी सरकार की ओर से घोषित किये गए मूल्य से करीब 100 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है।

गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी छह एजेंसियों को दी गई है, जिसमें खाद्य विभाग, यूपीएसस, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम, मंडी समिति, पीसीएफ हैं। मंडी में व्यापारियों के यहा गेहूं खूब आ रहा है लेकिन सरकारी केंद्रों पर लोग नहीं जा रहे हैं। सरकारी केंद्रों पर गेहूं के कम आवक देखते हुए कई व्यापारियों के गोदाम पर छापेमारी भी की गई, छोटे मझोले व्यापारियों को धमकी दी गई, डराया धमकाया गया तब कुछ ने सरकार को मजबूरी में अपना गेहूं बेच दिया जिससे सरकार की खरीद केवल 27 प्रतिशत तक हो पाई है।

अब तक पूरे जिले में 2532 किसानों ने अपने गेहूं को सरकारी केंद्रों पर बेचा है। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों का दावा है कि लक्ष्य के नजदीक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। लगातार किसानों से संपर्क भी किया जा रहा है। अधिकतर गेहूं की खरीद मोबाइल परचेज से हुई है। मोबाइल परचेज के माध्यम से किसान के घर व खेतों में जाकर केंद्र प्रभारी ने अधिकतम गेहूं खरीदा है।

> न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना 2025- 26 के तहत गेहूं खरीदा जा रहा है। लक्ष्य सापेक्ष करीब 26 .51 प्रतिशत गेहूं खरीद हुई है। गेहूं खरीदने को लेकर केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया जा रहा है। साथ किसानों से भी संपर्क किया जा रहा है। किसानों के घर जाकर भी केंद्र प्रभारी गेहूं खरीद कर रहे हैं। अब तक जनपद के 2532 किसानों ने सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचा है। अब तक जो खरीद हुई है उसमें से 60 फीसदी गेहूं मोबाइल परचेज से ही किया गया है।
>
> **-प्रज्ञा मिश्रा**, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

> वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

> आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# हंसिया से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतारा

## बचाने दौड़ी चचिया सास और सगी बहन पर भी किया हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** छोटे भाई की शनिवार की रात बारात गई थी। रविवार की सुबह बारात विदा होकर गांव पहुंची। इस दौरान युवक की पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। गुस्से से लाल युवक ने हंसिया से पेट पर प्रहार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। चचिया सास बचाने दौड़ी तो हमलावर ने डंडे से हमला कर उसे और अपनी सगी बहन को घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गया। घटना के बाद घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।


अस्पताल में भर्ती घायल महिला। अमृत विचार

रामगांव थाने के मुद्दापुर के मजरे बाबा पुरवा गांव निवासी पवन कुमार यादव पुत्र राम मनोहर के छोटे भाई की शनिवार की रात बारात गई थी। रविवार सुबह करीब दस बजे बारात विदा होकर गांव पहुंची। इस दौरान पवन की 30 वर्षीया पत्नी संगीता देवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। बातों ही बातों में आक्रोशित पवन ने हंसिया से पत्नी के पेट पर वार कर दिया। हमले से संगीता लहूलुहान होकर गिर गई। बीच-बचाव करने पहुंचीं पवन की चचिया सास श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली के शिवाला पुरवा निवासनी पत्नी पीतांबर व सगी बहन चार वर्षीया रिंकी को भी डंडे से प्रहार कर घायल करने बात हमलावर फरार हो गया। वारदात से घर में अफरा-तफरी मच गई। जब तक लोग संगीता को अस्पताल ले जाते, मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि हत्या की वजह तलाशी जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## युवती ने फंदा डालकर की आत्महत्या

**बहराइच अमृत विचार।** शादी टुटने पर आधी रात बाद युवती ने घर के कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। रविवार को युवती की सगाई की रस्म तय थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

फखरपुर थाने के केतारपुरवा गांव निवासनी 22 वर्षीय वंदना की दस माह पूर्व हरदी थाने के माधवपुर के युवक से शादी तय हुई थी। रविवार को उसकी सगाई की रस्म होनी थी। शादी तय होने के कुछ समय बाद वर पक्ष के यहां मां की मौत हो गई। शनिवार को वर पक्ष ने शादी कैंसिल करने की सूचना दी। तो परिजनों में हाहाकार मच गया। रविवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो देखा कि बंदना की लाश कमरे में दुपट्टे से टंगी थी। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। एसएचओ मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि लाश का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसों में दो वर्षीय बालक समेत 5 की मौत, 5 घायल

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के विभिन्न मार्गों पर सड़क हादसों में दो वर्षीय बालक समेत पांच लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को उपचार के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

प्राप्त सूचना के अनुसार रविवार की सुबह मटेरा थाने के कटेलिया महारथा निवासी कमलेश अपने दो वर्षीय के पुत्र सुभीत की तबियत ठीक न होने पर झाड़ फूंक के लिये लेकर बाइक से रामगांव जा रहे थे। बालक को उनका साथी गांव का ही जगदीश पुत्र देवी प्रसाद गोद में लेकर बैठा था। रास्ते में तुलसीपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बालक की मौत हो गई और बालक के पिता व उसके साथी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उधर , नानपारा - लखीमपुर हाइवे के गिरगिट्टी गांव के पास शनिवार रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मोतीपुर थाने के नयापुरवा निवासी बबलू पोरवाल (25) पुत्र प्रहलाद गुप्ता व बगहा गायघाट निवासी राजकुमार (32) पुत्र बुध्दू की मौके पर ही मौत हो गई। बबलू अपनी होने वाली पत्नी की तबीयत खराब होने की खबर पाकर देखने ईसानगर , लखीमपुर जा रहा था। दूसरी ओर , शनिवार रात नबाबगंज थाने अलीनगर खुर्द गांव के पास बाइक से आवारा मवेशी से टकरा गई और उस पर सवार श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाने के रानीपुर बढहिनपुरवा निवासी दिलशाद (26) पुत्र इदरीश व उसकी पत्नी तैयबा (20) तथा भाई शहबाज (12) गम्भीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को इलाज के लिये मेडिकल कॉलेज लाया गया , जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के बाद दिलशाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं मटेरा थाने के इटहा चौराहे के पास शनिवार की रात इसी थाने के भगवानपुर के पसियनपुरवा निवासी सुरेश (26) अपने पिता को निजी चिकित्सक को दिखाने इटहा कहारनपुरवा बाइक से जा रहा था। इटहा चौराहे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। पिता व दोनों घायल हो गये और मेडिकल कालेज लाने पर चिकित्सक ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया।

### विभिन्न सड़क हादसो में महिला की हुई मौत, 15 लोग घायल

**संवाददाता, बहराइच ,अमृत विचार।** शादी समारोह में शामिल होने बाइक पर सवार होकर जा रहे बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र के चंदनापुर निवासी कीर्तिवर्धन (25) अपनी पत्नी सरोज (21) और ससुर राजाराम (50) जैसे ही टिकोरा मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सरोज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कीर्तिवर्धन और राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। वही दूसरी घटना कोतवाली देहात इलाके की है जहां पर बारात में शामिल होने जा रहे बाइक सवार नवनिर्मित पुलिया में गिर गए, जिससे तीनो को गंभीर चोटें आई है सभी घायलों में मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना खैरीघाट थाना क्षेत्र की है जहां पर 21 वर्षीय धर्मेंद्र व 26 वर्षीय ननकऊ जो मोतीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर के रहने वाले हैं खैरी घाट थाना क्षेत्र के केवलपुर पिपरिया गांव में बारात में शामिल होने जा रहे थे जैसे ही मक्का पुरवा चौराहा के पास पहुंचे ही थे की दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दौलतपुर थाना मोतीपुर के रहने वाले पन्नू लाल व सुरेश भी घायल हो गए सभी को शहर के मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां पर इनका इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे में घायल सभी को एंबुलेंस की मदद से स्थानीय अस्पताल भिजवाया गया था जहां से हालत गंभीर देख बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। चौथी घटना पांडे पुरवा इटहा की है। परिजनों ने बताया कि 18 वर्षीय आजाद व 25 वर्षीय इरफान जो कुरवारी थाना मटेरा के रहने वाले है। बाइक पर सवार होकर बकरीद होने के चलते अपने बहन के यहां दावत के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई है जिन्हें मेडिकल कॉलेज में लाकर भर्ती कराया गया है जहां पर डॉक्टरों ने भर्ती कर दोनों का इलाज शुरू किया है। पांचवीं घटना भवानियापुर के पास की है जहां पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार चार लोगों को ठोकर मार दी जिसमें सभी लोगों को गंभीर चोटे आई हैं सभी को एंबुलेंस की मदद से शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। खैरी घाट थाना क्षेत्र के मटेरा कला ग्राम के रहने वाले 18 वर्षीय राशिद अली 14 वर्षीय अफरोज 10 वर्षीय मंसूर अली व 25 वर्षीय अब्दुल रहमान बाइक पर सवार होकर दावत खाकर अपने घर मटेरा कला जा रहे थे इसी दौरान जैसे ही यह सभी भावनियापुर के पास पहुंचे ही थे तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी जिसे सभी को गंभीर चोटे आई हैं। सूचना पर पहुंचे मटेरा थाना अध्यक्ष राजकुमार पांडे ने सभी को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज भिजवाए जहां पर सभी का उपचार चल रहा है।

# रेलवे क्रासिंग व जलभराव से निजात की मांग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार ।** नगर के वार्ड नं -एक बख्शीपुरा चांदमारी के नागरिकों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर नागरिकों सभासद अखिलेश गोले व पूर्व सभासद बबलू गौतम के नेतृत्व में रेलवे क्रासिंग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी क्रासिंग 41 सी पर आवागमन बहाल करने तथा क्षेत्र में जलभराव से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे ।

प्रदर्शन से पहले हुई बैठक को संबोधित करते हुए अवधेश वर्मा ने कहा कि रेलवे ने जनता के भारी विरोध के बाद भी रेलवे क्रासिंग 41 सी बंद कर दिया ।उसके बाद स्वयं वैकल्पिक मार्ग के रूप में क्रासिंग 40 सी से जोड़ा गया । इसके बाद फ्लाइओवर के नाम पर को भी बंद कर दिया । इसके अलावा मोहल्ले से गोंडा रोड जाने वाले एक मात्र रास्ते पर भीषण जलभराव है जिससे मोहल्ले के नागरिकों के लिए आने जाने का कोई रास्ता नही है इसी कारण नागरिक पटरी पार कर दूसरी तरफ जाते हैं। इस समस्या के कारण ही पिछले रविवार को एक महिला और बच्ची की मौत हो गयी । रेलवे ने न केवल क्रासिंग बंद की है बल्कि हम लोगों की तरफ प्लेटफार्म भी समाप्त कर दिया जिससे अब मोहल्लावासी ट्रेन भी नही पकड़ सकते । उन्होने कहा कि रेलवे ने मोहल्ला बख्शीपुरा के साथ बहुत अन्याय किया है अगर हमारी सुनवाई नही हुई तो हम धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक रमेश त्रिपाठी ने भी इन समस्याओं का का समाधान जल्दी किए जाने की मांग की । उन्होंने कहा कि आवश्यकता पडी तो मुख्यमंत्री से मिलकर मोहल्ले की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया जाएगा । इस अवसर पर पी के सिंह, अजीत वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, प्रेमचंद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार पाण्डेय, शिवांकर शुक्ला, अनूप कुमार गिरि, निकुंज केडिया, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, विवेक कुमार सिंह, अशोक कुमार, राम प्रताप वर्मा, कोशलेन्द्र प्रताप वर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में मोहल्ले के नागरिक उपस्थित रहे ।

# मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले मिला विस्फोटक का जखीरा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से एक दिन पहले बहराइच में विस्फोटक का जखीरा मिला है। इससे अधिकारियों के होश उड़ गए। विस्फोटक महसी इलाके के सिकंदरपुर, बालासराय व साधुवापुर के गावों से बरामद हुआ है। यह विस्फोटक खेत में जमीन खोदकर छुपाया गया था। घटना के बाद क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि करीब 500 किलो विस्फोटक पुलिस ने बरामद किया है।

ग्रामीण बताते हैं कि सूचना पर विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इतनी बड़ी मात्रा पर विस्फोटक मिलने पर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बिना किसी अनुमति क्षेत्र में किसी अज्ञात कंपनी द्वारा इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक कैसे एकत्र किया जा रहा था। उन्होंने जांच करके आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ सब पर कड़ी कार्रवाई की बात


विस्फोटक की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक और अधिकारी।

**हड़कंप**

- **देखकर अधिकारियों के उड़े होश; जांच जारी**
- **महसी इलाके में विस्फोटक मिलने से अफरा-तफरी**

कही। वहीं विधायक ने विस्फोटक मिलने के बाद सीएम का दौरा रद्द करने की अपील की। विस्फोटक की जांच के लिए सीतापुर से बम स्क्वायड टीम बुलाई गई है। मामले में क्षेत्र से 40 से अधिक अज्ञात लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह विस्फोटक अल्फा जीईओ लिमिटेड कंपनी का बताया जा रहा है। विधायक ने मामले की सूचना डीएम, एसपी, एडीएम, एएसपी ग्रामीण व एसडीएम

> पेट्रोलियम मंत्रालय से फरवरी माह में पेट्रोलियम पदार्थ की खोजबीन के लिये अनुमति ली गई थी। विस्फोटक पदार्थ व कर्मियों की गतिविधियों की सूचना ग्रामीणों व प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दे सके। विस्फोटक पदार्थ में अमोनिया नाइट्रेट था जो जानलेवा नहीं है।
>
> –कुलदीप शर्मा, अभियंता, अल्फा जियो कंपनी

महसी को इलाके में पांच सौ किलो विस्फोटक भरे वाहन की सूचना दी। यही नहीं, उन्होंने प्रमुख सचिव गृह से भी सम्पर्क किया। इधर मामले में एडीएम गौरव रंजन हरदी थाने पहुंचे और जांच शुरू की। उनका कहना है कि विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# ईंट भट्ठा नियमावली में संशोधन की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ,अमृत विचार :** जल्द ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण व कर विभाग के समन्वय से ईंट भट्ठों का संचालन होगा। राज्य सरकार ने ईंट भट्ठा नियमावली 2012 में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी है। नई व्यवस्था में कर विभाग को ईंट भट्ठों की सूची सौंपी जाएगी। इससे जीएसटी संग्रह की कमी दूर हो सकेगी। इसके साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए लाल ईंट के विकल्प को बढ़ावा दिया जाएगा।

शासन के अधिकारियों के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग के नियमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बीएन खरे की विधिक राय के अनुरूप ईंट भट्ठों की नियमावली में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इन प्रयासों से न केवल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ईंट भट्ठा उद्योग को भी व्यवस्थित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 से पहले प्रदेश में ईंट भट्ठों के लिए कोई स्पष्ट नियमावली नहीं थी।

# ग्रेटर नोएडा में बनेगी फ्लैटेड फैक्टरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण होगा। फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। प्रक्रिया के अनुसार, लगभग 125 करोड़ की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

सेक्टर-28 में प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्ट्री न केवल एमएसएमई सेक्टर को गति देगी, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स के जरिए सरकार का उद्देश्य छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस यूनिट्स देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके।

योजना के तहत फैक्टरी परिसर से संबंधित बाहरी विकास कार्य भी किए जाएंगे जिसमें बाउंड्री वॉल, गेट, गार्ड रूम, इंटरनल रोड, पार्किंग, ड्रेनेज, सीवरेज, वाटर सप्लाई, प्लंबिंग पंप, अग्निशमन उपकरणों की स्थापना और लैंडस्केपिंग भी शामिल हैं।

**पहल**

- **यीडा ने बनाई कार्ययोजना, दो साल में होगा निर्माण**

**ईपीसी मोड पर निर्माण कार्यों को किया जाएगा पूरा**

यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर होगा और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद परियोजना के अंतर्गत तीन साल की डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि भी लागू होगी। यह बहुमंजिला (बेसमेंट ग्राउंड फ्लोर 3 फ्लोर युक्त) फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें सूक्ष्म, लघु व मध्यम दर्जे के उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त यूनिट्स होंगे।

# जिले भर की सभी ईदगाहों में अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** ईद उल अजहा के अवसर पर शनिवार को शहर व ग्रामीण इलाकों में 441 ईदगाहो में हजरत इब्राहिम की ओर दी गई कुर्बानी की याद में ईद-उल -अजहा की नमाज अकीदत से हुई। जिले भर की प्रमुख मस्जिदों में शांतिपूर्वक तरीके से ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाहों में जमा हुए। उलमा ने अपने खुतबे में, मुस्लिमों को सब्र और नमाज के जरिए अल्लाह से मदद मांगने की अपील की। अपने खुतबे में उलमा ने कहा कि पड़ोसी के साथ नेक बर्ताव, यतीतों पर रहम करके अल्लाह की करीबी हासिल की जा सकती है। देश दुनिया में अमन व तरक्की की दुआ के लिए हजारों हाथ उठे। सालार गंज स्थित मरकजी ईदगाह में एएसपी रामानंद कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल, ईओ प्रमिता सिंह मौजूद रहे ।शहर के सालारगंज स्थित मरकजी ईदगाह में ईदेन इमाम मौलाना वली उल्लाह मजाहिरी ने अपने खुतबे में कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब के आने के बाद भेदभाव मिट गया। इल्म हासिल करना और समाज में एक दूसरे को मोहब्बत का पैगाम देना इस्लाम की सच्ची पैरोकारी है। उन्होंने ईद उल अजहा के महत्व पर प्रकाश डाला।


ईदगाह में नमाज के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

अपने अमल से किसी के दिल को ठेस नहीं पहुंचाओं, यही सच्चे दीनदार की पहचान है। शहर स्थित शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मेंहदी हसन ने रोजेदारों को ईद उल अजहा की नमाज अकीदत से पढ़ाई। दरगाह हज़रत सैय्यद सालार मसूद गाजी अंदरूनी मस्जिद के इमाम व खतीब शाही मस्ज़िद मौलाना अर्शदुल कादरी ने खुतबा पढ़ा। इसके बाद ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई। यहां नायब सदर मकसूद अहमद रायनी, प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक, गिरदावर हाजी अजमत उल्ला, इलियास अली शब्बू, मोहम्मद आरिफ, तनवीर आदि मौजूद रहे। नानपारा मस्जिद के इमाम कारी जुबैर अहमद कासमी ने ईद उल अजहा की नमाज अता कराई। मस्जिद कदम रसूल, मस्जिद अमीर माह आदि सभी मस्जिदों में अकीदत से नमाज हुई।

## वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**



1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2.1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3.1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।

**वर्ग पहेली -455 का हल**



## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09 .35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**आज का पंचांग**



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 03 .31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** – आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** – आज नव दंपतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** – आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** – आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** – आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** – आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।

**धनु** – आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** – आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

**सुडोकू - 2 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# गोकशी के आरोपियों से मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

## दो फरार आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस, अखंडनगर और बंधुआकला थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के बंधुआकला और अखंडनगर थानाक्षेत्र में पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हुए हैं, जबकि दो फरार हो गए। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।



बंधुआकला में पुलिस मुठभेड़ में घायल गोकशी का आरोपी।



अखंडनगर में पुलिस मुठभेड़ में घायल गोकशी का आरोपी।

बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी क्षेत्र में पड़वापुर ऊंचगांव के पास नहर के किनारे झाड़ियों में 2 जून को 4 जानवरों के कटे हुए अवशेष पड़े पाए गए थे। जिसकी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पशुओं के अवशेष को जमीन में गड़वा दिया। गोकशी में पांच लोगों के नाम प्रकाश में आए। आनन फानन में पुलिस ने 3 जून को रवि उल्ला व जफरे आलम निवासी चटिया हसनपुर थाना बंधुआ कला तथा मो. इरफान निवासी कोटिया थाना कुड़वार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के अनुसार मामले में वांछित मोहसिन पुत्र अफरोज व नसीम उल्ला पुत्र नियामत उल्ला निवासी चटिया हसनपुर थाना बंधुआ कला बाइक से हसनपुर की तरफ आ रहा था। तभी प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों बाइक लेकर फायरिंग करते हुए पलहीपुर गांव की तरफ भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में बाइक चालक मोसिम उर्फ मोहसिन दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा दूबेपुर सीएचसी ले जाया गया। जबकि दूसरा आरोपी नसीम उल्ला अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद किया। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार गोकश को न्यायालय में पेश किया गया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

अखंडनगर थाना क्षेत्र के दाखवा मिश्रीपुर के पास दूसरी मुठभेड़ हुई। कमियापुर नहर के पास पुलिस ने इस्माइल और तैय्यब को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में तैय्यब के पैर में गोली लगी। इस्माइल भागने में सफल रहा।

एसपी कुंवर अनुपम के अनुसार, घायल आरोपियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। स्थानीय थानों में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### गोवंश तस्करी और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

▶▶ तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद

**अखंड नगर, सुलतानपुर :** अखंड नगर पुलिस ने बकरीद के मौके पर गोवंश तस्करी के आरोपी तैय्यब को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर कमियां बहादुरपुर नहर पुलिया के पास से आरोपी को दबोचा गया। उसके कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद हुई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान में यह कार्रवाई हुई। 7-8 जून की रात अपराधियों ने दो गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनके शव कमिया बहादुरपुर नहर के पास सड़क किनारे छिपा दिए थे। आरोपी तैय्यब रामनगर थाना क्षेत्र का निवासी है और आवारा गोवंशीय पशुओं का वध कर मांस, खाल व हड्डियों की बिक्री करता था। वह कई तस्करी मामलों में वांछित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक रामराज, हैदर अली सहित सात पुलिसकर्मी शामिल थे। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के मार्गदर्शन में हुई।

## एक नजर

### गौ सेवा के लिए कटका क्लब सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सक्रिय कटका क्लब को अब आध्यात्मिक जगत से भी मान्यता मिल रही है। प्रयागराज में आयोजित गौशाला उद्घाटन कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के प्रतिनिधि ने क्लब को सम्मानित किया। क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए शंकराचार्य जी ने कहा कि जो पार्टी गौ के हित में कार्य करेगी, उसी को समर्थन मिलेगा। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र द्वारा खून से लिखा गया पत्र और गौ रक्षा के ज्ञापन पहले ही चर्चा में रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में राजकुमार मिश्र, बृजेंद्र मिश्र, प्रज्वल मिश्र शामिल रहे।

### जमीन की रंजिश में पीटा मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो गांव के ओमप्रकाश सिंह की विपक्षियों से जमीनी रंजिश चल रही है। आरोप है कि शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे वह अपने बरामदे में सोए हुए थे। तभी विपक्षियों ने घर में घुस कर लाठी-डंडे एवं लात-घूसों से मारा पीटा। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रामसुख, हरिशंकर, राजबहादुर एवं विजय के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### देहली बाजार में भंडारा व शरबत वितरण

**बिंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के शनिवार को बल्दीराय तहसील के देहली बाजार में सेवा और आस्था से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित हुआ। देहली बाजार व जूनियर हाईस्कूल चौराहे पर राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया गया, वहीं देहली गांव में पूड़ी-सब्जी का भव्य भंडारा हुआ। इस मौके पर विजय श्याम विश्वकर्मा, कमला शुक्ला, डब्बू यादव, रमेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मिट्टी हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 9 लोग घायल

▶▶ अखंडनगर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव का मामला

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में शनिवार रात मिट्टी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर किया गया है।

बताते हैं कि मोतीलाल द्वारा दोनों मकानों के बीच गलियारे में मिट्टी गिरा दी गई थी। रंजीत पक्ष का आरोप है कि उनके पिता शंकर की मृत्यु के बाद 13 जून को शुद्ध संस्कार और 15 जून को त्रयोदशी संस्कार होना है, जिसके लिए गलियारा साफ कराना आवश्यक था। इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। जिसमें मोतीलाल पुत्र सरजू के पक्ष से मोतीलाल, अजय, संदीप, दीपक, रूचि एवं लक्ष्मी देवी घायल हुए हैं। इनमें अजय, संदीप एवं दीपक को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर किया गया। रंजीत पुत्र शंकर के पक्ष से रंजीत, निधि एवं बलजीत घायल हुए, जिनमें से निधि देवी को रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों की पर केस दर्ज किया गया है। घायलों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराओं में वृद्धि की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मजदूरी कर घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया ।लखनऊ जाते समय रास्ते में मौत हो गई। कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परशुरामपुर गांव निवासी जगन्नाथ कोरी (40) पुत्र लल्लन कोरी शनिवार देर शाम सुलतानपुर शहर से मजदूरी करके साइकिल से घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में चुनहा गांव के पास अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया ।गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में लखनऊ जाते समय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

## बोलेरो पलटने से दो युवकों की मौत, दो गंभीर

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र धनपतगंज के पीरो सरैया गांव में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में बोलेरो सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बोलेरो में सवार चार युवक कुमारगंज थाना क्षेत्र के निवासी थे। बोलेरो अनियंत्रित होकर अचानक सड़क किनारे पलट गई। हादसे में अरविंद सरोज (26) पुत्र रामबहादुर, निवासी नरेंद्रा भादा पूरे रमधीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शुभम (27) पुत्र राजेंद्र प्रसाद को गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना में रविन्द्र पांडेय (20) पुत्र बालकृष्ण एवं राजेंद्र पांडेय (55) पुत्र शिवप्रसाद उर्फ चंदुल गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद पुलिस ने बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बोलेरो। अमृत विचार

▶▶ धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीरो सरैया के गांव के पास का मामला

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर :** पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर पीछे बैठे वृद्ध को काफी चोट आई। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। अखंडनगर के दीपक कुमार बीते शनिवार की शाम लगभग सवा पांच बजे अपने बड़े पिता वीरेंद कुमार (62) को बाइक पर पीछे बैठा कर रिश्तेदारी से अपने घर जा रहे थे। वे कोतवाली क्षेत्र के मझगवां गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर पीछे बैठे वीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए शाहगंज (जौनपुर) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। चालक पिकअप लेकर भाग गया। रविवार को भतीजे दीपक कुमार की दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## शिवमंगल नगर अध्यक्ष ,मान सिंह महामंत्री बने

▶▶ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ कार्यकारिणी का गठन

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कस्बे में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में व्यापारियों की एक बैठक संपन्न हुई। सर्वसम्मति से शिवमंगल सिंह को नगर अध्यक्ष, प्रदीप कुमार को संगठन महामंत्री तथा मानसिंह अग्रहरि को महामंत्री एवं सूरज लाल गुप्ता को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने कहा कि व्यापारियों ने जीएसटी तथा फूड अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर किया है। नगर पंचायत बिना पार्किंग स्थल के अवैध वसूली किए जाने के प्रयास का मामला भी प्रकाश में आया है।

इस अवसर मौके पर तहसील महामंत्री विजय गिरी, विनोद, तहसील उपाध्यक्ष काशीनाथ सोनी, शिवम अग्रहरी, अजय गुप्ता, अनिल सिंह, पंकज पांडे, अजय सोनी, राकेश अग्रहरि सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### भोला सोनी बने नगर युवा अध्यक्ष

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की नगर युवा कार्यकारिणी के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष विजय प्रधान की संतुष्टि पर वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्र ने पूर्व नगर युवा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिला युवा और जिला कार्यकारिणी में शामिल किया। भोला सोनी को नगर युवा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रवि मिश्रा, गौरव बरनवाल, शरद चौबे और संदीप कुमार को सदस्यता दी गई। कौशलेन्द्र सिंह को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने भोला सोनी को पट्टिका पहनाकर संगठन में स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## ओवरटेक के दौरान बिजली के खंभे से जा टकराई कार

भदैंया, सुलतानपुर

▶▶ 20 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को हुई दिक्कत

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के दोमुंहा मार्ग पर शनिवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। वाराणसी से अयोध्या दर्शन के लिए जा रही एक कार ओवरटेक के प्रयास में अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। यह दुर्घटना झलियहवा गांव के पास रात करीब 12 बजे हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में बिजली का पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लोलेपुर विद्युत उपकेंद्र के ईस्ट फीडर से जुड़े करीब 20 गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। प्रभावित गांवों में पखरौली, रामपुर, फतेपुर, छतौना, झलियहवा, हरीरामपुर, मिश्रौली व धरौली जैसे इलाके शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति को बंद कराया, जिससे किसी बड़े हादसे को टाला जा सका।

लोलेपुर के अवर अभियंता आनंद जायसवाल ने बताया कि टूटे हुए खंभे की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### कार पर गिरी सूखे पेड़ की डाल, बाल-बाल बचे सवार

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना गोसाईंगंज के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत कटका-सेमरी मोड़ पर एक और बड़ा हादसा टल गया, लेकिन प्रशासन की चुप्पी अब भी जारी है।

रविवार को प्रयागराज निवासी अनिल त्रिपाठी अपनी निजी कार से अकबरपुर से प्रयागराज लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार कटका-सेमरी मोड़ के पास पहुंची, अचानक एक सूखे पेड़ की भारी डाल उनकी कार पर आ गिरी। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सौभाग्य से सभी यात्री सुरक्षित रहे। लोगों ने मांग की है थ्क सड़क किनारे खतरनाक सूखे पेड़ों की छंटाई या हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सार-संक्षेप

### विश्व हिंदू महासंघ ने गोमती मित्रों के साथ किया श्रमदान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रत्येक रविवार होने वाले साप्ताहिक श्रमदान कार्यक्रम में इस बार विश्व हिंदू महासंघ भी शामिल हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री सीताकुंड धाम पर गोमती मित्र मंडल के साथ मिलकर श्रमदान किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया कि यह अभियान प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन ने महासंघ के कार्यकर्ताओं से स्वच्छता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। श्रमदान करने वालों में रतन कसौधन, रमेश माहेश्वरी, दिनेश दूबे, राकेश सिंह, संतोष तिवारी, सेनजीत कसौधन, अभय मिश्रा, अर्पित यादव आदि मौजद रहे।



सीताकुंड धाम पर किया गया श्रमदान।

### दीप यज्ञ से सांस्कृतिक जागरण का संदेश

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रसूलपुर के गायत्री ज्ञान मंदिर में आयोजित भव्य दीप यज्ञ एवं वार्षिक उत्सव में व्यास पीठ पर सुशील वानप्रस्थी आसीन रहे। उनके सानिध्य में कार्यक्रम गरिमामय और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। सुशील वानप्रस्थी ने कहा कि यज्ञ केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का भी माध्यम है। दीप यज्ञ समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और सन्मार्ग की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सैकड़ों कार्यकर्ता और आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा और भक्ति का संचार हुआ। इस अवसर पर शिव शंकर सिंह, शिव शंकर अग्रहरी, रंग बहादुर सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, राममिलन अग्रहरि और अमित सिंह भी उपस्थित थे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते सुशील वानप्रस्थी।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 2,566 लोगों का इलाज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को सभी 47 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 204वां आरोग्य स्वास्थ्य मेला संपन्न हुआ। मेले का संचालन जनपद के 69 चिकित्सकों एवं 320 पैरामेडिकल स्टॉफ की सहायता से हुआ। इस स्वास्थ्य मेले में कुल 2,566 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया, जिनमें 1,138 पुरुष, 1,166 महिलाएं और 265 बच्चे शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 12 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। यह जानकारी सीएमओ डॉ भारत भूषण ने दी है।

### नई तकनीक से किसानों को किया गया जागरूक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड दूबेपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत अमहट, हसनपुर और आरडीह ग्राम पंचायत में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों पर जागरूक किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि, पशुपालन, वानिकी, बीज प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी। डॉ. हिमांशु ने पादप रोग और धान की नर्सरी प्रबंधन पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. के. लमानी ने धान की सीधी बुआई तकनीक के बारे में बताया। मंजुल तिवारी ने कृषि समसामयिकी और मृदा स्वास्थ्य की जानकारी दी। बीज भंडार प्रभारी आशुतोष मौर्य ने कृषि योजनाओं और उन्नत बीजों की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए किसानों को सरकारी बीज भंडार से बीज लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एडीओ कृषि दिनेश चंद्र, तकनीकी सहायक अब्दुल उस्मान, आशीष मिश्र, हेमंत राघव, और स्थानीय किसान राम किरत मिश्र, शिव राम, भैया राम प्रधान, हरिशंकर गौतम सहित अन्य मौजूद थे।

### दिनदहाड़े चौक घंटाघर क्षेत्र में टप्पेबाजी, पकड़े गए चोर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर के चौक घंटाघर क्षेत्र में दिनदहाड़े एक सर्राफा व्यापारी के यहां सामान लेने के बहाने चोरों ने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दे दिया। सराफा व्यवसाई के यहां पहुंची महिला ने कान का झाला दिखाकर व्यापारी को झांसा दिया और जेवरात पार कर फरार हो गई। व्यापारी की सतर्कता से महिला रंगे हाथ पकड़ ली गई और पुलिस के हवाले कर दी गई। नगर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि महिला ने अंधेरे का फायदा उठाकर जेवर चुराए थे। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। कुछ दिन पहले चौक घंटाघर क्षेत्र में करोड़ों की डकैती हुई थी जिससे अभी भी व्यापारी दहशत में रहते है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।



टप्पेबाजी करने वाली महिला व युवक।

## श्रीमद्भागवत कथा आत्मा की शुद्धि का साधनः पं. राजकुमार

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील के पूरे अयोध्या दुबे गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा व्यास पंडित राजकुमार शास्त्री ने व्यास गद्दी से कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि, परमात्मा से आत्मिक संबंध और जीवन के उद्देश्य की प्राप्ति का श्रेष्ठ माध्यम है।



पंडित राजकुमार शास्त्री।

तीसरे दिन की कथा में उन्होंने बावन भगवान, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की महिमा का वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी में लालजी दुबे ने वासुदेव की भूमिका निभाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा स्थल पर भक्ति संगीत और मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य यजमान शांति देवी ने व्यास गद्दी की आरती उतारी और प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में बद्रीधर दुबे, देवेंद्र सिंह, अमरनाथ तिवारी, विशाल जायसवाल, सोनू दुबे समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ओवरटेक के दौरान बाइक सवार घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** चांदा थाना क्षेत्र के अंधियारी गांव का लड़का शनिवार दोपहर को बरौंसा कस्बे से लैपटॉप मरम्मत करवाकर लौट रहा था। ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे बाइक सवार से बचने की कोशिश में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक हाइवे किनारे पत्थर से टकराकर पलट गई। हादसे में युवक को शरीर पर गंभीर चोटें आईं। हालांकि, हेलमेट पहने होने से सिर में चोट नहीं लगी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

## पंखे से लटकी मिली महिला की 12वें दिन मौत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

▶▶ मायके वालों की शिकायत पर ससुर सहित 3 पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचारः** पांडेयबाबा बाजार की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने के बारह दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला घरेलू कलह और संपत्ति विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। पीड़िता के मायके वालों की शिकायत पर पुलिस ने महिला के ससुर समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बढ़ौनाडीह गांव निवासी मंजू अग्रहरि (30) पत्नी मनोज अग्रहरि अपने पति के साथ रहती थी। मनोज चाट की दुकान चलाते हैं। बीते 26 मई को दोपहर मंजू को घर में पंखे से साड़ी के सहारे लटका पाया गया। परिवारीजनों ने उसे तुरंत नीचे उतारकर एंबुलेंस से सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज और फिर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार रात मंजू की मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार जौनपुर जिले के भैसोली गांव (थाना सरपतहा) में मायके पक्ष ने किया।



मंजू अग्रहरि की फाइल फोटो।

घटना के बाद पीड़िता के भाई धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि ने बहन के ससुर श्यामसुंदर अग्रहरि और उनके दो भाइयों रामचंद्र गुप्ता व रमाशंकर अग्रहरि पर अभद्रता और संपत्ति विवाद को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र की तहरीर पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लाइनमैन की लापरवाही से कई गांवों की बत्ती गुल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर में रविवार को विद्युत विभाग की लापरवाही से कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। चौहानपुर बाजार में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान संविदा लाइनमैन की लापरवाही से यह खंभे से नीचे गिर गया। ट्रांसफार्मर को खंभे पर चढ़ाने के लिए स्थानीय मदद नहीं मिली। इसके बाद बरौंसा से हाइड्रा मशीन मंगवाई गई। ट्रांसफार्मर को दोबारा खंभे पर चढ़ाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में करीब दो घंटे लगे। इस दौरान शाहपुर लपटा, डड़वाकला, मोतिगरपुर, बेलवारी, डींगुरपुर बनकेगांव, खरगपुर, अहदा, खेमाजितपुर और गौरा सहित कई गांवों में बिजली आपूर्ति बंद रही। गर्मी और उमस में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उपकेंद्र दियरा के जेई अनिल यादव ने बताया कि संविदा कर्मियों की छंटनी के कारण फीडर पर सिर्फ एक लाइनमैन कार्यरत है। उन्होंने स्वीकार किया कि लाइनमैन को जम्पर काटकर शेष क्षेत्र की आपूर्ति चालू रखनी चाहिए थी।

पर्व

एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद, ईदगाह व मस्जिदों में अदा की गई नमाज

# अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कुर्बानी और समर्पण का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को जिले भर में अकीदत के साथ मनाया गया। ईदगाह व मस्जिदों में नमाज के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिल उन्हें मुबारकबाद दी। दिनभर यह क्रम चलता रहा। इस दौरान धर्मस्थलों के आसपास के एहतियातन कड़े सुरक्षा प्रबंध भी रहे।

शहर के ईदगाह, जामा मस्जिद, बीबिया मस्जिद चौक, नेकराही शरीफ दरगाह समेत दरियापुर, खैराबाद, घोसियाना, पल्टू का पुरवा, लाला का पुरवा, नवीपुर, डिहवा, पांचोपीरन, अमहट आदि इलाकों में सुबह साढ़े सात बजे से ही नमाज का क्रम शुरू हो गया। लोगों ने मुल्क के अमनचैन की दुआ मांगी। इसके बाद मवेशियों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। पालिका प्रशासन ने मवेशियों की कुर्बानी के मद्देनजर सफाई के भी विशेष प्रबंध किए थे। ग्रामीणांचलों में भी पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। फिर घर-घर पहुंचकर खुशियां मनाई। वहीं, महिलाएं दिन भर रसोई में पकवान बनाती रही।



शहर के ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

### बकरीद पर मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**भदैंया, सुलतानपुर :** क्षेत्र के सेमरी पुरुषोत्तमपुर दरगाह, हनुमानगंज जामा मस्जिद और छतौना की मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान सभी ने अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद नियमानुसार कुर्बानी की व्यवस्था की गई। देहात थाने की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रही। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और गले मिले।

### कादीपुर में भी शांतिपूर्ण मनाया गया त्योहार

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से मिलकर ईदउल अजहा की मुबारकबाद दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर इस दौरान पुलिस बल के साथ पूरी तरह से मुस्तैद रहे। कस्बे में नगर पंचायत की तरफ से साफ सफाई एवम चूने का छिड़काव कराया गया। दिनभर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू रही।

# साइक्लोथॉन के जरिये दिया पर्यावरण और स्वास्थ्य का संदेश

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** फिट इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्वावधान में 08 जून को सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में साइक्लोथॉन का आयोजन कर संडेज ऑन साइकिल का संदेश दिया गया। साइक्लोथॉन का शुभारम्भ अध्यक्ष, नरसा एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर किया। इस साइक्लोथॉन में लगभग 05 किमी. की दूरी तय की गई, जो रेलवे स्टेडियम से प्रारम्भ होकर मोहद्दीपुर, पैडलेगंज, रामगढ़ताल के किनारे सर्कुलर रोड आरकेबीके, महाप्रबंधक कार्यालय होते हुए पुन रेलवे स्टेडियम में समाप्त हुआ। इस साइक्लोथॉन में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय, महासचिव ,नरसा एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह सहित भारी संख्या में स्पोर्ट्स पर्सन, रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। साइक्लोथॉन को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष, नरसा एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण अभय कुमार गुप्ता ने कहा कि हम सभी को साइकिल का उपयोग करना चाहिए। इससे जहाँ हमारा स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, वहीं ईंधन की भी बचत होती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है और विदेशी मुद्रा की भी बचत होती है। उन्होंने कहा कि सायकिल चलाने से हमारी मांसपेशियों को मजबूती मिलती है तथा यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है।


साइक्लोथॉन में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। अमृत विचार

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय ने कहा कि साइकिल हमारे फिटनेस को बनाये रखता है। उन्होंने कहा कि आजकल डॉक्टर भी साइकिल चलाने की सलाह देते है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आज के समय में फिटनेस सबसे बड़ा चैलेन्ज है, जो नियमित रूप से साइकिल चलाकर पाया जा सकता है। नियमित रूप से साइकिल चलाकर बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। सुबह-सुबह साइकिल चलाने से सकारात्मक ऊर्जा के साथ दिन की शुरूआत होती है। महासचिव/नरसा एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि साइकिल पर्यावरण अनुकूल साधन है। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है साथ ही सेहत भी अच्छी रहती है। श्री सिंह ने कहा कि रविवार को कम से कम 5 किमी साइकिल चलाना चाहिए। हमें अपना छोटे कार्य साइकिल के माध्यम से ही करना चाहिए, इससे हम पर्यावरण को भी बचा सकते है तथा स्वयं को फिट भी रख सकते है। कार्यक्रम का संचालन सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने किया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बस अड्डे पर शौचालय और कैंटीन निर्माण के निर्देश

## परिवहन मंत्री ने निर्माणाधीन डुमरियागंज बस अड्डे का किया निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** करोड़ों की लागत से बन रहे बस स्टेशन डुमरियागंज में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं हैं, जिससे आने जाने वाले यात्रियों सहित नगरवासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। डुमरियागंज में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को कस्बे में बन रहे बस अड्डे का निरीक्षण किया, और दूरभाष पर आरएम से वार्ता कर शौचालय व कैंटीन निर्माण के लिए अविलंब प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

बताते चलें कि बस स्टेशन डुमरियागंज के खण्डहर हो चुके भवन पर शासन की ओर से आधुनिक बस स्टेशन बनाने के लिए लगभग 1.551 करोड़ रुपए आवंटित किए थे। धन आवंटन के बाद ठेकेदार द्वारा रोडवेज का भवन सहित परिसर में स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय को भी ध्वस्त कर दिया गया। भवन निर्माण तो चल रहा हैं, लेकिन यहां बने सार्वजनिक शौचालय को तोड़ने के बाद शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया, न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। जिसके चलते यात्रियों व नगरवासियों को शौच, लघु शंका आदि के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री ने निर्माणाधीन बस अड्डे में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता परखी और निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। वही भाजपा नेता कुंवर आनंद सिंह ने एक और नई एसी बस संचालित करवाने की मांग की, भाजपा नेता के मांग को परिवहन मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए आरएम को दूरभाष से बस संचालित करवाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, कुंवर आनंद सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, राजेश द्विवेदी, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, सौरभ पाल सिंह, अजय अग्रहरि, उदय पाल वर्मा आदि मौजूद रहे।


बस अड्डे का निरीक्षण करते परिवहन मंत्री। अमृत विचार

## पिकअप की टक्कर से बच्चे की मौत

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** अनाज से लदी एक तेज़ रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर एक 8 साल के बालक की दर्दनाक मौत हो गई। बालक शहबाज़ पुत्र रियाज़ कपिलवस्तु कोतवाली के करीब के ग्राम ठाकुरपुर का निवासी है। दुर्घटना के बाद पिकअप का नेपाली चालक फरार हो गया।

शनिवार को बकरीद के पर्व के उल्लास में गांव के कुछ बच्चे कपिलकस्तु के पूरातात्विक परिसर में घूमने आए थे। शाम लगभग 6 बजे सारे बच्चे अपने घर लौट रहे थे कि बर्डपुर की तरफ से आ रही पिकअप ने कोतवाल से सौ मीटर की दूरी पर चल रहे बच्चों में से शाहबाज़ को ठोकर मार दिया।बच्चे शाहबाज़ को डारन अस्पताल ले जाया गया, मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दूसरी तरफ पिकअप का चाक जो नेपाल का निवासी था, वह पास में बॉर्डर पर कर नेपाल भाग गया। त्योहार के फिन हुई इस घटना ने मृत शाहबाज़ के घर मातम का माहौल पैदा कर दिया। दूसरी ओर इस हादसे को लेकर अलग चर्चा है जिसके अनुसार चावल से लदी पिकअप तस्करी में लिप्त थी और हादसे के समय भी वह नेपाल जा रही थी।

# जिले को प्रथम आयुर्वेदिक चिकित्सालय मिला


अस्पताल का उद्घाटन करते सांसद। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मुख्यालय के सनई चौराहा स्थित श्री कृष्णा आयुर्वेदिक चिकित्सालय का शुभारंभ सांसद जगदंबिका पाल ने किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि किसी की जान बचाना हो तो आयुर्वेद ही सबसे सफल तरीका है क्योंकि रामायण काल में एलोपैथी का तरीका नहीं था तब मूर्छित लक्ष्मण का इलाज आयुर्वेद के ही माध्यम से हुआ था। गौरतलब है कि मुख्यालय के सनई चौराहा स्थित श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक पिछले तीन वर्षों से संचालित हो रहा है। सन 2022 में सांसद जगदंबिका पाल के हाथों ही इस क्लिनिक का उद्घाटन हुआ था। डा सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में आयुर्वेद पद्धति से इन पिछले तीन वर्षों में हजारों की संख्या में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का इलाज सफल तरीके से किया है। इस क्लिनिक का नवीनीकरण करते हुए अब इसे जनपद का पहला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के रूप में स्थापित किया गया है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि लोगों का आयुर्वेद के प्रति रुझान बढ़ रहा है। उम्मीद करता हूं कि जल्द ही इसको भी अपग्रेड करते हुए एक आयुर्वेदिक ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना हो। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाला, सच्चिदानंद पांडेय, राजेंद्र पांडेय, रिंकू पाल, प्रिंस वर्मा, मनोज बाबा, नरसिंह पाल धीरज पांडेय, डा अभिषेक गुप्ता, राहुल गुप्ता रहे।

## पांच नेपाली महिलाओं में कोविड की हुई पुष्टि

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नेपाल-भारत गौरीफंटा बॉर्डर के जरिए भारत से लौटे पश्चिम प्रांत के पांच लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है। शुक्रवार को गौरीफंटा बॉर्डर होते नेपाल को लौटी पांच महिलाओं की एंटीजन जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें तीन को कैलाली अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दो को होम क्वांरटीन किया गया है। इसकी जानकारी रविवार को दी गई।

पश्चिम प्रांत स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र के सूचना अधिकारी हेमराज जोशी के अनुसार भारत से लौटे 30 संदिग्ध लोगों में कोरोना संक्रमण की जांच की गई। कोरोना वायरस से संक्रमित सभी पांच लोगों को होम क्वारंटीन में रहने की सलाह दी गई है। अभी दो दिन पहले इसी बॉर्डर से भारत से लौटे 36 लोगों में से तीन की एंटीजन जांच में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई थी।

सूचना अधिकारी जोशी ने बताया कि तीन दिनों में भारत से लौटे नेपालियों में से आठ लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि संक्रमित लोगों को बुखार और खांसी है। एंटीजन जांच में पॉजिटिव पाए गए सभी आठ लोगों के सैंपल काठमांडो स्थित प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। आपातकालीन परिचालन केंद्र तीन दिनों से सीमा चौकी पर 'स्वास्थ्य डेस्क' स्थापित कर कोविड-19 जांच कर रहा है। सूचना अधिकारी जोशी ने बताया कि, दो से तीन दिनों के भीतर सीमा चौकी गड्डा चौकी पर स्वास्थ्य डेस्क स्थापित कर कोविड-19 जांच करेंगे।

# शासकीय तालाब को खोद कर निकाली जा रही मिट्टी, वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत भरवालिया के कई तालाबों से मिट्टी निकालने का मामला सामने आया है। पंचायत की अनुमति बगैर शासकीय तालाब की खुदाई कर मिट्टी निकाला जा रहा है। नियम कायदों की परवाह किए बगैर पिछले सप्ताह से मिट्टी निकालकर इधर उधर बेचा जा रहा है।

खुलेआम अवैध उत्खनन हो रहा है और पंचायत प्रतिनिधियों ने आंख मूंद ली है। शासन के निर्देश के अनुसार शासकीय तालाब की मशीनों से खुदाई कराने पर भी रोक लगी है। यदि गहरीकरण का कार्य भी होना है तो मनरेगा के तहत कराना है। प्रतिबंधित के बावजूद मिट्टी माफिया खुलेआम शासकीय तालाब की खुदाई कर मिट्टी ले जा रहा है और पंचायत के जिम्मेदार मौन है। हालांकि जिस तरह से दिन में खुलेआम मिट्टी निकाली जा रही है तथाकथित लोगों का हाथ है। सांठगांठ के बिना इस तरह खुलेआम मिट्टी निकाल पाना संभव नहीं होता।

किसी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो वायरल होने के बाद एक व्यक्ति ने इंटरनेट पर पोस्ट करते हुए लिखा है – भरवालिया ग्राम सभा के टोला रक्सेल के उत्तर दिशा के पोखरे से रात्रि एक बजे से सुबह छ बजे तक मिट्टी खनन कर महंगे दामों में बेच खनन कर्ता मोटी कमाई कर रहे है। मिट्टी खनन कर गौरी सड़क किनारे नींव व खेतों में गिराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि खनन कर्ता भरवालिया ग्राम सभा का एक मनबढ़ किस्म का युवक है। किसकी सह पर ताल पोखरे से खनन करता है यह भी प्रश्न चिन्ह है । वीडियो वायरल होने के बाद भी विभाग जांच में खनन की जगह नहीं ढूंढ पाती है। हालांकि मिट्टी किसके द्वारा खुदाई की जा रही समाचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। ग्राम पंचायत निवासी एक व्यक्ति ने नाम न आने की शर्त पर बताया ग्राम पंचायत के कार्बलहिया तालाब के अलावा पंचायत भवन वाला पोखरा, भरवालिया गांव के पश्चिम धोबहिया, भटौली के पश्चिम जमुहवा गड्ढे से भी रात्रि में मिट्टी निकाली जाती है। इसके अलावा आस–पास के स्थानों पर मध्य रात्रि मिट्टी खुदाई का कार्यक्रम चलता है ।

इस संबंध में बीडीओ बर्डपुर विजय सिंह ने दूरभाष पर बताया मेरे कार्यक्षेत्र में नहीं आता है, मामला एसडी एम देखते हैं। सीडीएम शोहरतगढ़ संपर्क करने को कोशिश की गई वार्तालाप नहीं हो सका।


सरकारी जमीन पर मिट्टी की खोदाई करती जेसीबी। अमृत विचार

## चोरी छिपे जमीन बेचने पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोरखपुर, अमृत विचार।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के डुमरी खास पासी टोला निवासिनी मंशा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पति जगदीश गुप्ता चोरी चुपके से डुमरी खास में एक कट्ठा जमीन गांव के ही किरण देवी को विक्रय कर दिए। बीते बुधवार को शाम छह बजे किरण देवी के पति अंगद हमारे घर पर आए और विक्रय भूमि पर मकई और बाजरा के लगे फसल को जबरन उखाड़ कर फेंकने लगे और मेड बांध दिए। मैने कहा कि जब भूमि पर आपकी पत्नी का नाम दर्ज हो जाएगा तब लेखपाल को बुलाकर पैमाइश करा लेना। जिससे नाराज होकर वह मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इसके बाद अगले दिन मेरे पति से कहे कि तुम्हारी पत्नी ने मुझे भगा दिया है। जिससे नाराज होकर मेरे पति जगदीश गुप्ता ने कुदाल से मेरे बाएं हाथ पर प्रहार कर दिया। जिससे मेरा हाथ टूट गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर अंगद और पति जगदीश गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**मारपीट में 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज: गोरखपुर , अमृत विचार।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 9 पिपरा निवासी सुरज सिंह पुत्र श्रवण कुमार नगर पंचायत निवासी दो युवकों से पुरानी रंजिश है। शनिवार को सुबह में मनबढ़ो ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पीड़ित को लाठी डंडे रॉड से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आर्यन यादव,यश त्रिपाठी तथा चार अज्ञात के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# सांसद ने किया नौगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास योजना अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नौगढ़ का मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, पूर्व सांसद नेपाल अभिषेक शाह, जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थित में फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल को पौधा देकर स्वागत किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा रजत कुमार चौरसिया द्वारा अन्य जनप्रतिनिधिगण को पौधा देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य है कि शिलान्यास के बाद इतने कम समय में बन कर तैयार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ का उद्घाटन कर रहा हूं। सिर्फ 06 माह में यह स्वास्थ्य केन्द्र बना है। आज यह ऐतिहासिक क्षण है। बारिश के दौरान यहां पर पानी भर जाता था। यह भवन कई वर्ष पूर्व निष्प्रयोज्य हो गया था। जिलाधिकारी के प्रयास से इसका ध्वस्तीकरण कराकर नये भवन का निर्माण कराया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन को बधाई दिया। सांसद ने कहा कि पहले 01 मण्डल में एक मेडिकल कालेज का बनने का प्राविधान था। सिद्धार्थनगर पहला जनपद है जहां पर मेडिकल बना जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री उप्र तथा उद्घाटन प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा यहां से 08 मेडिकल कालेज का बर्चुअल उद्घाटन किया गया। आज मेडिकल कालेज की रोड हाइवे बन रहा है। इस पर लाइटिंग होगी और यह जनपद के लिए एक उपलब्धि है। मेडिकल कालेज में 300 बेड का अस्पताल बन कर तैयार है जिसका शीघ्र ही उद्घाटन किया जायेगा। आने वाले समय में इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 बेड का अस्पताल बनाकर आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा। जिससे मरीज मेडिकल कालेज न जाकर यहां पर इलाज करायेगे। इससे मेडिकल कालेज का भार कम होगा। यहां पर सभी प्रकार की सुविधायें होगी। सभी प्रकार के वार्ड की व्यवस्था होगी। विकसित भारत का स्वास्थ्य एक बड़ा पैरामीटर है। कोरोना की चुनौती में भारत मजबूती से इसका सामना किया। मृत्यु दर सबसे कम भारत में रहा। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा आयुष्मान भारत योजना अन्तर्गत 05 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही 70 वर्ष की आयु से ऊपर के सभी का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आज यह अस्पताल नही बना है वर्षो का सपना पूरा हुआ है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी , सासंद डुमरियागंज एवं सभी का स्वागत करते हुए कहा कि लगभग 6 माह पूर्व इसका भूमिपूजन किया गया था। उससे पूर्व यह भवन परी तरह से जर्जर था। इसके ध्वस्तीकरण हेतु शासन से पत्राचार किया गया। सांसद डुमरियागंज एवं विधायक कपिलवस्तु द्वारा भूमिपूजन किया गया। बहुत ही कम समय में इसका निर्माण कार्य पूर्ण है इसके लिए कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को बधाई देता हूं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि 15 दिनों में सभी उपकरण व्यवस्थित कराकर संचालन कराएं। पूर्व सांसद नेपाल अभिषेक शाह व सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर बधाई दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, राजेन्द्र पाण्डेय, सच्चिदानन्द पाण्डेय, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करते मंत्री। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटकी मिली महिला की लाश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के रमवापुर राउत गांव निवासी अमित की शादी इटवा थाना क्षेत्र के पदमपुर गांव निवासी कनिकराम की पुत्री मीना के साथ 2010 में हुई थी, 2015 में गौना आया था। पति अमित के अनुसार शनिवार को रात का खाना खा कर मीना अपने कमरे में सोने चली गई और पति अमित कुमार छत पर बिस्तर डाल कर सोने चला गया। सुबह करीब सात बजे तक जब मीना का कमरा नहीं खुला तो उसकी छोटी बहन ने किसी तरह जंगले पर चढ़ कर कमरे में देखा तो वह दंग रह गई। कमरे में छत के कुंडे से मीना फांसी के फंदे पर लटकी थी। कमरा अंदर से बंद था। दीवार तोड़ कर पति ने गांव वालों के मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा, तब तक मीना की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की सूचना 112 नंबर पर दी। पुलिस व सीओ डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के मौजूदगी फारेंसिक टीम ने घटना स्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। त्रिलोकपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर विपिन सिंह राठौर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने व पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


मौके पर जांच करती पुलिस।

### डीएम ने मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा ग्राम नादेपार, विकास खंड जोगिया में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराज़गी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने सचिव का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी जोगिया को कठोर चेतवानी देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समय से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी उपस्थित थे।

### पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मुख्यालय लखनऊ अनीस अहमद अंसारी ने द्वारा प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जनपद मे नवनिर्मित थाना कठेला समयमाता के प्रचलित एवं बांधित निर्माण कार्यों का स्थलीय भौतिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का जायजा लिया गया । निरीक्षण के उपरांत पुलिस उप महानिरीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, थानाध्यक्ष कठेला समयमाता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।


गार्ड ऑफ ऑनर लेते पुलिस उप महानिरीक्षक।

### डीएम और एसपी पल-पल की लेते रहे खबर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ईद–उल–जुहा की नमाज बकरीद पर्व को सकुशल सम्पन्न कराया गया । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ईद–उल–जुहा की नमाज बकरीद पर्व के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल के साथ भ्रमण कर जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह बेलसड़, थाना इटवा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा इटवा तथा थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत कस्बा डुमरियागंज मे कड़ी सुरक्षा–व्यवस्था के बीच ईद–उल–जुहा की नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई । नमाज सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त धर्मगुरुओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने तथा अफवाहों से दूर रहने व किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील की।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली से परिचित हुए स्कूली बच्चे

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार।** उस्का बाजार बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में चल रहे समर कैंप में बच्चों को खेलकूद के साथ अन्य व्यवहारिक जानकारियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द के बच्चे शुक्रवार को वार्ड में स्थित सरकारी राशन की दुकान पर भ्रमण किए। इस दौरान विक्रेता ने बच्चों को बताया कि वर्तमान में दो प्रकार के राशन कार्ड धारक हैं। पात्र गृहस्थी वाले कार्डधारकों को प्रत्येक माह प्रति यूनिट दो किलो गेहूं व तीन किलो चावल निश्शुल्क दिया जाता है.जबकि अंत्योदय कार्ड धारक को 35 किलो खाद्यान्न निशुल्क मिलता है.जिसमें 14 किलो गेहूं व 21 किलो चावल सम्मिलित होता है.। बच्चों को इलेक्ट्रानिक मशीन दिखाते हुए बताया गया कि किस तरह परिवार का कोई एक सदस्य अंगूठा को स्कैन कर निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है.। बच्चों को इलेक्ट्रानिक तराजू द्वारा किए जा रहे मापतौल से भी परिचित कराया गया। इस दौरान बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। बीइओ ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को राशन वितरण प्रणाली से परिचित कराते हुए जागरूक करना है.। भ्रमण से बच्चे उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण आशीष मिश्रा व प्रभारी प्रधानाध्यापक बालजीत कुमार सहित संजय श्रीवास्तव , रितिक ,राजाराम आदि मौजूद रहे।


बच्चों को जानकारी देते अधिकारी।

### वाहन चालकों को वितरित किए हेलमेट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत नौडीहवा बॉर्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किया गया । क्षेत्राधिकार बांसी पवीन प्रकाश द्वारा थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत नौडीहवा बॉर्डर पर वाहन चेकिंग के दौरान उन बाइक सवारों को जो हेलमेट नही धारण कर वाहन चला रहे थे, उन्हें रोक कर हेलमेट पहनाया गया । बाइक चलाते समय स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाना अनिवार्य है, इसलिए बिना हेलमेट के वाहन न चलाने हेतु वाहन चालको को बताया गया । वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, बाइक पर तीन सवारी बिल्कुल न चलें । इससे स्वयं के साथ ही परिवार को भी परेशानी से बचा सकते है। इस मौके पर चंदन कुमार थानाध्यक्ष खेसरहा सहिंत अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### जेसीबी की टक्कर से दो लोग घायल

**गोरखपुर।** एम्स थानाक्षेत्र के बैकुंठपुर में नहर पर रविवार की सुबह 8 बजे जेसीबी की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया ।सोनबरसा चौकी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। चौरीचौरा क्षेत्र के भौवापार चौबे टोला निवासी 25 वर्षीय आदित्य चौहान पुत्र रामनयन चौहान व भौवापार बाजार निवासी 27 वर्षीय हरिओम चौहान पुत्र जयनाथ चौहान अपनी बाइक से सोनबरसा बाजार जा रहे थे। बैकुंठपुर में नहर पर एक जेसीबी ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया। जिसमें बाइक सवार दोनो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गए।

### सरकारी काम में बाधा डालने पर महिला पाबंद

**गोरखपुर अमृत विचार।** नगर पंचायत सहजनवां के एक वार्ड में विद्युत विभाग द्वारा सरकारी भूमि में चबूतरा बना कर रविवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया जा था। पड़ोस की एक महिला ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध कर रही। मौके पर पहुंचे एक दरोगा और क्लॉक महिला सिपाही द्वारा महिला को समझाने बुझाने की कोशिश किया जा था लेकिन वह हरहाल में ट्रांसफार्मर लगाने नहीं दे रही थी। यहां तक कि चबूतरे पर रखे ट्रांसफार्मर के ऊपर जाकर बैठ गई और तार जोड़ने नहीं दे रही थी। तो मौके पर मौजूद थाने की एक महिला सिपाही उसे ट्रांसफार्मर से उतारने की कोशिश किया तो महिला ने उसका हाथ दांत से काट लिया। जिससे महिला सिपाही दर्द से पीड़ित हो गई। इसके बाद मौके पर मौजूद दरोगा ने घटना की जानकारी थाने पर दी। करीब आधा दर्जन की संख्या में पहुंची महिला सिपाही ने उसे खींच कर थाने लाई। थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि महिला को थाने लाकर पाबंद कर एसडीएम कोर्ट भेज दिया गया है।

## एक नजर

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुईं, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। कोविड- 19 संक्रमण के सर्वाधिक केस भी अब तक केरल में ही हैं।

### गंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकांश इलाके एक बार फिर लू की चपेट में हैं। गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

# जनादेश स्वीकार नहीं पा रहे राहुल

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा- आगे की हार का बहाना तैयार कर रहे कांग्रेस नेता

**मुंबई, एजेंसी**



• बोले- खुद करें चिंतन जनता क्यों नहीं जुड़ पा रही है उनके साथ

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।

फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक समाचार पत्र 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को कई अखबारों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर 'पोस्ट' साझा कर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था और यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में दोहराई जाएगी। राहुल के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बार हार स्वीकार कर लेना अधिक विवेकपूर्ण होगा। इस बात पर आत्मचिंतन करने की जरूरत है कि आप कहां गलत हैं, लोगों के साथ आपका जुड़ाव क्यों कम है और आपको इसके बारे में क्या करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए अपने बहाने तैयार कर रहे हैं। भाजपा, शिवसेना और राकांपा से मिलकर बने महायुति ने 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) वाले गठबंधन महाविकास आघाडी को हराकर भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।

### 2014 के बाद से मतदाता वृद्धि के आंकड़े बताए

पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनावों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि पर राहुल की आपत्ति का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि युवा मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, साल 2014 से 2019 के बीच 63 लाख नए मतदाता जुड़े; 2009 से 2014 तक 75 लाख नए मतदाता जुड़े और 2004 से 2009 तक एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इसका मतलब है कि 2024 में कुछ भी असाधारण नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2004 में विधानसभा चुनावों में लोकसभा चुनावों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक मतदान हुआ था।

# असम में बाढ़ से तीन और जान गईं, मृतकों की संख्या 26 हुई

**गुवाहाटी/रंगिया।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को भी सुधार हुआ और प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 2.59 लाख हो गई। वहीं, तीन और लोगों की मौत होने से इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।

ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं दिन में आंशिक रूप से बहाल हो गईं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि 11 जिलों के 32 राजस्व क्षेत्र और 741 गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 2,59,093 है, जिसमें बराक घाटी के तीन जिले श्रीभूमि (1,62,108), हैलाकांडी (51,663) और कछार (36,271) सर्वाधिक प्रभावित हैं।

# मणिपुर के लोगों के लिए प्रधानमंत्री असंवेदनशील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• जयराम रमेश ने कहा- चौंकाने वाली है पीएम की ये असंवेदनशीलता

कांग्रेस ने मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं फिर से सामने आने के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के लोगों का दर्द, पीड़ा और लाचारी अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि पिछले 24 घंटे में राज्य के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर फिर से हिंसा की चपेट में आ चुके हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए रमेश ने दावा किया, फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अकेले अपने दम पर बहुमत हासिल किया। लेकिन उस जनादेश के 15 महीने बाद तीन मई 2023 की रात से मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया गया।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों निर्दोष पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गये। हजारों लोग विस्थापित हो गए। पूजा स्थलों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चार जून 2023 को तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। उन्होंने कहा कि आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए बार-बार समयसीमा बढ़ाई गई है और उसे दी गई अंतिम समयसीमा 20 नवंबर 2025 है। रमेश ने कहा कि एक अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि राज्य में पिछले दो महीनों से संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

# दिल्ली: सूटकेस में मिला नौ वर्षीय बच्ची का शव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप, लोगों ने घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच की जा रही है।

नेहरू विहार निवासी बच्ची के पिता ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी समय तक घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदार से पता चला कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और लौट गई। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी। जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बताया, उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। वह उसे उसे शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### छातेन में फंसे 28 लोगों और 20 सैन्यकर्मियों को निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के छातेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट जाने से फंसे 28 लोगों और 20 सैन्य कर्मियों को रविवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर ने पहली बार में छातेन से 28 नागरिकों को बाहर निकाला, दूसरी बार में 20 सैन्यकर्मियों को पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतारा गया। एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने छातेन में तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए आवश्यक आपूर्ति भी पहुंचाई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की और तीन नाबालिगों सहित 28 आम लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4 .74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

# 26 रियल्टी कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति बेची

**नई दिल्ली।** भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड 2024-25 के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप), प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स और सिग्नेचर ग्लोबल हैं। निवेशकों की प्रस्तुतियों और शेयर बाजार से जुटाए आंकड़ों के अनुसार, 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में 20% से अधिक वृद्धि के साथ 1,61,722 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग या बिक्री बुकिंग की सूचना दी।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

# रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

# छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।



फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। • एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### निधीश ने टीएनपीएल में स्पार्टन्स को पैंथर्स पर जीत दिलाई

**कोयंबटूर :** निधीश राजगोपाल के अर्धशतक की बदौलत एसकेएम सलेम स्पार्टन्स ने रविवार को यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में सीचैम मदुरै पैंथर्स को छह विकेट से हरा दिया। स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को छह विकेट पर 164 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज एम मोहम्मद ने स्पार्टन्स की ओर से 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में स्पार्टन्स ने निधीश (60 रन, 41 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और आर केविन (नाबाद 48, 39 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 167 रन बनाकर जीत दर्ज की। पैंथर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ियों मुरुगन अश्विन और गुरजपनीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी।

# रिंकू सिंह संग सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई



क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। • एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** मशहूर क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज ने राजधानी में रविवार को रिंग सेरेमनी कर, उठने वाले कयासों पर विराम लगा दिया। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। एकसाथ हाथ ऊपर उठाकर अतिथियों की बधाई ली और जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सांसद डिंपल यादव समेत अन्य गणमान्य नेताओं ने स्टेज पर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। लखनऊ के सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं, जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार सदस्यों के साथ की अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ। बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था। इस दौरान सिक्योरिटी के भी खास इंतजाम थे।



रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। • एजेंसी

# इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

## फ्रेंच ओपन : पुरुष युगल के चैंपियन बने ग्रैनोलर्स-जेबालोस, जूनियर खिताब टैगर और मैकडोनाल्ड ने जीता

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।



विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। • एजेंसी



स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस ट्राफी के साथ। • एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

### म्यूनिख विश्व कप

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है।



इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान आराम फरमाते भारतीय खिलाड़ी। • एजेंसी

श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

## भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

### एफआईएच प्रो लीग

एम्स्टलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

• **विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता**

ताइपे सिटी, एजेंसी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

• **पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर**



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4.5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन, अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध व आतंक होगा प्रमुख मुद्दा

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ करेंगे वार्ता



नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को पुनः पुष्ट किया जा सके। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जयशंकर मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले मेडिटरेनीयन रायसीना डायलॉग के पहले संस्करण में भी भाग लेंगे। जयशंकर ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष काजा कलास से रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ साल में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है तथा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा से इसे और बढ़ावा मिला है। थिंक टैंक व मीडिया से बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में विदेश मंत्री बेल्जियम के नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है।, या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।




### बचाव के आसान उपाय

- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

### इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

### ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट

- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।



## एक नजर

### अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बराक घाटी के दो जिलों कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में पांच अवैध वध स्थल पाए गए।

### पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार को 2320 बजे पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था, जिसे शुरू में 47.83 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 116.02 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया था।

### अमेरिका में लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीज़ा समाप्त होने के कारण हाल ही में हिरासत ले लिया। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आइसीई) ने यूनिसेफ गुडविल राजदूत एवं लगभग 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स वाले लोकप्रिय टिकटॉकर को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था।

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। 'हिमालयन टाइम्स' में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गार्ड्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति



अमेरिका में लॉस एंजेलिस में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते सुरक्षाबल के जवान।

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।

### कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी, गंभीर

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में शनिवार को एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में खून से लथपथ उरीबे को कई लोगों द्वारा पकड़े देखा जा सकता है। संभवत: उनके सिर पर चोट आई है। अभी तक सीनेटर की हालत के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बोगोटा के मेयर कार्लोस गैलन ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है लेकिन संघीय सरकार ने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

### यूक्रेन पर सैनिकों के शवों को सौंपने में देरी करने का आरोप

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

रूस की सरकारी मीडिया ने रूसी वार्ताकार समूह के प्रतिनिधि लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर जोरिन के हवाले से कहा कि रूस ने सीमा पर विनिमय स्थल पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिकों के 1,212 शवों को पहुंचा दिया है और यूक्रेनी अधिकारियों से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। जोरिन ने कहा कि ऐसे संकेत मिले हैं कि शवों को सौंपने की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक स्थगित कर दी जाएगी। रूस और यूक्रेन ने शनिवार को एक-दूसरे पर युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली की योजना को खतरे में डालने का आरोप लगाया, जिस पर सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने की वार्ता के दौरान सहमति बनी थी। हालांकि, इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई थी। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि कीव ने शवों को सौंपने की प्रक्रिया को अंतिम समय में रोक दिया।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

- समुद्र के रास्ते नाव से निकली जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता



तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

### राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 5 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

### रिवर राफ्टिंग




गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी

### परमाणु केंद्रों के निरीक्षण को ईरान तैयार, दबाव स्वीकार नहीं : राष्ट्रपति

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने शनिवार को कहा कि उनका देश अपने परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह के दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। पेज़ेश्कियान ने यह बात कज़ाखस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुरात नुर्तलेउ से तेहरान में मुलाक़ात के दौरान कही।

यह टिप्पणी ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ताओं के संदर्भ में की गई, जिसकी जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियाँ पूरी तरह पारदर्शी हैं और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इसकी कई बार पुष्टि की है। कहा, हम निरीक्षण के लिए तैयार हैं, लेकिन ज्ञान, तकनीक और वैज्ञानिक उपलब्धियों से किसी देश को वंचित करना हमें स्वीकार नहीं है।

## दीदार

जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़



नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

### घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

### भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



वेटिकन सिटी, एजेंसी

कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।